अगम पंथ नर घरनि सुष । विलसत दंपति मीत ॥ छं० ॥ १४ ॥

साटक ॥ पंथं दुस्तर वाय मुकुलितसरं[१] ज्वाला दूला दुस्सहा ॥
क्रीलायां धन क्रयन थांइ सुथनं नजीव प्रब्दं धरा ॥
आवर्त्तं वर तत्त मित्त करनी धूमाय विदिसा दिसा ॥
सरनं मरनयं पंथ ग्रीषम पथं सुष्यं अष्टं प्राणिनां ॥ छं० ॥ १५ ॥

दूहा ॥ प्रानी पंथ न सुष्य जल । मरन सुनिस्चय मांन ॥
दीह उदय दिसि सुदय भय । सुरति स्वयंवर ठांनि ॥ छं० ॥ १६ ॥

पृथ्वीराज के साथ सामंतों का वर्णन ।

कवित्त ॥ सथ्य कन्ह चहुआंन । सथ्थि निड्डुर रषि राजं ॥
सथ्य सोम सामंत । अल्ह पल्हन प्रति साजं ॥
बलिय गरुअ गाहिलौत । बलिय भोंहा बर सिंघ नर ॥
दाहिमो कैमास सथ्य । सूरौ चावंड गुर ॥
मति भद्र मंति साधन सकल । जोहांनौ स्वांमित्त धुर ॥
चतुरंग सूर वय रूप गुन । लिए राज राजान गुर ॥ छं० ॥ १७ ॥

पृथ्वीराज की वारात की शोभा वर्णन ।

छंदपद्धरी ॥ चढि चल्यौ राज प्रथिराज राज । रति भवन गवन मनमथ्थ साज ॥
सिर पहुप पटल बहुसा पवास । अवलंब रहिय अलि सुर सुरास ॥
मुष सोभ जलज कंद्रप किसोर । दीजै सु आज न्रप कौंन जोर ॥
चिति काम बार रजि अंग और । सकस्यौ जान मनमथ्थ जोर ॥
जिम जिमति लाज अरु चढत दीह । लज्जा सुजांनि संकलिय सीह ॥

---

(१) कृ० को०–तर ।

नग मोती गष्ने अगन। गिरत न सुद्धि सम्हार॥
कांम उदरि कवि छोल उठि। दुति दरियाव वेपार॥ छं० ॥ ८० ॥

स्त्रियों का मंगल गीत और गाली गाना।

मंगल गावत कुंमकनि। कोकिल कंठी नारि॥
सुघर पुरुष जोवन छके। सुनहि सुचाई गारि॥ छं० ॥ ८१ ॥

दूलह दुलहिन का पट्टे पर बैठकर गंठ जोड़ा होकर गणेश पूजन करना।

परां बैठि पट गंठि गुह। पूजे प्रथम गनेस।
दुहु कुल चारि विचार कर। व्याही वांम नरेस॥ छं० ॥ ८२ ॥

नवग्रह, कुलदेवता, अग्नि, ब्राह्मण, की पूजा कर आषोच्चार होना।

ग्रहन पूजि, ग्रहदेव पुजि। पूजि अगनि दुज देव॥
साषोचार उचार धुनि। प्रसन भए नृप सेव॥ छं० ॥ ८३ ॥
चंद सूर तर्हां साषि दिय। बन्ह वाहन बुध वाइ॥
प्रोहित गुर उपदेस करि। वांम अंग तव आइ॥ छं० ॥ ८४ ॥

ब्राह्मणों का आशीर्वाद के मंत्र पढ़ना।

पढि संकलप विकलप तजि। भजि भगवति भगवंत॥
तम सु पाइ परसाद करि। चिर जिऔ दूंछिन कंत॥ छं० ॥ ८५ ॥

सलषराज का कन्या दान देकर विनय करना।

अब्बूपति पट गंठि चिय। विनय जोरि कर कीन॥
इह कन्या नृप सोम सुत। दासपंन पन दीन॥ छं० ॥ ८६ ॥

कान्ह चौहान का कहना कि जैसे शिव के साथ गौरी है वैसे ही यह होगी।

कही कन्ह तव जैत सम। मंडन संभरि ग्रेह॥
ज्यों गवरी सिव लच्छि प्रभु। त्यौं तन वाढो नेह॥ छं० ॥ ८७ ॥

जिम जिम सुनंत न्रप श्रवन बत्त। तिम तिम हुअंत रस काम रत्त।
मधु मधुर बेन मधुरी कुंआंरि। रति रचिय जांनि सेंसव सवारि॥
॥ छं० ॥ १८ ॥

स्लोक॥ साय दीपसमो दिष्टे। जैति जैति विजै जितं॥
देवासुर मनुष्यानां। काले केक न गच्छति॥ छं० ॥ १९ ॥

कवित्त॥ कोंन काल बसि पस्यौ। काल ग्रह कोंन न बंध्यौ॥
कोन काल जित्तयो। काल किंचि घाइ न रुंध्यौ॥
मठ बिहार वापीन। बिरष सुर थावर जंगम॥
सुवर राज राजिंद। कोंन दिष्यौ न अभंगम॥
ज्यां बंधयौ साहि गोरी सुबर। मरन तिनं कति नंतयो॥
दूंढनिय दृच्छ दृच्छा सुफल। सुबर बीर बीरह जयो॥ छं० ॥ २० ॥

साटक॥ बीरं जा बर बीर भीमनि बरं कामं तनं उप्पया॥
पंथे वानति वान मानति वरं कुरनंद केवं कुरू॥
धाता मानय बीर वामन बलिं पूरोरवा भर्थयं॥
तू पत्नी प्रथिराज कालनि रष्षं कालं जसं वर्तते॥ छं० ॥ २१ ॥

पृथ्वीराज का आते हुए सुनकर सलषराज का धूमधाम से अगवानी करना॥

कवित्त॥ सुनि आवत चहुआंन। करिय अग्गैान सलष बर॥
हय गय लच्छि सुअच्छि। आदि उम्मह्यिय राज दर॥
पट अंबर रुजराव। जेब नंगन जगमग्गिय॥
फुल्लिय मानहु संझि। चित्त चकचोंधिय लग्गिय॥
चहुआंन रत्त तोरन समय। लगन गोधूरक संधयो॥
जांनै कि अर्क राका दिवस। इक्क थांन उगि रुंधयो॥ छं० ॥ २२ ॥

दोनो राजाओं की सेना के मिलने की शोभा का वर्णन।

जिम सावन भादव सिंधु। घुमरि घन घटा मिलत दुअ॥
जनु समुद्र अरु गंग। उमडि मिलि दुहुंन सोभ हुअ॥
जनु सुर अरु सुक्र। सिंगि रिषि गननि गगन मिलि॥
जनु दधि मथि सुर असुर। करन मधुपांन विभिर ठिलि॥

लग्न साधकर तब राजा का ज्योनार करना।

लगन साधि आराधि नृप। पुनि ज्यौंनारि जिवाइ ॥
छ रस अंन अंतन लहै। क्यों कवि कहै बनाइ ॥ छं० ॥ ८८ ॥

ज्योनार के पकवानों का वर्णन।

अगनि पक्क घृत पक्क कर। दूध पक्क वेपार ॥
तेल पक्क लपियै नहीं। जहं तहं लूट अमार ॥ छं० ॥ ८९ ॥

छंद भुजंगी ॥ रहस्यं रहस्यं अनेकांन भंती। घनं जोति मिष्टांन पानं प्रभंती ॥
उडंदं पुडंदं गुडंदंति मासं। किते व्रंन प्रंनं किते वीर भासं ॥
किते स्वाद स्वादं प्रथी देव वंछे। तहां केवलं व्रंनि आवर्त्त गंछे ॥
मरे एक वारं सितं षंड मद्धी। दिषे स्वाद राजं चन्नै देव वंधी ॥ छं० ॥ ९० ॥
घनं अंमरं डंमरं दिसि प्रमानं। उठै जब तीनौ सुगंधं निधानं ॥
अँगं अंग अंगं सलप्पत नारी। महा लालचै काम वसु भो निनारी ॥
हथं लेव राजं सुदंपत्ति वंधे। मनों मिस्स अग्गें गुरं चित्त संधे ॥
वधें अंचलं संचलं इन प्रकारं। मनों वंधियै मैंन मनमथ्थ धारं ॥ छं० ॥ ९१ ॥
लियौ हथ्थ राजं चिया हथ्थ सोहै। मनों पैसि सत पष कंमोद सोहै ॥
जनं अंग अंवं वरं माहधारी। मनों काम अग्गं जु विद्या पसारी ॥
कितं कित्त राजै नरं नाह नारी। मनों जीवनं काम लज्जी उघारी ॥ छं० ॥ ९२ ॥
परं पुब्ब कथ्थं कथी कब्बि चंदं। रही लजि मनों रत्ति फिरि दहन दंदं ॥
दियै तिलक दद्धि अछि अक्षत सारे। मनों उग्गि अंकूर सुष सेन भारे ॥
दिषे कंकनं हथ्थ चहुआंन राजै। मनों रत्ति वंध्यौ दई छाप छाजै ॥
रहै एक ग्रेहं घरी अद्ध भारे। तहां वेद मंत्रं दुजं जा उचारे ॥ छं० ॥ ९३ ॥

कवित्त ॥ सुभत वीर तन तांम। बाल राजै दिसि वामं ॥
मनहु मुत्ति पहिचांन। रत्ति वंधी कर कांमं ॥
अति सोभा सोभई। चंद ओपम तहं वर वर ॥
मनों मकर मकरेस। आय चंपाई अप्प घर ॥
सज्जे सुरत्ति मनमथ्थ वर। कै इंद्रानी इंद्र परि ॥
संप्रति लच्छ लच्छिय सुबर। संपति तन सज्जेउ बर ॥ छं० ॥ ९४ ॥

दूहा ॥ वर सोभे वर राजपति । त्रिय दच्छिन छत वांम ॥
मनों व्याह पूरन करै । सुत्रिन बीरतम धांम ॥ छं० ॥ ९५ ॥

पृथ्वीराज के विवाह का वर्णन कविचन्द अपनी सामर्थ्य से बाहर बतलाता है।

परनि बीर प्रथिराज वर । बहुत कहै रस जोइ ॥
कवि धर वरनत नां बनै । वर भूपन तिन गोइ ॥ छं० ॥ ९६ ॥

नव दुलहिन की शोभा का वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ लज्यातिं मांन गुन ग्रब कटाक्ष । अल्प पढति जलप सुलपढ सुलाक्ष ॥
भोर भर अभय भय सील नील । सरसात पिंम रस पिंम चील ॥
गुंजंत ग्रांम सोभित कुआंरि । तिहि हरत हरनि मनमथ्थ रारि ॥
तन सात नितंबनि तई प्रमान । बर हरैं बरनि पिय लटि प्रमान ॥
सित असित सुहत कटाक्ष वान । शृंगार मध्य भूषन रसाल ॥
रस रास मध्य शृंगार होइ । संकर सुभाग उप्पनै लोइ ॥ छं० ॥ ९७ ॥

साटक ॥ कामं जा गढोइ लज्ज गढने भय भ्रत्त भय कोटकं ॥
घू घट्ट पद् डोढि वानति वले ऊधी सुकागक्ष रसे ॥
जातिं जात न जासि जोगित वरं भंजे मनं विभ्रमं ॥
नां दीसंत गता गतेस सैनं द्रग्गं चलं निश्चलं ॥ छं० ॥ ९८ ॥

छंदचोटक ॥ वरनं गुरु अच्छिर अंति पयौ । इति तोटक छंदय नाग गयौ ॥
स्त्रिय नाग सुबद्दिय बाहनयं । पग पत्ति विपत्ति सुगाहनयं ॥
बरनं बरनं बरनीन कथं । सु चथ्या जनु मेघ प्रथंम रथं ॥
प्रग अंचल चंचल बाल ढंके। तिहि कांम बिरामन बांन थके ॥छं०९९॥
नव बास सुनूपुर सद्द गुरं । न्टप आगम जाइ बधाइ धरं ॥
गज ज्यों मनमत्त जंजीर जरी । क्रम निठ्ठुन निठ्ठय पाइ भरी ॥
दस पंच सषी न्टप पास गई । ति मनों सुप श्रीफल हाथ दई ॥
करुना तिसुची रस भैार सता। श्रम भै अभिलाष रु ग्रब्ब जिता छं०॥१००॥
न्टप पुठ्ठ मुषं अवलोक करै । सु मनो धन रंक विलोकि गुरै ॥

अथ मुगलजुद्ध प्रस्ताव लिष्यते।

(पन्द्रहवां समय।)

इंछनी को ब्याह कर लाने पर मेवात के राजा मुदगल का पूर्व वैर निकालने का विचार।

दूहा ॥ प्रथीराज राजन सुबर। परनि लच्छि उनमांन ॥
दिसि मुग्गल संभर धनी। वैर पटक्यौ प्रान ॥ छं० ॥ १ ॥
वैर पटक्यौ पुब्बवर। मति मंची मेवात ॥
बर उद्दित संभर धनी। अरत वीर भय गात ॥ छं० ॥ २ ॥

मेवात राज का विचारना कि रास्ते में पृथ्वीराज को मारना चाहिए।

कवित्त ॥ वैर पटक्यौ पुब्ब। करिय सोमेस सुराजं ॥
सो आनें सोमेस। तात मुग्गल भजि काजं ॥
सारंग वैर सारंग। देषि कढ्यौ तिन बेरं ॥
सो संभरि प्रथिराज। मत्त बढ्यौ धर वैरं ॥
घम मत्त मत्त गुरजन कहै। सर्व वेर लज्जी अवन ॥
प्रथिराज राज काटन मनै। निचित पंथ कीजै गवन ॥ छं० ॥ ३ ॥

यमुना की एक घाटी में मुगलराज का छिप रहना।

चित्त मुग्गल चिंतयौ। राज प्रथिराज वैर वर ॥
मद्धि थांन मेवात। रह्यौ चंपे सुढिल्लि धर ॥
ढिल्ली वै बर धाम। सुपल्ल अंगन मेवातं ॥
तत्त मत्त उप्पन्नौ। वीर वीरा रस गातं ॥
मुगल नरिंद मेवात पति। कूच राज चिंत्यौ सुबर ॥
बहच सुएक जमुना विकट। सुघट घाट औघट नयर[1] ॥ छं० ॥ ४ ॥

---

(१) ए० को०—औघटन पर।

ति कंद्दी न बनै कविचंद कथा । सु लजै रसना अरु वीर जथा ॥
सुकछूक कहौं दिठि क्रंम क्रमं । सुमनो मनता बरनी न स्रमं ॥ छं० १०१ ॥

प्रथम समागम का वर्णन ।

दूहा ॥ औन सैन रति मैन सय । प्रथम समागम बाल ॥
नेह देह दुअ एक हुअ । परे प्रेम रस जाल ॥ छं० ॥ १०२ ॥

गाथा ॥ इत्तं सुष्य गनिज्जै । लज्जीजै जोहयौ कव्वी ॥
ज्यों वारिज विपनं मभ्भं । सुभ्भै ना यहि गरुआयं ॥ छं० ॥ १०३ ॥
मूलं वर मकरंदं । विजी पुर पाई सुंदरी वीयं ॥
मालचि दंपति वासं । चाहुआनं धीरयौ पत्ती ॥ छं० ॥ १०४ ॥
जंभ्रम भ्रमैति चित्तं । आवै नट्टेय ग्यांनयं चितयं ॥
जंभ्रमि भ्रमि सह रूपं । अवलोकं इक्कनी करियं ॥ छं० ॥ १०५ ॥
इक्क जगी विस बाले । काम भयंक पयौ द्रिगयं ॥
जानिज्जै गम सैसं । नैनायं जोग व सनायं ॥ छं० ॥ १०६ ॥
उअर उरोजति सद्दे । वुड्डी बालाय दिठ्ठयौ नैनं ॥
कुच तुक्क अंकुर उट्टे । मनों प्रीतम विस्राव हीयौ चढयं ॥ छं० ॥ १०७ ॥

चौपाई ॥ नैननि प्रथम प्रमांनिय पुव्व । सेवालय रोमावलि रुव्व ॥
अग्गानय जोवनति कुंआर । अब जांन्यौ सैसव चलि भार ॥ छं० ॥ १०८ ॥
इहिविधि मत्त गत्त भय रजनी । बाल लता वल्हम गहि सजनी ॥
यों डग मग सुंदरि विरुझाई । ज्यों वेलिय अवलंब लहाई ॥ छं० ॥ ०८ ॥

दुलहिन को लेकर दूलह का जनवांसे में आना और हाथी घोड़े धन आदि लुटाना ॥

दूहा ॥ पांवारी प्रथिराज वर । पुनि जनवांसे जाइ ॥
एक सहस हय हथ्यि भर । दीने तुरत लुटाइ ॥ छं० ॥ ११० ॥
होत प्रात जग्गिय सलष । भंति अनेक तिभोग ॥
जुककु देव देवंस मति । सो लभ्भै नहिं लोग ॥ छं० ॥ १११ ॥

छंद भुजंगी ॥ सुइंदं सुइंदं सुइंदंति राजं । सुतौ देषियै कोटि कोटेक साजं ॥
लषं लष्ष भाइं नटं नट्ट रागं । मनो देषियै यंद ग्रहग्रहेन आगं ॥

पृथ्वीराज के डेरे में कैमास को छोड़ सब का सो जाना, कैमास का उल्लू की बोली सुनना।

छंद माधुर्य ॥ जग जोति जिंगिनि निसि अभिंगिनि रत्त रत्तति अंबरं ॥
सामंत सूर सुथांन निद्रा भ्रमित क्रोध सुउत्तरं ॥
अति चतुर चिंतय समुद मित्तय कित्त चिहु चक विस्तरी ॥
कैमास जग्ग रु सकल निद्रा बीर सर सुअंमरी ॥ छं० ॥ ५ ॥
आवत्त रत्त रुहंग नील रु थान पुव्वय उत्तऱ्यौ ॥
संनाह स्वामि नरिंद नामय कव्वच कित्तिय विस्तऱ्यौ ॥
बोलि घूघू अ साद दीविय मच्छनी[1] सुर उफ्फस्या ॥
इह सुनि रु सूरं धरि कछरं बीर बीरह उच्चस्यौ ॥ छं० ॥ ६ ॥

कैमास का बाईं ओर देवी को देखना।

कवित्त ॥ बर निड्डुर राठौर। राज सूतौ ढिग बीरं ॥
और सव्व सामंत। पास कैमास अधीरं ॥
नद वेहड बंकट सु। भ्रमत आषेटक आइय ॥
क्रोध सजल उच्चरिय। सद्द मोदें तन छाइय ॥
मत्ते सुभ्रमर पत्ते सुग्रह। पग बंधे निद्रा ग्रहिय ॥
जग्गै न कोइ जाग्रत सुभ्रित। वाम दिसा देवी लसिय ॥ छं० ॥ ७ ॥

देवी की बोली सुनकर कैमास का गुरूराम पुरोहित से सगुन पूछना, पुरोहित का कहना कि इसका सगुन चंद से पूछिए।

बोलत देवी सुनिय। जगि निड्डुर नृप पासं ॥
राज गुरू जग्गाय। बोलि मंत्री कैमासं ॥
राज गुरं दुज राम। वलिय बंभन अधिकारिय ॥
सार सिंध रन द्रोन। तेन भारथ भर भारिय ॥
कवि चंद बोलि चाचिग मद्दर। सगुन संधि सज्जिय लगन ॥
आवै न मंच मंचीय घन। सुबर चिंत अघ्घिय अगन ॥ छं० ॥ ८ ॥

---

(१) को०—सनी।

जिते तार झंका नखे निनारे। मनों देषियै भांन ससि लप्प तारे॥
सुभंगं सुतालं मृदंगं बजावै। हषा हूह स्तुगं सुगंधर्व गावै॥ ११२॥
घनं पक्ष पांनं समानंत नेहं। करै प्रथिराजं अप अप्प देहं॥
करै राज राजं सबै व्याह काजं। मनों दिष्पियै राज सूजग्य साजं॥
धरे अग्ग राजं छिती छत्र जोरी। मनों उन्नयौ मेघ आषाढ कोरी॥
फिरै दास भारी वुल्लै राग वैनं। मनो नभ्यसी मास कै बीज गैनं॥ ११३॥
वजै ग्राम नारी छतीसों सुरागं। मनो बोलयं मोर आषाढ गाजं॥
वजै घुघ्घ नारियं रंग भारी। मनों दादुरं जोति मनमथ्थ सारी॥
रंगे कासमीरं सबै वस्त्रधारी। किधों बद्दलं रंग कै मृघन गारी॥
किधों इंद्रवद्धू चढ़ी नीर धारा। किधों राज वासंत भूपालवारा॥छं० ११४॥

दूहा॥ गति चिजांम भय प्रातवर। इह मनुहार प्रमांन॥
बर दिष्यौ चहुआंन न्टप। रत्ति काम उनमान॥ छं०॥ ११५॥

गाहा॥ रत्ति काम दुअ दाहं। कै दुःपंकरी कत्तरी बाले॥
सो इंछनि पांवारी। लभ्भी नृप मुत्तिका रूपं॥ छं०॥ ११६॥

छंद चंनुफाल॥ इति मुकति सकति सकोर। जिन लभि न पारस चोर॥
जिन कांम बांन झकोर। गुन मुदित मुदित सथोर॥
चित मित्त मित्तह जोर। मनों उदय निषचन चोर॥
सुष जुगति भुगति उपाय। का करिहि मुक्ति अभाइ॥ छं०॥ ११७॥
सुष करन दिन प्रति जीह। दिन सुफल घरियति ग्रीह॥
प्रति राज राजन जोर। पाषार सलषति ओर॥
मनुहार मंडित थोर। न्टप चलन ग्रेह सजोर॥
है गैति रथ बर वाजि। न्टप दए दांन विराजि॥ छं०॥ ११८॥

दहेज में सलषराज का बहुत कुछ देकर भी संकुचित होना।

कवित्त॥ सहस एक रथ साजि। दासि बिय तिपति इक्क मधि॥
इक्क इक्क करि सथ्थ। किरनि पंचो प्रति प्रति बधि॥
सौ हाथी इह भांति। माल मुत्तिय उतंग वर॥
लक्छि पटंबर अंग। दए राजिंद राज गुर॥

साटक ॥ जे मत्ताने मत्त कारन वरं पुद्धं न्रपं प्रानयं ।
जस्या सस्त समस्त अस्त कुंभकं सुयसं समुद्रं वरं ॥
निर्घोषं यमयाय धारन धरे विद्याधरा उद्धरं ।
सायं सो प्रथिराज वैरन वरं सोमेस निय अग्गियं ॥ छं० ॥ ९ ॥

चंद का पृथ्वीराज के वंश की पूर्व कथा वर्णन कर मेवातियों के साथ वैर का कारण कहना ।

छंद पद्धरी ॥ न्र वस भट्टग आना नरिंद । दस पुत्र भय गति न वैर कंद ॥
चहुआंन नाम चहुआंन वैर । वीसल कुलान उप्पने नैर ॥
आदत्त वीर ढुंढा सुरप्पि । तिहि वंस भट्टग चहुआंन सप्पि ॥
जैसिंघ देव तिहि वंस वीर । धरि करिय अट्टर जज्जर सरीर ॥छं०॥१०॥
दोस्यौ जु वीर संभरि सुइंत । पट्टन प्रभास अरि हस्यौ कंत ॥
छंडाय सव्व मेवात भुम्म । आदत्त जुद्ध मंडयौ ह्रम्म ॥
तिहि वंस भयौ सोमेस सार । जंभए वीर परवत विधार ॥
उत्तस्यौ जाइ जंगल सुदेस । गहिया नरिंद भंजी प्रवेस ॥ छं० ॥ ११ ॥
विप्पान मग्ग जिम हुन उचीर । साधयौ जुद्ध किय सुद्धि धीर ॥
तिन पाट प्रथि प्रथिराज तप्पि । आबू नरिंद पावार थप्पि ॥
जस जाति भूमि अरु भर सदंद । मुग्गल मयंक तारका चंद ॥
ढंढोरि वैर पल करिय पंग । पारस परिय साइर अनंग ॥ छं० ॥ १२ ॥
तिहि वेर जग्गि मुग्गल नरिंद । जंपयौ वीर कविचंद छंद ॥
इह कहिय राज निद्रा असीय । चिंता न राज चिंता बसीय ॥
चहुआन वीर वर सोमनंद । तिन तेज नन्न मानों रविंद ।
निसि सेन श्रैन अवनी अनंग । फुनि कील केलिनि सिप्प रंग ॥छं०॥१३॥
भो प्रात भांन झलमल्यौ अंग । फुल्लेति कमल उडि चले भ्रंग ॥
कुल छैल चोर मन भए पंग । इंभार सव्द गो करि उतंग ॥
द्रुम द्रुमनि रोर पंषिय करंत । करैं क्रम सुभ्भ रव सुद्ध संत ॥
चकीय चक्क करि मिल्लिय रंग । भगि रोर चोर चय मन अनंग ॥छं०॥१४॥
ऊघरे पूज देवद्द कपाट । जग्गेति विप्र वर क्रंम घाट ॥

इतनौ देत सकुच्यौ न्टपति। तौ दिनता चरनन गद्दिय ॥
प्रथीराज राजन सुबर। सलप फेरि चल्यौ समिय ॥ छं० ॥ ११९ ॥

पांच दिन तक सब जातियों को भोजन कराया गया।

दूहा ॥ पंच दिवस च्यारौं बरन। भुजत अंन अपार ॥
छरस अंन छह रितिन सुष। अब्बू वै आचार ॥ छं० ॥ १२० ॥
पलकि[1] चार अचार करि। समद करी सब सथ्थ ॥
है हथ्थी जर कस वसन। को कवि वरनै कथ्थ ॥ छं० ॥ १२१ ॥

बारात की विदाई का वर्णन।

छंद पद्धरि ॥ पहिराइ राइ पावार सथ्थ। नह बुद्धि बरन वर विविध कथ्थ ॥
इक करी सत्त हय सोम राइ। औराक जाति जे पवन पाइ ॥
सिर पाव पंच जरकस पसंम। सूत रूपोत रेसम नरंम ॥
सोइ विदा कीन दूलह वनाइ। जमदार सोंपि संभरि गनाइ ॥ छं० ॥१२२॥
कलधूत कलस दस गढ़िन हथ्थ। इक उंच कुंडि जल न्हांन सथ्थ ॥
दस थार कनक प्रतिविंव सूर। वाटका वीस विश्र अभुत नूर ॥
ता सक्क पंच दुव मनह थार। वाजौठ एक हिम जटित लाल ॥
पालकनि हेम रेसम निवारि। अनि ठांम नंन्द को लहै सार ॥ छं० ॥१२३॥
कठ लोंनि वीस सोवन मटाइ। पल्लांन ऊच दावन चढ़ाइ ॥
मन बीस पंच इह सोज श्रव्व। जिन कोय करौ छिचीस ग्रव्व ॥
दुश्र हथ्थि साजि मांझे जिजीर। रूपेन साज सज्जे वजीर ॥
हँडवाइ बीस मन साजु सुद्ध। उज्जल रज रजक्क जनु उफनि दूध ॥ छं० ॥ १२४ ॥
दस सहस हेम दासीन संग। तिन देषि रंग रँभ होत भंग ॥
सामंत सत्त इक रस्स अग्ग। पहराइ तिनह न्टप नमिय पग्ग ॥
इक तुरी जात औराक थांन। अग्गीय अंग पग पवन मांन ॥
इक इक्क वटुश्र मालाति इक्क। मुद्रकी इक्क इन पुहचि किक्क ॥ छं० ॥१२५॥
सिर पाव उंच सरकस[2] अनूप। तिन दिष्षि होत हैरांन भूप ॥

---

(१) कृ० को०—पालिका।

(२) कृ० को०—जरकस।

उच्चरहि वेद वा नीति चंग । न्रंमल प्रवाह जनु जलह गंग ॥
बहु भंति क्रंम आचरत लोइ । बंदैति पुज्ज गुरु देव दोइ ॥
आभंन पुहप असनांन दान । मंडै सुजन नर थांन थांन ॥ छं० ॥ १५ ॥

सबेरे उठकर पृथ्वीराज का अपने सामंतों के साथ शिकार के निकलना ।

तब जग्गि नंद सोमह कुमार । अनभंग अंग अरि कुल पयार ॥
कैमास बोलि सामंत सूर । चढि चल्यौ राज आषेट दूर ॥

मुगलराज का आकर रास्ता रोकना ।

इत्तनै होत बज्जी अवाज । मुग्गल सु आइ करि सकल साज ॥
रुक्केति पंथ गिरि कंठ ठेर । मग्गयौ आंनि तिन पुव्व वैर ॥ छं० ॥ १६॥
संभरिय वैन सामंत नाथ । ज्यौं सुन्यौ वैर लगि सीस माथ॥ छं० ॥ १७॥

तुरंत पृथ्वीराज का शत्रुओं के बीच में घुसना, मानो बड़वानल समुद्र पीने के लिये धसा हो ।

कवित्त ॥ बढि अवाज गिरि गाज । राज भय अंग न आनिय ॥
ज्यों कमल पांनि जोगीनि । कुंभ चीकट जिम पानिय ॥
मूढ मत्त गूंगं सवाद । मांन कल तंत सूर भय ॥
यों सोमेस कुमार । दिषि षिन वट अंग तय ॥
करि मिलह अंग है तेज करि । कढिह वाग कढ्ढी असिय ॥
जाने कि पियन सागर जलह । वडवानल मध्ये धसिय ॥ छं० ॥ १८ ॥

पृथ्वीराज की वीरता का वर्णन ।

भो वडवानल राज । समुद सोषन मैवाती ॥
भो वडवानल राज । जांनि रषि अंजुल घाती ॥
भो वडवानल राज । मोह वित रागत सो सो ॥
भो वडवानल राज । ज्यों दोस अदोस स दे सो ॥
प्रथिराजन जांनिय मान तप । मद्दन रंभ बंक्के वलह ॥
ज्यौं बंक्के अवधि सुंदरि पिया । त्यों कलहवंत बंक्के कलह ॥ छं० ॥ १९॥

वंभन बनंक कायस्थ संग । पसवांन लोग जे रविक अंग ॥
लघु दिग्घ और असवार पाल । करि सुमन सब्ब अब्बू भुआंल ॥
पंच से सोम रनिवास नांम । रेसंम सूत गनि पंच ठांम ॥ छं० ॥ १२६ ॥
सब चर्प सचित समदे नरेस । सजि चले सुभट सब अप्प देस ॥
इंछनिय मद्धि पिथ बैठ ढाल । गज गाह घुरें दुहुं अंग भाल ॥ छं० ॥१२७॥

बारात का विदा होकर अजमेर की ओर चलना ।

दूहा ॥ चल्यौ व्याहि संभरि धनी । मंगन भए निहाल ॥
पुहु चावन घन संग भए । न्रपगुन चवें रसाल ॥ छं० ॥ १२८ ॥
पंच कोस परथिथ्थ कहु । विदा मंगि अबु ईस ॥
और देन तुम सोभ कह । कांम तुम्हें हम सीस ॥ छं० ॥ १२९ ॥
नवमि मंडि बहुरे घरह । वे सज्जे अप देस ॥
न्रपति व्याह दुअ रस रह्यौ । हिम गिरि जांनि महेस ॥ छं० ॥ १३० ॥
आरिज आरिज सलप तें । इंछनि इच्छा पूरि ॥
भुअ मंडल मंडित दिनह । सिर दधि अच्छित जूर ॥ छं० ॥ १३१ ॥
चलन राज प्रथिराज वर । वरनिं पत्त वर राज ॥
मद्धि अमोलक सुंदरी । डोला सठ्ठिन साज ॥ छं० ॥ १३२ ॥
यों आयौ नृप ग्रेह वर । सुनि अवाज चिय कांन ॥
मानों बीर दुहाइयां । कांमहि नंपन वांन ॥ छं० ॥ १३३ ॥

बारात के अजमेर पहुंचने पर मंगलाचार होना ।

कवित्त ॥ सोमेसर संभरिय । राज आवत प्रथिराजह ॥
है गै रंभ सुसाज । इंद चहयौ लष साजह ॥
कोटि कोटि मनु इंद । इंद दिष्पो इंदासन ॥
एक एक दंपतिय । बरह बंधे विधि साजन ॥
दुज मानं वेद मंगल चिथह । मुत्ति अछित वंदहि सुबर ॥
नृप मौर सुष्प मुत्तिय लगहि । सो ओपम कविराज धर ॥ छं० ॥ १३४ ॥
अरिल्ल ॥ लगत मुत्ति नृपति सुपतिं सुप वरं । मांनों भानं* उनग्रेह सुतारक ऊवरं ॥
मिलि सो फिरि चलहि ससिंगन भांन कों । मांनहु लपद्दै जांनि आनै आंनकों ॥
छं० ॥ १३५ ॥

दूहा ॥ कलह कूर बढ्ढिय निजरि । भयौ समुद्द अरि सैंन॥
बा वारौ मंगै न्रपति । हथ्थ जोरि मति दैन ॥ छं० ॥ २० ॥

कवित्त ॥ कितक बत्त मेवात । राज मेवात पत्त कह ॥
ता उप्पर चहुआंन । नेग बंधै सु राज हह ॥
मुक्कि बलिय कूरंभ । मुक्कि सारंग चालुक्कह ॥
हूक्क हूक्क सामंत । रांचि मारन न हथ्थ कहि ॥
नृप होइ जुद्ध सुरतांन सों । कैपंग राग संभ्भौ लरै ॥
गामी गवार मैवात पति । राज राज सम्हौ भिरै ॥ छं० ॥ २१ ॥

दूहा ॥ नृप कुहन बर हुकम मुष । दिठ्ठाही धावंत ॥
बर मुग्गल सामंत रन । दल दारुन गाहंत ॥ छं० ॥ २२ ॥

युद्ध का वर्णन ।

छंद रसावला॥ बोल बुल्ले घनं । स्वामि सद्दे रनं । लग्गियं सग्गरं । धार धारं धरं ॥
रोस लग्गै जदं । सिंघ मद्दे मदं । बीर बीरं बरं । ओघ नचै घरं ॥छं०॥२३॥
सार सज्जे हसे । बज्र बज्जे जिसे । सार अग्गें भिलें । रुक रूंडं पिलें ॥
रंग रत्ते रनं । कंक प्रत्ते मनं । नाग बज्जौ जुरं । मेघ गज्जै घुरं ॥ छं० ॥२४॥
टूक तुट्टे पगं । विज्जु वालं लगं । तीर कुट्टे हसे । रत्ति तारा जिसे ॥
सार उड्डे रनं । भद्द ज्यों जिंगनं । प्रार मत्तो भरं । कव्वि जोई सरं ॥ छं०॥२५॥
पिथ पंथं बरं । लोह लग्गे लरं । कन्ह एकं अपं । अग्गि पीए षपं ॥
काल जित्ते ननं । मेंटि आवा गमं । काल जित्ते निते । अभ्भ योंचो मिते॥छं०॥२६॥
सूर सूरं ६रं । ठांम लद्धी नरं । मित्त हत्ती रनं । रिंन कुट्टे ननं ॥
हथ्थ कित्ती कियं । बंध कुट्टे जियं । क्रंमनासा नदी । अंम कीने सदी ॥ छं० ॥२७॥
धार धारं धरं । बीर भज्जै भरं । कालकूटं करं । जम्म जुद्धं बरं ॥
बीर मत्ते परं । रुक रुक्के धरं । लोह लग्गे नरं । तार बज्जे हरं ॥
कंक जित्ती जिनं । क्रंम भज्जे तिनं । लाज सिंधू गिरे । बीर बीरं तिरे ॥छं०॥२८॥
जोति सद्धी गनं । सिद्द पुज्जै बनं । मुष्प मुच्चै ननं । धार मुच्ची घनं ॥छं० ॥३०॥

कवित्त ॥ सोलंकी सारंग । जंग जंमिन मुष लग्गिय ॥
हय गय भर उद्धार । आनि मुग्गल मुष पग्गिय ॥

दूहा ॥ बंदि लियौ बरनी सुबर। चिया हेत लजि गांन ॥
मांनों वैसंध सुंदरी। चलत समप्पत दांन ॥ छं० ॥ १३६ ॥

शुकी के पूछने पर शुक का इच्छिनी के नषशिष का वर्णन करना।

बहुरि सुकी सुक सों कहै। अंग अंग दुति देह ॥
इंछनि अंक बर्षानि कैं। मोहि सुनावहु एह ॥ छं० ॥ १३७ ॥

छंद हनूफाल ॥ घन धवल गावहि बाल। मनमथ्थ तिथ्थ विसाल ॥
बहु फुल्लि केवर फूलि। बग वैठि पावस भूलि ॥
घन धवल दै मनमथ्थ। आनंद अंगनि सथ्थ ॥
जनु रंक पाये दव्व। नल नलन नीर चहव्व ॥ छं० ॥ १३८ ॥
धर धार गंग किं उठि। फिर नभ्भ परसि अपुठि ॥
बट बिटप बेलिय झुल्लि। ग्रिह बाग तरु कुच झुल्लि ॥
नृप परनि पुचि पवार। जनु जुबन सैसुब रारि ॥
इह रूप राजित देव। इन्द्र इन्द्रनी अहमेव ॥ छं० ॥ १३९ ॥
सोइ सलष राज कुंआरि। नृप लसी ब्रह्म सवांरि ॥
लहि लच्छि पूर सहज्ज। व्रत नाथ व्रत करि कज्ज ॥
कविराज ओप प्रकास। आवै न कोटि विचास ॥
सिष नष्य व्रंन सुरत्त। किम करय मंद सुमत्त ॥ छं* ॥ १४० ॥
जगि रंग जोबन जोर। ससि बिलसि वयक्रम थोर ॥
बर उदै गुन बर गौर। वै स्यांम राजत और ॥
बनि केस देस सुवेस। कवि कहत उप्पम तेस ॥
चढि मेर नागिन नंद। ससि गहत संमुष फंद ॥ छं० ॥ १४१ ॥
उपम्म कवि कहि वाम। जुब्बन तरंग अगि कांम ॥
पाटीय चकचुंधि होइ। सिसि परह उठि घट दोइ ॥
लिलाट आउ प्रकार। मनमथ्थ अंगन थार ॥
तिन मद्धि मुत्ति तिलक्क। कवि कहत ओपम थक्क ॥ छं० ॥ १४२॥
हरि कठिन गंगय मांन। ससि भेद ग्रस चलि जांन ॥
कविराज ओपम दीय। दक्कि पुचि ससि मिलि हीय ॥

भर हनि जुट्टिय मुष्ष । तेग लंबी उभ्भारिय ॥
घम घरियारे घत्ति । लत लोहा करि भारिय ॥
सम रंग सार टिभ्भिझ्य पष्षर । गहन इक्क मचौ सघन ॥
मुगल नरिंद चहुआंन भर । अंग अंग सध्यौ नयन ॥ छं० ॥ ३१ ॥

दूहा ॥ कायर मुष अैसे भए । ज्यौं चित पुत्तल पौन ॥
सूरन मुष अैसे भए । ज्यौं नष सुंदरि जांन ॥ छं० ॥ ३२ ॥
असिन असित दोइ बीर है । ता पट कैंवर अंन ॥
ज्यों जानै तन संग्रह्यौ । बर भारथ्थें कंत ॥ छं० ॥ ३३ ॥

मुगलराज को चारो ओर से घेर कर बांध लेना ।

छंद पद्धरी ॥ उतरिय घाट पलेट सुबीर । पत्तेति सूर सामंत तीर ॥
घेर्यौ सुराइ मुग्गलय राज । गिरवर कि सिंघ ग्रज्यौ अगाज ॥
जानैं कि विंट तारक मयंक । संकन निसंक गहि षग्ग बंक ॥
रुक्कंत सूर सामंत सत्त । बल घट्यौ राज मेवात पत्त ॥ छं० ॥ ३४ ॥
उप्परिन हथ्थ हथियार छुत्त । बिन नेह पिया मनुहार पत्त ॥
अंगन अनंग तन में छिपाइ । रहै म्लून मनह तन ज्यौं लुपाइ ॥
बंध्यौ सुराज मुग्गन नरिंद । छंडाय सत्त भारथ्थ इंद ॥ छं० ॥ ३५ ॥

मुगल को कैद करके इंछिनी को साथ लिये पृथ्वीराज आनंद से घर आए ।

कवित्त ॥ बंधि राज मुग्गल नरिंद । जिति अप्पथान संपत्तिय ॥
देस देस अनगेस । कित्ति मुष्ष मुष्षन कहिय ॥
रिन अड्डौ अरि अंग । षग्ग कोइ षंतिय पावै ॥
जस बंध्यौ सिर मौर । व्याह दल दुज्जन आवै ॥
आषेट करिव अरि निग्रह्यौ । इंछिनि रत्तौ हंस सर ॥
कलि केलि रमै कामिनि कमल । मनों मनमत्तौ भिंग भर ॥ छं० ॥ ३६ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथीराज रासके मुगलकथा वर्णनं नाम पंचदशमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १५ ॥

तिन मध्य म्रग मद व्यंद । कवि जंपि उप्पम छंद ॥
ससि उडत मद्धि कलंक । वर चत्त अंकच अंक ॥ छं० ॥ १४३ ॥
लच्छिन्न चरि तन ताच । ससि थांन वैठौ राच ॥
अति चलत चपलच भौंच । कवि कचत उप्पम सौंच ॥
ससि धरत ज्रूप सु ऐंन । निचि चलित चक्रित नैंन ॥
मन धरत उप्पम ध्यांन । अभि संधि अलि सुत जांन ॥ छं० ॥ १४४॥
वर वाल नैंन झकोर । ग्रच जियन वानच जोर ॥
जिम भए भौरच चोर । भै भरै धाम झकोर ॥
इक कची ओपम चाइ । पंजन कि उडि फल पाइ ॥
जनु वाग कुट्टिय ऐंन । तिम चोत चक्रित नैंन ॥ छं० ॥ १४५ ॥
सित असित नैंन उचार । मनों राच तारक चार ॥
तिन मद्धि सोभै रत्त । विधि धरिय मंगल गत्त ॥
रसवास नासिक नीय । तिल पुच्प चंपक दीय ॥
मनों लज्जि मंजरि मध्य । कल प्रगटि दीपक सध्य ॥ छं० ॥ १४६ ॥
नव रुलत मुत्तिय नास । तसु किंच ओपम भास ॥
रस ग्रचन अंम्रत चाइ । तप करै ऊरध पाइ ॥
मुष कीर सोभित जोस । जनु चुनत कनक्रत ओस ॥
जगिनीय पुर मन रज्जि । कवि कची उप्पम सज्जि ॥ छं० ॥ १४७॥
अध अधर रत्त सुरंग । ससि पीय रंग तरंग ॥
उत्तंग रंग सुभाल । जनु फुलि कमुद्दिनि ताल ॥
कै पक्क विंव संभाल । सुक डसिय ग्रसिय न आल ॥
तिन मध्य दंतन कंत जनु वज्र राजत पंत ॥ छं० ॥ १४८ ॥
फुनि कची ओपम राज । सुत स्वाति सीपय राज ॥
सति इक्क ओपन अक्क । वत्तीस लक्ष्छन लक्क ॥
इक अलक सुम्भत मुष्प । कवि कचत ओपम सुष्प ॥
ससि मुक्कि मधुरय अंक । वर भजत विभय कलंक ॥ छं० ॥ १४९॥
जनु जनम धारा रेप । कै मिल नगी चलि सेप ॥
कल ग्रीव रेप चिवल्लि । कवि राज ओपम भल्लि ॥

अथ पुंडीर दाहिमी विवाह नांम प्रस्ताव लिष्यते।

(सोलहवां समय।)

राजा सलष की वेटी के व्याह के वर्ष दिन वड़े सुख के साथ वीते।

दूहा ॥ वरस व्याह वीते सकल । सुंदरि सलष कुंआरि ॥
विधि विधि भोग संजोग रजि । नवल मुगध सुविचार ॥ छं० ॥ १ ॥

गाथा ॥ रन जय पत नरिंदं । पुत्तय सुतं च निरमना कित्तो ॥
नव नव मुगध सुरत्तं । चैाजुत्तं रज्ज सुप्पाइ ॥ छं० ॥ २ ॥

चंद पुंडीर की कन्या का रूप गुण सुनकर पृथ्वीराज का उस पर प्रेम होना।

दूहा ॥ चंद पुँडीर नरेस घर । सुंदरि अति सुकुमार ॥
प्रेम प्रगट राजन भयैा । गुन पुच्छत विस्तार ॥ छं० ॥ ३ ॥

चंद पुंडीर की कन्या का रूप वर्णन।

छंद चनूफाल ॥ गुन वाल वेस कमांन । सैसव सुपंचन वांन ॥
कुटि नष्य क्रमन[1]आंन । सेसब्ब वै संधि जांनि ॥
लज रत्त जाहि नरंत । सैसव सुतुच्छ वलमंत ॥
नव न्रिमल उप्पम नास । अरधंत मो मनि भास ॥ छं० ॥ ४ ॥
नव नास उप्पम पुहि । मनु काम मंजरि फुहि ॥
सोरंग ओपम पाइ । भ्रम वांन वाल वनाइ ॥
वर जंघ ओपम अभ्भ । मनु वाल कदली अभ्भ ॥
सोइ वदलि कदली चंद । कवि करत रत्त सुदंद ॥ छं० ॥ ५ ॥
जलरूप विंट विराज । उर मदन सदन सुपाज ॥
सैसव सुवै कहि छंडि । जोबन्न गुन कनि मंडि ॥ छं० ॥ ६ ॥

(१) क्र०—क्रनन

ससि मिलत पुब्बय बैर। गुरदेव सेव सुसेर॥
गर पोति जोति विचारि। ससि चरन फंदय डारि॥ छं०॥ १५०॥
ससि समर दंद प्रमान। जिति राहु बैठो थांन॥
कै संष श्रीवर जांनि। कर अंगुलिं इक थांन॥
कालंक दिठवन जोर। कवि इक्क उप्पम दौरि॥
जनु कमल कोर प्रकार। सिसु अंग बैठे वार॥ छं०॥ १५१॥
रस सरस कुच कवि चंद। उर उकिर आनँद कंद॥
ससि बदन मदन सु जोर। चित रचै चाहि चकोर॥
कलि काकि कंज अनूप। उर उदित रवनिय[1] रूप॥
कथि कलभ कुंभ प्रमांन। छवि स्यांम रंग सुदांन॥ छं०॥ १५२॥
गुन गँठिय मुत्तिय माल। कुच परस कंत विसाल॥
बिय सिंभ सीस कि चंग। चढ़ि चलिय गंग सुरंग॥
नव रोम राजिय राजि। कची कषी ओपम साजि॥
मनों नाभि कूप प्रमांन। भरि भूरि[2] अम्रत थांन॥ छं०॥ १५३॥
अंम्रत्त आवहि जाहि। पप्पील रंगहि चाहि॥
उर उदित सुभगय बाल। अनंग रस सति बाल॥
जनु लक्कि क्रीडिं ताल। हिम फाव लग्गि रसाल॥
सुभ निरषि त्रिवली तेह। कवि चंद ओपम एह॥ छं०॥ १५४॥
वयसिसु मिलनह बाल। सिढ़ि मंडि कांम विसाल॥
रिपु उभै सुम्मिय आंनि। छवि लंघि लंक प्रमांन॥
नित्तंब उत्तंग रज्जि। मनमथ्थ चक्क विसज्जि॥
पैरंग पिंडिय ढार। सित सीत उष्न तुसार॥ छं०॥ १५५॥
नव रंभ गति विपरीत। छवि षंभ देवल जीत॥
गज सुंड सुलप सरूप। मनों कुंद कुंदन भूप॥
किधों करभ कोर प्रकार। तिन मद्धि उतरत ढार॥
मनों मींन चिचत देह। छवि छरत पिंडुर एह॥ छं०॥ १५६॥

(१) को·—रवनिय।
(२) को·—भूमि।

पुंडीर का कन्या देना स्वीकार करना।

दूहा ॥ सुनि श्रोनान नरिंद् श्रुत्र। कह्यिय बत्त पुंडीर।
रूप अनूपम राज वरि। दिय राजन चित धीर ॥ छं० ॥ ७ ॥

शुभ लग्न विचार कर चंद पुंडीर का कन्या विवाह देना।

लगन सुदिन थ्थलेव करि। चंद सत्त गजराज ॥
एक अग्ग रुत्तरि सुथ्थय। नग मोती बहु साज ॥ छं० ॥ ८ ॥
परनि राज पुंडीरनी। सुम चंदानि कुंआरि ॥
दइ विधिना करि न्त्रिमई। ब्रह्मा विरंचि सँवारि ॥ छं० ॥ ९ ॥

पुंडीर दाहिमी की कन्या के साथ पृथ्वीराज के आनन्द विलास का वर्णन।

नव जोबन जोरी नवल। छंदानित्त नवल्ल ॥
बात बिनोद बसंतरै। सुनी दाहिमी गल्ल ॥ छं० ॥ १० ॥
कवित्त ॥ नवल पुहप फल नवल। नवल नारी नव जोवन ॥
द्रव्य देषि होइ निजरि। कवन असा सिध साधन ॥
चित्त चन्नी साधक्क। विषम जोवन वै मांही ॥
कामी कलह विछन्न। वहुत पचि हारो कांही ॥
पुंडीर कुंअरि सों रस रमत। दाहिम्मी चित्तह लगी ॥
सुभ लगन जोग दाहिंम्म वर। दीहिम्मी राजन मगी ॥ छं० ॥ ११ ॥

विवाह का वर्णन।

द्रुअन ढार उद्दार। भार फन पति भर भग्गे ॥
गढ बयांन सुभ थांन। सोभ कैलासह लग्गे ॥
होइ सहस दाहर दिवांन। पुत्र तीनह परिमानं ॥
दोइ पुत्री सुविसाल। रूप रति अंग सुजानं ॥
दाहिम सुराज कायम्म कछि। षल केवा सेवा करन ॥
प्रचंड वाह मच्छि उप्पियच्छि। लष्ष एक लष्षन भिरन ॥ छं० ॥ १२ ॥
काल खान कैमास। षलक चामंड षग षड्डिय ॥
सूर नूर सम सथ्थ। सक्क पूजा सुर सिड्डिय।

घन घुंमि घुघघर हेम। कवि कहो ओपम एक ॥
मनो कमल सौरंभ काज। प्रति प्रीत भमर विराज ॥
कह कहों अंग सुरंग। रति भूलि देषि अनंग ॥
लषि लच्छि पूर रुहज्ज। चित हत्त मांनो रज्ज ॥ छं० ॥ १५७ ॥
सो सलष राज कुंआर। न्टप लघी ब्रह्म सवार ॥
इन लच्छि इच्छनिय रूप। कुल वधू लच्छिन भूप ॥
रति रूप रमनिय रज्जि। छवि सरल दुति तन सज्जि ॥
रसि रसित रंगह राज। तिह रमन हुअ प्रथिराज ॥ छं० ॥ १५८ ॥

कवित्त ॥ *नयन सुकज्जल रेप। तप्पि तिप्पन छबि कारिय ॥*
श्रवनन सहज कटाछ। चित्त कर्पन नर नारिय ॥
भुज म्टनाल वर कमल। उरज अंवुज कलिय कल ॥
जंघ रंभ कटि सिंघ। गमन दुति हंस करी छल ॥
देव अरु जप्पि नागिनि नरिय। गरहि गर्व दिप्पत नयन ॥
इंछिनी रूपि लज्जा सहज। कितक सक्ति कव्विय वयन ॥ छं० ॥ १५९ ॥
दर्पन दल नप जोति। सुरग महदी रुचि रूरिय।
एडी इंगुर रंग। उपम ओपियै सु संचिय ॥
सो तिन सकल सुहाग। भाग जावक तल वंधिय ॥
विकसित अँग अँग अंग। चारु मुसकनि वै संधिय ॥
दिपंत नैंन दंपति कजहि। रूप सोभ वर्पंत अकल ॥
रति कांम कांम गहि गछनिय। और उप्पम लुट्टिय सकल ॥ छं० ॥ १६० ॥
जेहरि-नूपुर नद्द। सद्द घूघर कोतूहल ॥
विछिय निसद्द निशाल। सद्द झिंगुर कल कूहल ॥
अगुठनि जटित अनोट। पोंट कुंदन नग मंडित ॥
निरषत द्रप्पन नैनं। वदन वीरी रद पंडित ॥
हाव अरु भाव संभ्रम विभ्रम। वड पुन्य करि प्रभु पिथ्थ लहि ॥
इंछनिय इक अक्कर अवनि। सुनिय सोभ ससि कव्वि कहि ॥ छं० ॥ १६१ ॥
जरकस घुघर घमंड। जांनु रवि किन्न कदली ग्रह ॥
कसुँभ लरे नोमार। रंग छवि छंडि हंड हर ॥

मेवाती मुग्गल सुतथ्थ। पुचि दक्कह परनाइय ॥
त्रिय पुत्री सिर ताज। सुनौ प्रथिराजह व्याहिय ॥
दोजांन मान चहुआंन दल। प्रथम कनक संभर धनिय ॥
उच्छाह वहुत मंगल करहि। गीत गांन अलि सुर बनिय ॥ छं० ॥ १३ ॥

विवाह का फेरा फिरना।

॥ करि तोरंन प्रकार। सार भारह पन संकिय ॥
चौविंदी चौसाल। पिट्ठ पच्छिम दिसि पंकिय ॥
कमला सन मुप कमल। वेद धुनि द्विज किय सज्जिय ॥
चैत सुकल पप तीज। लगन गोधूलक रज्जिय ॥
लता सुजोग जमघंट तजि। लगन सुद्ध मम सुद्द यति ॥
मंगलाचार फेरा सुफिरि। अचल राज अजमेर पति ॥ छं०.१४॥

दहेज में आठ सखी, तिरसठ दासी, वहुत से घोड़े हाथी देना।

सपी अट्ठ सिर ताज। अंग स्रृंगारि सुरँग वर।
सट्ठि तीन दासी सुचंग। वरप सत अट्ठ सरभ्भर ॥
एक सत्त सुभ तुरँग। दोइ पपें औराकिय ॥
दोवथ्थी दस ढाल। रचे छचरिति मद छाकिय ॥
सुप पात्र रजत सोभा सुधनि। सत पुत्तलि सेवा करै ॥
डाइ चोदिश्च दाहिम दुघन। भुज भुजंग कीरति करै ॥ छं० ॥ १५ ॥
सात गज्ज सु विसाल। सित्त साहन सुभ्र चंगल ॥
जर जरकस सिर पाव। सद्धि माला नग त्रिमल ॥
सहस एक सो ग्रंन। हुन्न दीनो चौहानं ॥
जिन मंग्यौ तिन दियौ। करी कीरति सुप्रमानं ॥
उच्छाह कियौ दाहिम प्रथ। गढ उप्पर थंभह कह्यौ ॥
प्रति पुच्छि चंद दाहिंम वर। परचि वित्त जल घर भह्यौ छं० ॥ १६ ॥
दूहा ॥ अति आतुर राजन मिलन। दाहिंमी मुप दिट्ठ ॥
ज्यों वद्दल में कुमुदिनी। चंद चमयौ निट्ठ ॥ छं० ॥ १७ ॥

पीत कंच की संचि। षंडि कस अंग उपट्टिय ॥
कंकस कर वर वरत। गंध हरदीय उपट्टिय ॥
आलोल नैंन गति बचन बहु। सषिन सोभ मंडिय तनह ॥
फुलिय सांभ कवि चंद कहि। मनहु बीज थर की घनह ॥छं०॥ १९२ ॥

शोभा कहते कहते रात बीत गई।

दूहा ॥ सुनत कथा अक्षि वत्तरी। गइ रत्तरी विहाइ ॥
दुज्ज कही दुजि संभरिय। जिहि सुष श्रवन सुहाइ ॥ छं० ॥ १९३ ॥
आरिजु आरि जस लषहीं। सो इंछिनि इक्का पूर ॥
भुव मंडल मंडित दिनह। सिर दधि अक्कित जूर ॥ छं० ॥ १९४ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके इंछिनि व्याह बर्णनं नाम चतुर्दश प्रस्ताव संपूरणम् ॥ १४ ॥

पृथ्वीराज और पुंडीरनी की जोड़ी की शोभा का वर्णन।

कवित्त ॥ बर समुद्र चहुआंन। रतन सों रतन उपज्जै ॥
दाहिम्मी उर अभ्भ। किति आभूषन रज्जै ॥
इह सुबंध बंधनह। जुगति बंधन बर राजिय ॥
इह अमोल मोलंन। बहमोल ग्रह फिरि साजिय ॥
इह परषयौ कविन किती चसम। वह चसम परष्यन परषयौ ॥
इह सोभ राज राजंन महि। वह घर कंचन थरकयौ ॥ छं० ॥ १८ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके पुंडीरनी दाहिमी विवाह वर्णनं नाम षष्ठदशमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १६ ॥

सूचना ।

निम्न लिखित पुस्तकें "सेक्रेटरी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस सिटी" को लिखने से मिल सकती हैं ।

	मूल्य	डांकव्यय
लक मुहम्मद की अखरावट	।≈)	)॥
कविवर बिहारीलाल-(बाबू राधाकृष्णदास रचित)	≈)	)॥
गद्यकाव्यमीमांसा-(पण्डित अम्बिकादत्त व्यास रचित)	।)	)॥
हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास (बाबू राधाकृष्णदास रचित)	।)	)॥
समालोचना-(पण्डित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री द्वारा अनुवादित) ...	≈)	)॥
समालोचनादर्श-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	≡)	)॥
कर्तव्याकर्तव्यशास्त्र-(पण्डित नारायणपांडे रचित)	॥)	-)
विसूचिका चिकित्सा	।)	)॥
हरिश्चन्द्र-पद्य-(बाबू जगन्नाथ दास रचित)	≈)	)॥
भगवद्गीता-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	।-)	)॥
ओथेलो-(बाबू गदाधरसिंह द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
नागरीप्रचारिणी पत्रिका (सभा द्वारा सम्पादित) ९ भाग छप चुके हैं (आठवां भाग नहीं है) मूल्य-प्रति भाग	१)	-)
हिन्दी लेकचर-(बाबू हरिश्चन्द्र रचित)	-)	)॥
ध्रुवदास की भक्तनामावली, टिप्पणी सहित	॥≡)	-)
मदलमिश्र की चन्द्रावती	।-)	)॥
सूदन कवि का सुजानचरित्र	२)	≈)
लाल कवि का छत्रप्रकाश	१।)	-)
नन्ददास की रासपञ्चाध्यायी	।≈)	)॥
प्राचीन-लेखमणिमाला-१ भाग (बाबू श्यामसुन्दरदास लिखित) ...	१)	-)
अशोक का जीवनचरित्र (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित) ...	।)	)॥
नेपाल का इतिहास (पण्डित नारायण पांडे लिखित) ...	।-)	)॥
पृथ्वीराजरासो-पहिला भाग	४)	।)
कुमारसम्भवसार-(पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा अनुवादित)	≡)	)॥
श्रीधर का जंगनामा	॥।)	-)
धम्मपद (ठाकुर सूर्यकुमार वर्म्मा लिखित)	॥)	-)
सभा के पुस्तकालय की सूची	≈)	)॥

कुंडलिया ॥ मंनै संभरि वार सुनि । इह अपुव्व गति इच्छ ॥
मभ्भ क्रदन घरि इक्क मैं । आवै भूमि रु लच्छि ॥
आवै भूमि रु लच्छि । पंपि माता इह सारी ॥
दल जित्ते पुरसांन । कित्ति जग ज्यों विसतारी ॥
इन सगुननि चहुआंन । तुच्छ दुंप अतिहि अभन्नौ ॥
विन जुद्धइ इह लग्न । द्रव्य निकसै आभन्नौ ॥ छं० ॥ ३७ ॥

दूहा ॥ कुटिल दिष्ट तिन चिन्त करि । कही मद्दर इक बात ॥
सो ब्रह्मा नन जांनई । बात भविष्यत घात ॥ छं० ॥ ३८ ॥

पृथ्वीराज का देखना कि सर्प आधा बिल में है और आधा बाहर, उसके फन पर मणि के ऐसी देवी चारो ओर नाचती है और राजा पर प्रसन्नता दिखलाती है ।

कवित्त ॥ संभलि पिथ्थ कुमार । व्योम दिष्षौ सप सारिय ॥
अद्धौ वंबी मध्य । अद्ध उँचौ अधिकारिय ॥
ता फनि ऊपर मनि प्रमांन । देवि चावद्दिसि नंचै ॥
ढिष्यो इक मन मंडि । राज दिसि सगुनह संचै ॥
आवै न पच्छ तथ्थह निजरि । न्रपति हियं अचंत सुष ॥
जंपयौ मद्दर धावर धनू । सगुन वीर जांनै सरुप ॥ छं० ॥ ३९ ॥

देवी का इतने में उड़कर आम की डार पर बैठना और साग गिराना, पृथ्वीराज का बड़ा शकुन मानना ।

दूहा ॥ इतें देवि उडि वैठि अँब । चंच गिराइय साग ॥
दौरि मद्दिर तव चष्य लिय । चौहुनरिंद तुअ भाग ॥ छं० ॥ ४० ॥

सर्प सर्पिनी का मिलना और वहां से दूसरी जगह उड़जाना ।

सर्प आंनि सर्पिनि मिलिय । भषु दीनौ तिन पाइ ॥
निय आसन थल छंडि कै । अन्न स्थल उड़ि जाई ॥ छं० ॥ ४१ ॥
इह अचिज्ज पिष्षिय सकल । चाचिग पुछि फिरि वत्त ॥
तुम जांनो सव फल सगुन । मद्दर कद्दर मन तत्त ॥ छं० ॥ ४२ ॥

मनोविज्ञान (पण्डित गणपत जानकी राम दूबे लिखित) ...	॥)	-)
चन्द्रशेष का हम्मीर हठ	॥)	)॥
महिलामृदुवाणी (मुंशी देवीप्रसाद लिखित)	१)	-)
वैज्ञानिक कोश (भौगोलिक परिभाषा)	≡)॥	)॥
,, ,, (ज्यौतिषिक परिभाषा)	।)	)॥
,, ,, (अर्थशास्त्र की ,,)	।≡)	)॥
,, ,, (रासायनिक ,,)	॥)	)॥
,, ,, (गणितशास्त्र की ,,)	।-)	)॥
नवीन दृष्टि में प्रवीन भारत	१)	-)
गीतावली	।)	)॥
योगदर्शन	२)	-)
गुरुगीता	।)	)॥

नोट—ऊपर लिखी पुस्तकों में से अन्त की ९ पुस्तकों को छोड़कर शेष पुस्तकें आधे मूल्य पर काशी नागरीप्रचारिणी सभा के सभासदों को मिल सकती हैं ।

इस शुभ शकुन का फल वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ तत वत्त मद्धर तिन कही वत्त। या सगुन लाभ वरन्यौ न जत्त ॥
दिन तुच्छ मद्धि धन लाभ होइ। ता पच्छ कंक दुअ राह जोइ ॥ छं० ॥ ४३ ॥
तुम जैत होइ भग्गो पलांन। धन जुद्ध लाभ लभ्भै वलांन ॥
इह लग्न महूरत इसो देव। पल भूमि अप्पि तो करै सेव ॥ छं० ॥ ४४ ॥
संसार कित्ति चहु चक्क होइ। वंदै सुवाह वल दीन दोइ ॥
सागुन्य सगुन फल कहे जब्व। प्रमुदित्त मन चहुआंन तब्व ॥ छं० ॥ ४५ ॥
जिम मेह मोर आनंद होइ। राका रयनि आनंद तोइ ॥
रिति राइ पाइ तरु फलत फूल। जिम सिद्ध सेव हिय हरत सूल ॥ छं० ॥ ४६ ॥
जिम मंत्र सक्ति साधक लहंत। रस धात रसाइन लहि चहंत ॥
जिम इष्ट लाभ आराध वंत। प्रमदा मुहित जिम आइ कंति ॥ छं० ॥ ४७ ॥
तिम भयौ सुष्य प्रथिराज अंग। वजि पंच सब्द वाजै सुरंग ॥ ४८ ॥

शिकार बंद कर के बन में पृथ्वीराज का डेरा डालना।

दूहा ॥ पंच सबद बाजिच वजि। तजि म्रगया चहुआंन ॥
कानन मध्य सु उत्तरिय। किन्नौ कुअर मिलांन ॥ छं० ॥ ४९ ॥

डेरों की शोभा, बिछौने पलंग आदि की तयारी वर्णन, पृथ्वी-राज का शिकार की बातें करना, सरदारों का सत्कार करना, सब का ठंढा होना, भोजन की तयारी।

छंद नाराचा ॥ कह्यौ मिलांन राजयं। वरंनि कव्वि राजयं ॥
फिरंग सू फनक्कसी। जरद्दु जंज रक्कसी ॥ छं० ॥ ५० ॥
सुवंन वंस राज्जतं। उभे सुमभ्भ मभ्भतं ॥
फिरंन सूर लग्गतं। अजव्व जेव जग्गतं ॥ छं० ॥ ५१ ॥
गिरिह डोरि रेसमं। सुपंच रंगयं भ्रमं।
तने तानव तंबुअं। करे सुपद्धरं भुअं ॥ छं० ५२ ॥
विछाइ कैदुली चयं। धरे प्रजंक वीचयं ॥
सवारि सेज पथ्थरं। सुगंध फूल विथ्थरं ॥ छं० ॥ ५३ ॥
गरम्म रूम तोसयं। ढके पलंग पोसयं ॥
कनंक मे सिंघासनं। अछादितं सुवासनं ॥ छं० ॥ ५४ ॥

Nagari-Pracharini Granthmala Series N. 4-6.

THE PRITHVIRÁJ RAŚO

OF

CHAND BARDAI,

EDITED

BY

Mohanlal Visnulal Pandia, Radha-Krisna Das

AND

Syam Sundar Das, B. A.

CANTOS XVII. TO XXIV.

महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, राधाकृष्णदास

और

श्यामसुन्दरदास बी. ए.

ने

सम्पादित किया।

पर्व्व-१७ से २४ तक।

PRINTED AT THE MEDICAL HALL PRESS, AND PUBLISHED BY THE NAGARI PRACHARINI SABHA, BENARES.

1906.

मूल्य १)]   Issued 16th March 1906.   [Price Re. 1.

धरे सुपिठु तक्किए। अतछ संन ढक्किए॥
अगें अवन्नि अंगनं। सिका करै छिरक्कनं॥ छं० ॥ ५५ ॥
कुंमकुमा गुलाबयं। सुनेक छंटि आवयं॥
तहां सु वैठि पिथ्थयं। करै अपेट कथ्थयं॥ छं० ॥ ५६ ॥
अनेक भंति चंदयं। पढै विरद्द छंदयं॥
सामंत सब्ब नम्मियं। मिलांन अप्प क्रम्मियं॥ छं० ॥ ५७ ॥
से हथ्थ चाहुआनयं। दए कपूर पानयं॥
पवास पास वानयं। हज़ूर उभ्भ आनयं॥ छं० ॥ ५८ ॥
विरष्प वट्ट जंवुअं। पिरन्न जट्ट अंवुअं॥
गयंद वंधि अंदुअं। झरंत मद्द विंदुअं॥ छं० ॥ ५९ ॥
करंत केलि सारसी। मलप्प ते महारसी॥
विरद्द नेंक बोलते। पलक्क चष्प पोलतें॥ छं० ॥ ६० ॥
महावतं पुकारतें। हठं न वै अधारतें॥
पियंत नीर यों गरें। गरज्ज नभ्भ ज्यों गरें॥ छं० ॥ ६१ ॥
कपोल लोल हल्लते। चवेल सुंड झल्लते॥
गिलोल चोट लग्गतें। विरष्प ओट भग्गतें॥ छं० ॥ ६२ ॥
दिपंत दंत उज्जलं। पहार पंति कज्जलं॥
दुरद्द हट्ट वेसके। दियें गनेस भेस के॥ छं० ॥ ६३ ॥
सुपीलवान उभ्भयं। चरष्पि गड्ड पुभ्भयं॥
करे तुरंग काइजं। भरें अमंन बाइजं॥ छं० ॥ ६४ ॥
मिटै डरं पसीनयं। पलान दूरि कीनयं॥
न्हवाइ नष्प सिष्पयं। अछादि कंध रष्पयं॥ छं० ॥ ६५ ॥
रतब्ब दै ब्रहासयं। करे चपत्त घासयं॥
ता पच्छ जाइ साहनी। अरांम पंड वाभनीं॥ छं० ॥ ६६ ॥
कहूं करं भलारयं। भरी रपत्त भारयं॥
अनूचरं उतारयं। संभारि ढार ढारयं॥ छं० ॥ ६७ ॥
छुलास सेन उप्पजै। भोज्जंन भष्प निप्पजैं॥ छं० ॥ ६८ ॥

सूचीपत्र ।

सब लोगों के साथ पृथ्वीराज का भोजन करना।

दूहा ॥ करि मिलांन मध्यांन हुअ। न्रिपति भोज छह भंति ॥
एकत मिलि आहार हुअ। रही न मन कछु पंति ॥ छं० ॥ ६८ ॥

संध्या होने पर सब लोग घर लौटे।

मादक में नउ दीप किय। वह्नि सुगंधन तार ॥
निसि आगम बहुरे अहन। जित तित भूपन भार ॥ छं० ॥ ७० ॥

पृथ्वीराज का घर पहुंच कर भूमि देवी (पृथ्वी) को स्वप्न में देखना।

चढि करि संभरि वार चलि। ग्रेह सपन्नौ जाइ ॥
अंधारी दारुन निसा। भू सुपनंतर आइ ॥ छं० ॥ ७१ ॥

भूमि देवी के रूप सौन्दर्य का वर्णन।

कवित्त ॥ पीत वसन आरुहिय। रत्त तिलकावलि मंडिय ॥
छूटिय चंचल चाल। अलक गुँथिय सिर छंडिय ॥
सीस फूल मनिबंध। पास नग सेत रत्त बिच ॥
मनों कनक साषा प्रचंड। गहे काली उप्पंम रुच ॥
मनो सोम सहायक राह होइ। कोटि भांन सोभा गही ॥
अदभून द्रव्य ससि अहि गस्यौ। साष सुरंग भनावही ॥ छं० ॥ ७२ ॥

पृथ्वीराज का पूछना कि तुम कौन हो और इस समय यहां क्यों आई हो।

दूहा० ॥ सुरंग चिया सोसो नृपति। वचन सुपन कहि लाल ॥
का तूं सुंदरि किन बरन। क्यों अभी इहि काल ॥ छं० ॥ ७३ ॥

भूमि देवी का कहना कि मैं वीरभोग्या हूं, मेरे लिये सुर असुर सब शंकित रहते हैं पर जो सच्चा वीर मिले तो मैं बहुत रस अवती हूं।

कवित्त ॥ बीर भोग वसुमती। बीर भोगी वर चाहों ॥
हाई भाइ कटाच्छ। बीर बीरां तन साहों ॥

अथ भूमि सुपन प्रस्ताव लिष्यते ॥

(सत्रहवां समय ।)

पृथ्वीराज का कुँअरपन में शिकार खेलना ।

कवित्त ॥ कुंअरप्पन प्रथिराज । राजं आपेटक पिल्लहि ॥
जोव्वने मभ्फ रवन । म्लेच्छ पच्छिम दिसि मिल्लहि ॥
भग्गि वीर वाराह । चक्क बज्जी चावद्दिसि ॥
मुक्कि थान पंचांन । मिले सूर संब्रह धसि ॥
लोहांन वीर आजान भुग्र । लोहा लंगर धाइया ॥
हुह थांन चुक्कि अपथांन मुकि । पंचां नन रस छाइया ॥ छं० ॥ १ ॥

हाथी घोड़े आदि का इतना कोलाहल होना कि शब्द सुनाई नहीं पड़ता ।

दूहा ॥ एंय सबद गुंजत सुगज । हे हींसत सद् स्वानं ॥
गिर गुंजत परसद्द बहु । सद्द न सुनियै कांन ॥ छं० ॥ २ ॥

सिंह का क्रोधित होना ।

कवित्त ॥ सद्दपति संभरिय । कांन मंडे रष संभलि ॥
ज्यों पल्ल सयन ग्रसंत । विप्र षेजै निगंम मिल्लि ॥
गुन अवगुन कुल वधू । सती पति हता मानि मन ॥
नाग अंग चंपयौ । किसार अग्गै फुल्यौ मन ॥
पिष्षयौ षम पंचाननह । बाय बास सुमंन फुल्लिय ॥
द्रिग पेल्लि द्रिष्ट म्रगया सकल । तेज अंग कायर चल्लिय ॥ छं० ॥ ३ ॥

दूहा ॥ कांनन सद्दन संभरत । कूह कलह आपेट ।
थह सूतो वर जग्गयौ । सिसु दंपति घटि पेट ॥ छं० ॥ ४ ॥

कवित्त ॥ दिष्ट राज अंमरिय । सरित संभरिय सँपत्ते ।

वीरां थी पद्धरी। विना वीरां वर वंकिय॥
हुं दिव्य नारी एह। सुरां असुरांनह संकिय॥
मिष्टांन पांन बहु भोग रस। रस सुगंध बीरन द्रश्रें॥
अनभंग वीर जोचित्त वरि। रस अनेक निहचै अश्रें॥ छं०॥ ७४॥

गाथा॥ पंक जनय नीवामं। सुपनंतर राज दिट्ठायं॥
जानिज्जै रति अंगं। कामं उक्काह दीपयं मालं॥ छं०॥ ७५॥

राजा का विचार में मग्न होना।

कवित्त॥ मन लगौ विसमित विचार। राज चिंता उप्पंनिय॥
भोमि वयन मन मझ्झ। सु कर वर गहि कर लिन्निय॥
सुभ लच्छिन उत्तंग। अंग अंग गुन पिन्निय॥
ता समांन छवि वांम। आंन करतार न किन्निय॥
मानीक वंस दानव कुलह। भोमि चरन्न निवास करि॥
जै जया सबद सुरपुर भयौ। करै केलि कलि इंद्र सर॥ छं०॥ ७६॥

पृथ्वीराज से भूमि का कहना कि पट्टू वन में अगनित धन है।

दूहा०॥ कहै भूमि प्रथिराज सों। स्तुति दै करि मन सुद्धि॥
वसै द्रव्य अगनित सगुन। पट्टू पुर वन मद्धि॥ छं०॥ ७७॥

अजयपाल चक्रवर्ती राजा द्वापर में था, उसने वहां असंख्य धन रक्खा है॥

कवित्त॥ अजैपाल चक्कवै। द्रुग्ग अजमेर द्वापरह॥
तिहि वानिक पुर सिद्ध। लिपिय संजीत अपारह॥
हेम कोटि दस हून। इन देवर धर मंझह॥
घरी आइ इक पहर। देव देवी तत सुझ्झह॥
असांन काल पूजादि वह। तहं पत्तौ दुज राज बर॥
अप्पी असीस मंगी लछिय। कांम कह्यौ दुजराज नर॥ छं०॥ ७८॥
इक्क सहस अपि द्रव्य। फेरि विप्रह अप्रमानं॥
सुनी सलक्कि वर विप्प। दई सुमहा वर थांनं॥
फिरि पत्तौ तहां राज। दियौ तब आप दुज्जवर॥

के हंके हक्काह। केक चावद्दिसि धत्ते ॥
के पाइल्ल बर वान। मूल धारी उठि नट्ठे ॥
के असवार करार। हीन काइर ह्वै नट्ठे ॥
के गए मुक्कि पाइल्ल म्रगय। पीर छूंटि नक्कर परत ॥
दिष्षयौ संग लंगावल्ली। बियौ न कोइ धीरज धरत ॥ छं ॥ ५ ॥

सिंह का महा क्रुद्ध होना।

सुनिव सूर बर हक्क। धक्क बज्जी चावद्दिसि ॥
नरन सद्द कानन प्रसद्द। सिंघ किन्नो सु क्रोध असि ॥
बीरा रसु बिद्दुरिय। पुंछि सिर झारि झपट्टिय ॥
दीप नयन प्रज्जरिय। संग दिसि लगें लपट्टिय ॥
बल अतुल तोल तोलंत पय। वुल्यौ मन सद्दह गुहिर ॥
फटिय धरकि मानहु गगन। सिस सनेह संगन वहन ॥ छं० ॥ ६ ॥

दूहा ॥ आषेटक दरसे सकल। सिसु सिंघनी बिच सिंघ ॥
स्वान देषि मुहु रव करत। ओलंषे नरसिंघ ॥ छं० ॥ ७ ॥

सिंह पर तीर का निशाना चूकना, पृथ्वीराज का तलवार से सिंह को मारना।

कवित्त ॥ सबै सेन अवसांन। मुक्कि लग्यौ बर तामस ॥
तब पंचानन हक्कि। धक्कि चहुआनां पामिस ॥
लै कमांन बिय बांन। षंचि नंष्यौ बिय चुक्यौ ॥
समर सिंघ सब सथ्थ। नथ्थ चावद्दिसि हंक्यौ ॥
डंमरिय डहकि विज्जुल लहकि। षग कढ्ढौ सोमेसजा ॥
चंप्यौ नरिंद अवसांन तकि। षंडो डारिय हथ्थना ॥ छं० ॥ ८ ॥
चंपि स्वामि विद्दुरिय। लोह संजुरि नग मुक्यौ ॥
लोहा लंगर राइ। बीर अवसान न चुक्यौ ॥
स्वांमि सथ्थ परिवथ्थ। दंड धर वर उथ्थारे ॥
रुहिर अंग झंझरिय। सिंघ पारिय अध्धारे ॥
बन राय बीर बन हित्त रुष। सूर स्वांमि अंमं सुरसि ॥

अप्प भयौ सुद्द राज। रहै धन रष्षि गड्यौ धर ॥
सो मति द्रव्य तिहि थांन रहि। तास मोह राजन करै ॥
षायौ न कोइ षेहै न को। यों अरत्त अर्जुन फिरै ॥ छं० ॥ ७९ ॥

दूहा ॥ को गड्डै षायौनि को। को विलसै करि भेव ॥
माया छाया मध्य दिन। ज्यों विषया बल देव ॥ छं० ॥ ८० ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथीराज रासके भूमिस्वपन नाम सप्तदशो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १७ ॥

घर नंग बीर तल बज्जय । सबर जोर जम दठ्ठकसि ॥ छं० ॥ ९ ॥

दूहा ॥ लंगे. लोह उचाइ करि । अरु चावद्दिसि चाहि ॥

हथ्थ आइ कर तोन द्रढ । बर कमान बर साहि ॥ छं० ॥ १० ॥

कबित्त ॥ द्रढ कमान मुठ्ठिय प्रमान । गह्यौ तकि तोन जोर कर ॥

बरक्कि बरकि बंगाल । चित्तन चंचल सु बोलि गुर ॥

गुंजि गरज भूभांन । जंग देवत्त रत्त जुअ ॥

नचि निवेस तजि बाल । सिंघ सम बीर इक्क हुअ ॥

आखेट तजिय चक्किय सुभर । बिबिध सिंघ दिष्षन दिसा ॥

सम बीर बीर एकत भए । तहां दिष्यौ सोमेस जा ॥ छं० ॥ ११ ॥

षेघं लग्गि कुटि बीर । सुबर दिषि बीर अष्ट क्रम ॥

सोमेसुर सुअ सूर । लयौ पंर तोजिम रबिनम ॥

मुष्टि दिष्टि मरदां मरद । मिले पँचानन सूरं ॥

पिता जात बेबंध । द्रव्य अषो अध पूरं ॥

चय भाग तक्किय सिंघह सुचय । मुना मल्ल लंगी चढ्यौ ॥

उप्पमा चंद सुनि सुपन ज्यों । सुबर बीर देषी दढ्यौ ॥ छं ॥ १२ ॥

पृथ्वीराज के शिकार की धूम धाम का वर्णन, पृथ्वीराज का एक पेड़ की छाया में अपने सरदारों के साथ बैठना ।

छंद पद्धरी ॥ आषेट रमत प्रथिराज रंग । गिरवर उतंग उद्यांन ढंग ॥

उत्तंग तरुन छाया अकास । अनेक पंषि क्रीडहिं हुलास ॥

सुब्बा सरास कुट्टे सुगंध । तहां भ्रमत भोर बहु बास अंध ॥

फल फूल भार नमि लगी साष । नासा सुगंध रस जिह्व चाष ॥ छं० ॥ १३ ॥

पन्नग प्रचंड फूंकर फिरंत । देषंत नरह ते करत अंत ॥

अनेक जीव तहां करत केलि । बट बिटपि छांह अवलंबि बेलि ॥

इक घाट बिकट जंगल दुअर । तहां बीर मल्ल पिथ्थल कुंआर ॥

बामंग अंग चामंड राय । चूकै न मूंठि सो काल घाइ ॥ छं० ॥ १४ ॥

दाहिनि दिसा कन्दा सुजोध । सम ब्रह्म सस्त्र सम नाहि क्रोध ॥

लोहांन ठिठ्ठ बैठो प्रचंड । जंनार जोर जम देन दंड ॥

अथ दिल्ली दान प्रस्ताव लिष्यते ॥

(अट्ठारहवां समय ।)

अनंगपाल के दूत का कैमास के हाथ में पत्र देना ।

दूहा ॥ दिय पत्री कैमास कर । अनँगपाल कहि दूत ॥
वर वंची सामंत सत । विंमत अप्पर नूत ॥ छं० ॥ १ ॥

पत्र में अनंगपाल का अपनी बेटी के बेटे पृथ्वीराज को लिखना कि मैं बूढ़ा हुआ, बद्रिकाश्रम जाता हूं, मेरा जो कुछ है सब तुम्हें समर्पण करता हूं ।

साटक ॥ स्वस्ति श्री अजमेर द्रोन दुरगे । राजाधिपो राजनं ॥
पुत्री पुत्र पवित्र पथ्थ अधनो । पित्री सर्वं तावनं ॥
मा वृद्धा द्रष विद्ध तप्प सरनं । बद्री निवर्तं तनं ॥
आभूमं पुर ग्रांम हय गय समं । संकल्पितं त्वार्थयं ॥ छं० ॥ २ ॥

पत्र पढ़कर सब का विचार करना कि क्या करना चाहिए ।

दूहा ॥ वंचि पत्र कैमास कर । न्टप सामंत समंत ॥
आइ दूत दिल्ली पुरह । सुवर विचारहु मंत ॥ छं० ॥ ३ ॥

कोई कहता है कि दिल्ली चलना चाहिए, कोई कहता है पहिले पृथा कुंआरि का व्याह रावल समरसिंह के साथ करना चाहिए ।

चौपाई ॥ इक कहै दिल्लिय चल्लि राजं । मातुल बोलि तुमं प्रथिराजं ॥
इक्क कहै भगिनी परनाइय । समर सिंघ चित्रंग सुराइय ॥ छं० ॥ ४ ॥

कवित्त ॥ समर सिंघ रावर नरिंद । चित्र चित्रंग देव दुति ॥
तिन सगपन संमुहै । राज जानंत राज गति ॥
कै दिल्ली दिसि चलहि । बाल सेंवर अधिकारिय ॥
सोमेसर पितु सतें । करिय जिन बोल सुभारिय ॥

ढिग कन्ह बैठि पुंडीर धीर। आजान बाहु बज्री सरीर॥
चामंड अंग कैमास काल। जीवार जोध पसु घरनि घाल॥
तिन अग्ग आइ पज्जन राइ। सब षेल निपुन पसुदाइ घाइ॥ छं०॥ १५॥
दुअ ओर ओर सामंत जूह। षेदानि जोर करि करी कूह॥
कर जोरि मेन सात सहस सथ्थ। उड्डंत पंषि गहि लेंइ हथ्थ॥
जुर बाज कुही तुर मती धारि। उड्डंत जोव ते लेहि पार॥
सच लैंहि स्वांन ते रोभ भुम्मि। पिष्षियै जु करंक बिन मंस भूम्मि॥ छं०॥१६॥
सकल अनेक उठ्ठे बराह। बट बंटि मंसनह तुहि थाह॥
सो मरन सूर परि बथ्थ लेहि। ते बंटि बंटि सब सथ्थ देहिं॥
षरगोस स्वांन नह लहत बांटि। फिरि चढ़े जीव ते ओठ चांटि॥
म्रगमाल पवन उठि चले भागि। तिन परसु तीर सरवसि आगि॥ छं०॥ १७॥
अनजीव जीव वष्षांन कोंन। सिकार लग्गि इन हाल होंन॥
सब सथ्थ तथ्थ हुअ एक जुहि। गज्ज्यौ सु सिंघ जनु गगन फुहि॥
धपि चल्यौ बीर प्रथिराज धीर। लंगरिय लोह तह इक्क तीर॥
दिष्षौ सुजाइ सिंघनिय बाल। अवतार धरिय जनु पुहमि काल॥ छं०॥ १८॥
गरु राइ गुंग गज्यौ गरूर। उचाइ पुक्क मनु पुहमि चूर।
हथवांन हथ्थ हाकंत ष्याल। दहुरनि दौरि मनोद बटि व्याल॥
आराम सीस हढ़े प्रचंड। जम रूप जीव ताडंत तुंड॥
हक्यौ सुराइ संजम कुंआर। कुट्यौ सु तेज जनु तीर तार॥ छं०॥ १९॥
भए लथ्थ बथ्थ नर जीव जोध। न्रप अग्ग केलि जनु मल्ल क्रोध॥
गल वांह घल्लि दव्यौ सुसूर। फाख्यौ सु उदर जम दढ्ढ पूर॥
हथवाह एक केहरिय कीन। पय हथ्थि अंष्षि करि कंन हीन॥
आये सु दौरि सब सथ्थ जांम। लंगा सधन्नि इम कहिय स्वांम॥ छं०॥ २०॥

संजम राय के बेटे का वीरता दिखलाना।

दूहा॥ संजम राइ कुमार बल। करि संजम न्रप ध्रंम॥
इक्क मिक्क एकत भए। अप्प चम्म पसु चम्म॥ छं०॥ २१॥
गजनि कुंभ जिसि हथ्थ हनि। फारि चीर धर डार॥

आवै न मंत विय बंध हत। अनँगपाल संमुह चल्लिय ॥
ता पच्छ प्रथा आगम सु प्रथ। देवमत्त व्याहं पुल्लिय ॥ छं० ॥ ५ ॥

राजा सोमेश्वर सब सामंतो को एकत्र कर परामर्श करता है कि क्या कर्तव्य है, पुंडीर राय ने सलाह दी कि आता हुआ राज्य न छोड़ना चाहिए।

सित सामंत रु न्टप्प। वैठि सब सध्थय मंतर ॥
कैमासह चामंड। राय रामह वड गुज्जर ॥
हाहुलि राय हमीर। सलष पांमार जैत सम ॥
कह्यौ राज हम मात। तात अप्पी दिल्ली तम ॥
पुंडीर राइ इम उच्चरै। करौ सकल आदर सुधर ॥
उप्पाइ अनँत महि लिज्जियै। आदि अंम अंमर असुर ॥ छं० ॥ ६ ॥

चंद बरदाई का मत पूछना।

चौपाई ॥ सब भट पूछि पूछि कवि चंदह। तुम बरदाइ लहौ वुधि कंदह ॥
किम अप्पै पितमात धरंनिय। सब विरतंत कहौ मन करनिय ॥ छं० ॥ ७ ॥

चंद ने ध्यान कर के देवी का आह्वान किया और देवी की आज्ञा से कहा।

तब बरदाइ सुद्ध मन कीनौ। सुमरिय सकति ध्यांन मन लीनैन ॥
देवी आइ कह्यौ वर तंतं। सो अप्पै प्रथिराज सुमंतं ॥ छं० ॥ ८ ॥

व्यास ने जो भविष्यत बानी कही थी वह सुनाकर चंद का कहना कि आप का राज्य खूब तपैगा।

कवित्त ॥ पुव्व कथा वरतंत। कहो व्यासह ज्यों चंदह ॥
सहौ भविष्यित बात। सुनी सो होइ नरिंदह ॥
तोंअर बद्री जाइ। पथ समप्पै चहुआंनं ॥
तपें तेज रवि जेम। कहों सरसें परवानं ॥
इह मत्त सत्त मन्नौ मनह। अरु पुव्वह मंची सपुन ॥
सामंत सित्त धर अंम रत। सों पुव्वहु सच्चहु अपुन ॥ छं० ॥ ९ ॥

संजम राइ कुमार सौ । वथ्थन मारि पक्कारि ॥ छं० ॥ २२ ॥
रीछ रोझ घाराह घनि । दठ्ठन बळे कोरि ॥
तिते जीव उर मझ्झत । कढि जम दठ्ठे फोरि ॥ छं० ॥ २३ ॥
गिरि परबत नद पोह सर । लंगत लगी न बार ॥
लंगा इक्कन लंघयौ । अनी धार धर धार ॥ छं० ॥ २४ ॥

पृथ्वीराज का प्रसन्न होना और उसकी पीठ ठोंकना ।

कवित्त ॥ भौ प्रसन्न प्रथिराज । बोल बुल्ल्यौ सुलंगग्यि ॥
दुत्तौ देऊं प्रचंड । पंच जो मद्दि मोघि जिय ॥
अद्धा राज सु अद्ध । पाट अद्धा तंबूलं ॥
अद्धा बेस सुदेस । करौ आदर संमूलं ॥
बोलंत बैन प्रथिराज सुनि । जीव लज्जि नीची नजरि ॥
लगाइ कंठ ठुकि पिठ्ठ कर । भलौ भलौ सब सथ्थ करि ॥ छं० ॥ २५ ॥
दूहा ॥ जब दैवत्त दिषाइहै । तब सचा मुझ्झ बैन ॥
म्रिग तिस्ना ज्यों देषियै । प्यास न बुझ्झै नैन ॥ छं० ॥ २६ ॥
सुपनंतर की प्यास ज्यों । भजै मही किहि भंति ॥
जब देषौं तब पूजिहै । जो मन मझ्झह पंति ॥ छं० ॥ २७ ॥

सब लोगों का आगे बढ़ना, एक शकुन मिलना ।

इह कहि करि अग्गें चले । मिले सूर सब संग ॥
तब दिष्यौ इक सगुन बन । भए सबन मन पंग ॥ छं० ॥ २८ ॥

शकुन को देख कर सब को आश्चर्य होना ।

वत्त कहत प्रथिराज ने । पिष्यौ सगुन न्रपत्ति ॥
सकल साथ अचरिज भयौ । देषत इहै चरित्त ॥ छं० ॥ २९ ॥

एक सर्प को नाचते हुए देखना ।

कवित्त ॥ अहि सुरंग मनि दुत्ति । देवि मंडै तंडव गति ॥
वालमीक बिल अग्र । इक्क फनि कुटिल क्रोध मति ॥
इक्क हथ्थ बिच बिहथ । थांन उंचौ रवि संमौ ॥

दूत से पृथ्वीराज का पूछना कि नाना (?) को वैराग्य क्यों हुआ ।

दूहा ॥ दूत हजूर बुलाइ करि । पुच्छत पिथ्थ कुंआर ॥
क्यों मातुल हुअ धर अरत । सो कहो सत्त विचार ॥ छं० ॥ १० ॥

दूत का अनंगपाल की प्रशंसा ।

गाथा ॥ दिल्ली अनंग नरिंदं । इंदं दहन दुज्जनं दलनायं ॥
चिगुन तेज सुअंगं । पुहमी इंदं पहुमी सरनायं ॥ छं० ॥ ११ ॥

अनंगपाल का प्रताप कथन ।

दूहा ॥ बंक न्टपति इक अंक लौ । मिटत करभ्भर पांन ॥
इम इच्छै अवनी अटल । सषु न सुनियै कांन ॥ छं० ॥ १२ ॥

कवित्त ॥ गज गज्जत दरबार । घुरत दमंम वह धुअ ॥
वज्जत हय पुर तार । गाल गुज्जत सु डंट मव ॥
तंत तान झंझार । भमर गुंजार वास रस ॥
मुकट वंध राजान । लीन सेवंत हुकंम बस ॥
यों अवनि इंद्र तूअर तपै । कंपै रोर मैाजन मनह ॥
चव वरन सरन सुष्पह रसहि । दुष्पन[1] किहिं दिष्षिय तनह ॥ छं० ॥ १३ ॥

अनंगपाल के राज्य में दिल्ली की शोभा वर्णन ।

अनंगपाल तोंअर सुढाल । सोज वासंत दिल्लीय वर ॥
धर सुढार कालिंद पार । अठ्ठार व्रंन थर ॥
वर विहार प्रकार । विपन वाटिका विराजिय ॥
ग्रिह उतांन वतांन । गोप जाली उच साजिय ॥
सव लोक असोक अनंद में । अप्प अप्प रह उह्लरिय ॥
जाजंन जाप अद्धा परवि । होम धोम धू विथ्थुरिय ॥ छं० ॥ १४ ॥

अनंगपाल का वृद्धावस्था में सपना देखना कि सब तोंअर लोग दक्षिण दिशा को जा रहे हैं ।

अति तोंअर परिवार । वृद्ध वहु रिद्ध अनूपं ॥
ध्रंम क्रंम वहु रीति । चलै सव लोक सु कूपं ॥

(१)-मो०-दुवन ।

बर संमल उर चंपि। तेज जाज्जुलि सुचिन्हौ।
आचिज्ज देषि प्रथिराज रब। चक्कास्यौ पामर सद्दर॥
धावर सु कन्ह चहुआंन कौ। बोलि बीर चच्चिग मद्दर॥ छं०॥ ३०॥
मद्दर कद्दर करिवार। भार जिन जुड्ड कन्ह वर॥
नरनाहां बर गढ। गाह गिर दीह दुअन धर॥
मति जोतिग सहदेव। सगुन आगम गम जांनै॥
प्रवल मैंषासन मारि। उथपि थप्प थिर थांनै।
बिर दैत दमित आजांन भुअ। उर किंवार वर वज्ज जुअ॥
कुट्ट न किमद्द जै क्रोध तजि। दुअ मह्हिष निवारै भुजनि दुअ॥ छं०॥ ३१॥

पृथ्वीराज का इस सर्प की देवी के शकुन का फल पूछना।

छंदपद्धरी॥ आयौ सुमद्दर मद्दरन नरेस। जिहि सुनत चढि भगि जात देस॥
उन्निद अंग उत्तंग कंध। वर बाहु वज्ज अरि धर असंध॥
बेहथ कलाइय हथ्थ जाहि। पग दौरि त्रियन वर रह्यौ गाहि॥
मह्हिषी सु उभय पय टांसि जाइ। कलहंत क्रोध दिष्षय वलाइ॥ छं०॥ ३२॥
रष्षत सु निजरि सव अग्ग पच्छ। चुक्कवै चोट हनि तुच्छ तच्छ॥
छल छेद भेद तस करन राव। पर भूमि अप्प उस धरै दाव॥
दुअ सहस मद्दर जिन संग जोध। कमनैत काल अनमी अबोध॥
बहु व्रषभ गाय मह्हिषीन तुंग। छेली छयल्ल गडरन्न पुंग॥ छं०॥ ३३॥
घुंमत मथांन जिन घरन घोर। आगम अषाढ जनु घटा सोर॥
बेपार दुग्ध जिन घरन षर्च। अनभंग बुद्धि जिन समर चर्च॥
बिरदैत एक वांने न धार। चमरैत एक हूक तवल तार॥
सिर वहै बिदर पग पच्छ देन। द्रिग समर देषि सिर लगत गैन॥ छं०॥ ३४॥
गुज्जर अहीर असि जाति दोइ। तिन लीह लोपि सक्कै न कोइ॥
चाचिग हजूर कुंम्मार आइ। करियै हुकंम सिर ल्यौं चढाइ
बुल्ले सुवैन चहुआंन राउ। कहि सगुन सर्प देवी प्रभाउ॥ छं०॥ ३५॥

ब्राह्मणों का फल बतलाना कि बिना युद्ध पृथ्वी से आपको बहुत धन मिलेगा।

दूहा॥ मद्दर कद्दर गति वैन कहि। ज्यों बुल्लै दुजबैन॥
घरी एक सम्हौ रहै। तौ लब्भै न्रप चैन॥ छं०॥ ३६॥

वीर सेन सुत वीर। पाल बहु काल धरंनिय ॥
मन लग्गौ वैराग। करन क्रत ऊंच करंनिय ॥
निसि मध्य सुपन पिष्षियै दुरय। सब तूंअर दक्षिन चलै ॥
आरत्त माल कंठह कुसुम। दूरि मग्ग षोनी मिलै ॥ छं० ॥ १५ ॥

स्वप्न से जागकर अनंगपाल का हरि स्मरण करना।

सुभ आसन रजि छद्र। करै घर सार वारि तर ॥
अस्तुत्ति करन लग्गौ सुरिंद। तब प्रसन्न भय ईस प्रति ॥
उच्चरिय कूट जट इंद सों। सुभ दिष्षौ अच्छर नृपति ॥ छं ॥ १५५ ॥

पृथ्वी पर जन्म लेने का शाप इन्द्र का देना।

रंभ घृताची मैन। मँजुघोषा सुरंग त्रिय ॥
उरवसि केसी नारि। तुरत तिल्लोत्तमानि पिय ॥

(१) मो०—कए उतपति तिय होन।

जिहि च्यार परे सगना सगनं। सुभ अच्छिर लाइ तजै अगनं॥छं०॥२२६॥
विवहार धरै बरनं सु बरं। पढ़ि पिंगल वाहन कोन हरं॥
वर चोजन चारु सुरंग इलं। तहां भौर न मोर सुरंग हुलं॥छं०॥२२७॥
गज उप्पर ढाल ढलक्कि तरं। सुकहों तहां केलि [1]अचिज्ज बरं॥
तहां पल्लव [2]लल्लित रत्त वचं। तहां जे धन दंतिय पंति रचं॥छं०॥२२८॥
झमकैं वर नंग मयूष कसी। निकसी तहां केतक सी विकसी॥
सु चलें वर मंद सुगंध प्रकार। वढ़ी दिसि दस्स सु उज्जल मार॥छं०॥२२९॥
वजै महु रंग सु गंधन भ्रंग। वजे सहनाइ न फेरि [3]उपंग॥
हलै वर लत्त पवन्न झकोर। घरघ्घर होहिं पिलप्पित जोर॥छं०॥२३०॥
बुलै कल कंठ सु कंठह सद्द। तहां चढ़ कव्वि वसीठ उवद्द॥
सकेस कुसंम रु अंकुस पानि। हने हर काम असो [4]गज जानि॥छं०॥२३१॥
अतसी वर पुप्फ सु वाढ़हि भृंग। वजै गज पांनि सु इंदुव रंग॥
लता ललिताह हलावन ढाल। उतह जम लग्गय रुपतिताल॥छं०॥२३२॥
विकासित केसर [5]कुंकुम कांम। सरोज [6]सुरंभ अनूपम नांम॥
उहां मिटि ताल तरंगिनि कांम। उहां चलिते निय ना तिहि ठांम॥छं०॥२३३॥
उहां बरहा जनु उप्परि केल। किने तव ढीठ हिया छवि मेल॥
हलें जनु नेजे षजूर बसंत। ढली वन राह सुढालह मंत॥छं०॥२३४॥
तजी वर बाल सुरंग सुभेस। चल्यौ प्रथिराज सु दष्पिन देस॥
विरदै चहु विप्र कहै कविचंद। सही चहुआन प्रथी पर इंद॥छं०॥२३५॥

दूहा॥ चढ्ढि चलिय प्रथिराज वर। देवग्गिरिधर राज।
त। सुकन्ह बरदाय बर। पुच्छिय बिगत सुकाज॥ छं० ॥ २३६ ॥
कहत कन्ह बरदाय बर। अहो राज सुभ मांनि॥
कहो पथांन सज्यौं कहां। सोहम कहों प्रमांन॥ छं० ॥ २३७ ॥

चलने के सयम राजा को भय दिलानेवाले सकुनों का होना।

(१) मो.--अचाज्जि। (२) मो--लालित।
(३) ए.--उतंग। (४) मो.--गिन।
(५) ए.--कुसुम। (६) मो.--सरूप।

दिन पूरा होने पर उत्तम पति पाकर फिर अप्सरा योनि पावेगी ।

गाथा ॥ तुछ दिन अंतर क्रमियं । आगम भरतार पांमि उद्ध लोकं ॥
फिरि अच्छरि अवतारं पांमै तुम्भक ईस बर बांनी ॥ छं० ॥ १६२ ॥

शाप के पीछे शिव जी कैलस गए अप्सरा मृत्युलोक में गिरी, वही जादव राज की कन्या शशिव्रता है और तुम्हें उसने पति वरन किया है ।

कवित्त ॥ दै सराप सुर नारि । अप्प करि ईस थान चलि ॥
घन अस्तुति कर इंद्र । प्रमुदि अति रुद्र वानि फलि ॥
चले थान कैलास । परी अच्छरो [1]मृतं पुर ॥
जद्दव ग्रह त्रिय जाइ । उअर उप्पजी कुंअरि वर ॥
देवास थान तपि भान न्रप । तिहि पुत्री ससिवृत्त कुंअरि ॥
सोई वाच रुद्र देवह सुचिय । तुअ कारन हाथह उअरि ॥ छं० ॥ १६३ ॥

हंस कहता है कि इस अप्सरा का अवतार तुम्हारे ही लिये हुआ है ।

दूहा ॥ और सुवर संकेत [2]सुनि । हंस कहै नर राज ॥
मैंन केस अवतार हुह । तुअ कारन [3]कहि साज ॥ छं० ॥ १६४ ॥

हंस कहता है कि राजा जादव ने शशिव्रता को कान्यकुब्जेश्वर को व्याहना विचारा है पर शशिव्रता ने तुम्हें मन अर्पण कर शिव की आराधना की। शिव की आज्ञा से मैं हंस रूप धर तुम्हारे पास आया हूं। शीघ्र चलो। राजा का प्रस्तुत होना। दस सहस्र सेना सजना।

(१) मो०—धारा ।　　(२) मो०—कह ।　　(३) मो०—अरि ।

कवित्त ॥ वेस मद्द बल मद्द। और बंध्यौ सुरतानी ॥
राज मद्द उनमद्द। काम मद्दह परिमानी ॥
अरु अवनी औतांन। तौन बंध्यौ चहुआनं ॥
दल बद्दल पावस्स। चल्यौ दछिन धर वानं ॥
[1]छतीस कुली वर वंस विय। चढ़ि प्रथिराज नरिंद चलि ॥
उपवन्न बंब बज्जी विषम। खान थान द्रिगपाल हलि ॥छं०॥२४२॥

पृथ्वीराज से पहिले जैचन्द का देवगिरि पहुंचना।

दूहा ॥ इन अग्गैं कमधज्ज लै। आइ सँपतो थान ॥
माघ नवमि चंबक बजै। चहुआना परिमान ॥ छं० ॥ २४३ ॥

जैचन्द के साथ की एक लाख दस हजार सेना का वर्णन।

जैचन्द का आना सुन शशिव्रता का दुखी होना।

कवित्त ॥ [2]एक लष्ष दस अग्ग। सेन सज्जे कमधज्जं ॥
वीय सहस बारुन्न। सत्त हज्जार फवज्जं ॥
अद्ध लष्ष पैदल्ल। अद्ध साइक वहंतं ॥
सजि समूह चतुरंग। दिसा दछिन [3]परजंतं ॥
सुनि श्रवन कुंआरि शशिव्रत्त लिय। सुनि अवाज वर वीर घन।
चहुआन व्रत्त लीनी अधम। प्रान हीन कद्ढन सुमन ॥छं०॥२४४॥

शशिव्रता मन ही मन देवताओं को मनाती है कि मेरा धर्म न जाय और उसका प्राण देने को प्रस्तुत होना।

दूहा ॥ मिलि पूजै बर बीर कौ। करी भगति घन भाइ ॥
बाला प्रान [4]सुकढ्ढनह। अंतर भ्रम्म न जाइ ॥ छं० ॥ २४५ ॥

सखी का समझाना कि व्यर्थ प्राण न दे, देख ईश्वर क्या करता है। ईश्वरी लीला कोई नहीं जानता। सखियों

(१) मो.-छत्रीस। (२) ए.कृ. को.-एह।
(३) ए. कृ. को.-फरजंतं। (४) मो.-फढ्ढतँह।

भगिनि भ्रात दुअ प्रीत। पिता माता प्रिय मानं॥
अति उछाह रग रमै। असन इक ठाम प्रधानं॥
सबरिप्प भई सचहारु दुअ। अति अभूत लच्छिन प्रबल॥
लालित सरूप पिय चंद सम। राजकुंअरि राजै अतुल॥ छं० ॥१७४॥

एक आनन्दचन्द खत्री था उसकी बहिन चन्द्रिका कोट में ब्याही थी, वह विधवा हो गई और भाई उसको अपने यहां ले आया।

तिन राजन कै मंच। नाम आनंद चंद भर॥
तिन भगिनी चंद्रिका। ब्याह ब्याही सु दूरि धरि॥
नैर कोट हिस्सार। तास पिचीय प्रमय बर॥
अति सु प्रीति नर नारि। सुष्य अनुभवै दीह पर॥
कोइक्क दिवस भर तार वहि। तुच्छ दीह परलोक गत॥
आनई वहनि फिर अप्प ग्रह। अति सु दुष्य निसि दिन करत॥छं०॥१७५॥

वह गान आदि विद्या में बड़ी प्रवीणा थी।

दूहा॥ अति प्रवीन विद्या लहन। गान तान सुभ साज॥
केइक दिन अंतर वहिग। गइ अंते बर राज॥ छं० ॥ १७६॥

उसके पास शशिव्रता विद्या पढ़ती थी।

तिन संगह ससिव्रत्त सुअ। पठन विद्य सुभ काज॥
देवि कुंवरि अदभुत अवय। रंजित है अति लाज॥ छं० ॥ १७७॥

उसी के मुख से आपकी प्रशंसा सुन कर वह आप पर मोहित हो गई है।

कवित्त॥ जब पिचिन चंद्रिका। कहै गुन नित चहुवानं॥
जेस पराक्रम राज। तेइ बरनै दिन मानं॥
राजकुंअरि जब सुनै। तबै उभभरै रोम तन॥
फिरि पुच्छै ससिव्रत्त। सदि एकंत मत्त गुन॥

चहुआन चिंत जुग्गिन [1]पुरेस। आयत्त वीर जिन करहु भेस॥ छं०॥२५८॥
लिब्बरै बाद जो करौ मंच। साधम्म वीर कढ्ढै [2]जु कंत॥छं०॥२५९॥

राजा का पृथ्वीराज के आने और शशिवृता के प्रेम का समाचार जानकर हंमीर संमीर (?) से मत पूछने लगा।

दूहा॥ कंति कंति प्रति बढ्ढई। चढ़ै चाइ चहुआन॥
मो पुच्छै प्रति तान जो। वीर चंद दै दान॥ छं०॥ २६०॥

हंमीर संमीर का मत देना कि वीरचन्द को कन्यादान दीजिए।

गाथा॥ बीरं चंद सुदानं। पानं विधाय नित्तयौ गुरयं॥
बुल्लै न्रप हंम्मीरं। साइ संमीरं साइ मंगायं॥ छं॥ २६१॥
दूहा॥ जं हंमीर संमीर गति। समुह सु दुज्जन भेव॥
जिन बड़वानल कुप्पयौ। सार मंत्ति प्रति सेव॥ छं०॥ २६२॥
सार भार संसार कौ। नव निधि नव प्रति पान॥
व्याह वीर शशिव्रत्त कौं। अप दीजैं प्रति दान॥ छं०॥ २६३॥

कन्या के प्राण देने के विचार और शकुन विचार से राजा भानु ने चुपचाप पृथ्वीराज के पास दूत भेजा।

बाल प्रान कढ्ढत सुपुनि। सगुन एक मन मान॥
बढि अवाज चहुआन की। अली सुन्यौ अप कान॥ छं०॥ २६४॥
यों सु सुनिय न्रप भांन नैं। पुच्छि प्रलय व्रत कीन॥
चर [3]पिष्षिय चहुआन पै। जद्दव [4]मोकल दीन॥ छं०॥ २६५॥

राजा ने पत्र में लिखा कि शिव पूजा के बहाने शिवाले में तुम को शशिव्रता मिलेगी।

सुक्कार मति वंतिनी। न्रप कग्गद दै हथ्थ॥
पूजा मिसि बाला सुभर। संभु थान मिलि तथ्थ॥ छं०॥ २६६॥

---

(१) ए. कृ. को.- परेस। (२) मो.-सु।
(३) ए. कृ. को.-छिप्पय। (४) मो.-कलि।

प्रसन्न हो कर शिव पार्वती ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है कि जयचन्द ब्याहने आवेगा सो तुम रुक्मिणी हरण की भांति इसे हरण करो।

कवित्त ॥ हुअ प्रसंन सिव सिवा। बोलि हूं पठय तुझ्झ प्रति ॥
इह बरनी तुम जोग। चंद जौसना वान व्रत ॥
ज्यों रुकमिनि हरि देव। प्रीति अति बढ़ै प्रेम भर ॥
इह गुन हंस सरूप। नाम दुजराज भनिय चर[1] ॥
बुल्लिय सु पिता कमधज्ज नर। ब्याहन पठयौ सु गुर दुज ॥
आवै सु भ्रात जैचंद सुत। कमध पुंज ब्याहन सुकज ॥ छं० ॥ १८६ ॥

राजा ने फिर पूछा कि उसके पिता ने क्यों व्याह रचा और क्यों प्रोहित भेजा।

दूहा ॥ फिरि राजन यों उच्चरिय। सुनि दुजराज सुज्ञान ॥
पिता व्याह क्यों कर रचिय। क्यों प्रोहित पठवान ॥ छं० ॥ १८७ ॥

हंस का कहना कि राजा ने बहुत ढूंढ़ा पर दैव की इच्छा उसे जयचन्द ही जंचा। वहां श्रीफल ले प्रोहित को भेजा।

कवित्त ॥ कहै दुज सकल बांनि। अहो ढिल्ली नरेस सुनि॥
देवगिरी जद्दव नरेस। रचि बहु भांति व्याह गुनि ॥
अति रचना विधि करिय। तासु गुन कहि न सकों बर ॥
संपपक दुज कही। सुनि रु राजंन कहै नर ॥
प्रोहित सुहत्थ जदुनाथ लै। पठइय श्रीफल सुदिन धरि ॥
कनवज्ज दिसा इक मास प्रति। चलि[2] राजन गुर मिलि सुजुरि॥छं०॥१८८॥

प्रोहित ने जयचन्द को जाकर श्रीफल और वस्त्राभूषण आदि अर्पण किया।

मिले राज जयचंद। सु गुर प्रोहित्त समत्थं ॥

(१) मो—नर।　　(२) मो.—चल्लि राजगुर।

माया हीन मसंद। दंद दारुन डर नाइय॥
दल दुंदन सिंधु रहि। वाहु दंतन उप्पारहि॥
एक एक संग्रहै। एक शस्त्र करि डारहि॥
दैवत्त वाह दैवत्त भर। देवग्गिरि संम्हो चलिय॥
बर बीर धीर साधन सकल। अकल मह्हरति मति कलिय॥छं०॥२७३॥

दूहा॥ अकल वीर रस अफल भुज। कलि न जाहि सामंत॥
भीम भयानक बल सु इत। जे भंजै गज दंत॥ छं० ॥२७४॥
[1] लभ्भै जस लिष्षीय बर। दैव जोग नह[2] हत्थ॥
पुब्ब दई प्रथिराज कौं। सोइ प्रन मन समरथ्थ॥ छं० ॥ २७५॥
चाहुआन कै कृत सयन। मरन सरन प्रथिराज॥
उभै सिंघ दुअ बीच पल। उभै सिंघ सिर ताज॥ छं० ॥२७६॥

गाथा॥ घटिका उभय सु देवो। रहियं निकट राजनं ग्रामं॥
जानिज्जै न्रप नैरं। दिष्ष न काजैव सोभियं नैनं॥ छं० ॥२७७॥

दूहा॥ रंध्र गवष्षनि नैर मधि। जारि न चिंत प्रमान॥
मानहु न्रप प्रथिराज कौ। रंध्र नैन [3]प्रत प्रान॥ छं० २७८॥

पृथ्वीराज का नगर में होकर निकलना, स्त्रियों का झरोखों से देखना। शशिवृता का प्रसन्न होना।

कवित्त॥ दुहूं पास न्रप नयर। राज दिष्षै प्रति राजं॥
मनों हथ्थ बर नयर। राज संमुह प्रति साजं॥
कोट कठिन मेखल सु। कटि द्रिग पलक उघारिय॥
राज किति संभरन। गोष अवनंन संभारिय॥
किंकिनि सुपाइ घुंघर सु गज। राज निसान सबद्द प्रति॥
चहुआन राव आगम सुव्रत। कमल हीय बद्धिय मुरति॥छं०॥२७९॥

राजा भान के हृदय में पृथ्वीराज का आना सुनकर हर्ष शोक साथ ही उदय हुआ।

(१) मो.-लभै सुजस लिक्खंत बर (२) मो.-नन।
(३) मो.--तजि।

दर कूच परे बल बंस [1]बीर। व्याहनह काज उच्छव सु बीर ॥छं०॥१९४॥
कह हंस राज राजन सु वत्त। चढ़ि चलौ कलू रप्पन सुकत्थ॥
तुम योग नारि बरनी [2]कुमारि। हूं पठय ईस तुअ हत्त नारि॥छं०॥१९५॥
उन लियौ हत्त तुअ दृढ़ नेम। नन करि विरम्म राजन सु एम॥
इक मास अवधि दुज कहै वत्त। व्याहन सु काज मन करौ [3]रत्त॥छं०॥१९६॥
बर ईस भयौ अरु सिवा बानि। सुख लह्यौ बहुत हम दुज बषानि॥
सुनि सुनि श्रवन अनुराग कीन। तन रोम अंग उब्भारि चीन्ह॥छं०॥१९७॥
दस सहस सेन सजि पास राज। चढ़नैं सुचित्त करि बाज साज॥छं०॥१९८॥

पृथ्वीराज का शशिवृता से मिलने के लिये संकेतस्थान पूछना।

दूहा॥ कह संभारि बर हंस सुनि। कह जहौं संकेत॥
कोन थान हम मिलन है। कहन बीच संमेत॥ छं० ॥१९९॥

ब्राह्मण का संकेतस्थान बतलाना।

गाथा॥ कह यह दुज संकेतं। हो राज्यंद धीर ढिल्लेसं।
तेरसि उज्जल माघं। व्याहन बरनीय थान हर सिद्धिं॥छं०॥२००॥

राजा का कहना कि मैं अवश्य आऊंगा।

दूहा॥ तब राजन फिरि उच्चरै। हो देवस दुजराज॥
जो संकेत सु हम कहिय। सो अप्पी चिय काज॥ छं० ॥ २०१ ॥

हंस का कहना कि माघ सुदी १३ को आप वहां अवश्य पहुंचिए।

अरिल्ल॥ सो अप्पिय हम नेम सु दृढ्ढं। तुम अवस्य आवो प्रभु गढ्ढं॥
सेत माघ त्रयोदसि सा वहि। हर सुकलेव थांन सुति भावहि॥छं०॥२०२॥

इतनी वार्ता करके हंस का उड़ जाना।

दूहा॥ इह कहि हंस सु उड़ि गयौ। लग्यौ राज श्रोतान॥
छिन न हंस धीरज धरत। सुख जीवन दुख प्रान॥ छं० ॥ २०३ ॥

(१) मो.—धरि। (२) मो.—कुंआरि। (३) मो.—सत्त।

सखी का शशिवृता से कहना कि तू जिसका ध्यान करती थी वह आ गया, देख।

यों करंत [1]दुत्तिय वियौ। कथा श्रवन सुनि मंत॥
जाकौ तें पतिवृत्त [2]लिय। सो आयौ अग्नि कंत॥ छं०॥ २८८॥

शशिवृता का आँख उठाकर देखना। दोनों की आँखें मिलना।

श्रवन नयन का मेल कै। भय चंचल चल चित्त॥
श्रोताने दिष्टांन अरु। मिलि पुच्छै [3]दोइ मित्त॥ छं०॥ २८९॥

मारे लाज के कुछ बोल न सकी पर नैन की सैन से ही बात हो गई।

चंद्रायना॥ कर्न प्रयंत कटाछ सुरंग विराजही।
कछु पुच्छन कों जाहिपै पुच्छत लाजही॥
नेंन मेंन में वात स्रवनन सों कहै॥
काम किधों प्रथिराज भेद करिना लहै॥ छं०॥ २९०॥

नैन श्रवण का संवाद।

दूहा॥ नेंन श्रवन्नन पूछई। तुम जानैं वहु भंत॥
मेरे जीय अंदेस है। कही न मैं पिय जंत॥ छं०॥ २९१॥
श्रवनन सन नेंना कही। [4]तुम जानौ चहुआन॥
काम न्टपति कौ रूप धरि। आवत है इन थान॥ छं०॥ २९२॥

हंस ने पहुँचकर शशिवृता से कहा कि ले पृथ्वीराज शिवालय में तुझ से मिलने आ गया।

ताम हंस आयौ समपि। कह्यौ अहो शशिवृत्त॥
चाहुआन आयौ प्रछन्न। मिलन थांन हर सित्त॥ छं०॥ २९३॥
कवित्त॥ [5]घेरि गांम जद्दव नरिंद। उभ्भे चिहु पासं॥

---

(१) मो.-दुद्दिय। (२) मो.-लियौ।
(३) मो.-दोय। (४) ए. कृ.--जिन। (५) ए.-वोरि

किधौं राति बोहित्थ भ्रमि भोर नारं। कही चंद कब्बी उपंमाति चारं।
चढ्यौ चंद पुंडीर राजीव नामं। तिनं [1]ओपमा चंद देषी विरामं॥छं०॥२१५॥
जिनें गत्ति जीती सयन्नं पगारं। चली झंपि के पंप चित्तं बधारं॥
चढ्यौ अत्त ताई उतंगं तुरंगा। मनों बीज की गत्ति आभा अनंगा॥छं०॥२१६॥
चढ्यौ राव रामं [2]रघूवंस बीरं। गतिं सूर जित्ती स्वर्गं चंद भीरं॥
चढ्यौ दाहिमं देव नर सिंघ कैसे। मनो चित्त की अर्थ की गत्ति जैसे॥छं०॥२१७
चढ्यौ भोज राजं पहारं चिनैतं। फुटै सद्द तेजं अवाजं [3]चितेतं॥
चढ्यौ वीर जोइं कनकं कुमारं। चलौ छत्य पूरन्न आचार पारं॥छं०॥२१८॥
चढ्यौ राव पज्जून कूरंभ बीरं। बढे लोह अग्गं धनं जैतपूरं॥
चढ्यौ सामलौ सूर सारंग ताजी। गही होड़ बंधी वयं वाम पाजी॥छं०॥२१९॥
चढ्यौ अल्हनं वीर बंधव्व पानं। चढ्यौ दान ज्यों ग्रहनं जुद्ध वानं॥
चढ्यौ लष्य लष्यी सलष्यं बघेला। चढ्यौ नेत ज्यों देह देषै सु हेला॥छं०॥२२०॥
चढ़े सब्ब सामंत छल वलत बीरं। मनों भान छुट्टी [4]किरन्नी कि तीरं॥
चढ्यौ बाज राजं प्रथीराज राजं। तवै पष्परयो बाज साकत्ति साजं॥छं०॥२२१
उडें सूर ज्यों हंस तुट्टै कमंधं। वरं ओपमा चंद जंपी कविंदं॥
द्रुमं ज्यों मरोरै [5]शिरं स्वामि हेतं। मयूरं कला बाज रची बंधि नेतं॥छं०॥२२२॥
चढ़े सब्ब सामंत सामंत बीरं। तवै जग्गियं जानि जोगाधिधीरं॥
जगी जोग माया सु जग्गीय थानं। प्रलीनं प्रलै ज्यों प्रलीनं प्रमानं॥छं०॥२२३॥
जगें वीर वीराधि डोरूं वजावैं। नचै नद नंदी चिघाई चिघावैं॥छं०॥२२४॥

माघ वदी पञ्चमी शुक्रवार को पृथ्वीराज का यात्रा करना।

दूहा॥ [6]आगम निगम जांनि कै। चलि न्रप [7]सुक्कवार॥
माह वद्दि पंचमि दिवस। चढ़ि चलिये तुर तार॥ छं० ॥ २२५ ॥

चन्द का सेना की शोभा वर्णन करना।

छंद चोटक॥ कवि चंद सु वंनन राज करं। सोइ चोटक छंद प्रमान धरं॥

(१) मो.-उप्पमा। (२) मो.-रघोवस।
(३) मो.-त्रिनेतं। (४) मो.-किरन्नं।
(५) ए.-सिरं। (६) ए.-अगम निरागम।

दस दासियों के साथ शशिवृता का शिवालय में आना।

दूहा ॥ ते दासी दस बाल ढिग । तिर बरने कवि चंद ॥
तिन में बाल सुसोभियैं । मनों प्रथीपुर दंद ॥ छं० ॥ ३०१ ॥

शशिवृता का रूप वर्णन ।

छंद चोटक ॥ मय मंजन मंडित बाल तनं । घनसार सुगंध सुघोरि घनं ॥
नव लोइन अंजित मंजि चली । कि मनो कस कुंदन पंभ इली ॥ छं० ॥ ३०२ ॥
सुभ वस्त्र सुअंग सुरंगनसी । सुहली मनु साप मदन्न कसी ॥
जरि जेहरि पाइ जराइ जरी । सजि भूपन नभ्भ मनौ उतरी ॥ छं० ॥ ३०३ ॥
सिगरी लट यों बिथरी बिगसें । शशि के मुख तें अहि सें निकसें ॥
रँग रत्त उवट्टन उज्जल के । तिन में कछु सेत सुधा चलि के ॥ छं० ॥ ३०४ ॥
नव राजियरोम बिराज इसी । जमना पर गंग सरस्वति सी ॥
परि पान सु कुंकम मज्जन कै । नव नीरज अंजन नैननि कै ॥ छं० ॥ ३०५ ॥

दूहा ॥ छुटि म्रग मद कै कांम छुटि । छुटि सुगंध की वास ॥
तुंग मनों दो तन दियौ । कंचन पंभ प्रकास ॥ छं० ॥ ३०६ ॥

कुंडलिया ॥ धर उप्पर कुच कनि परी । राजस तामस रंग ॥
तीजौ तिहि सत काम मिलि । सो ओपम कवि अंग ॥
सो ओपम कवि अंग । मदिन सिलि काम पतंगी ॥
चढ़त घरं संमूह । करी भइ फेरि पतंगी ॥
*बरं सिर दार बिमार । संभु चढ़आन नाह नर ॥
गंग यमुन भारत्थ । हत्थ जोरंत सु अड्डर ॥ छं० ॥ ३०७ ॥

दूहा ॥ तिमिर बीर गवनं कुवट । त्रिगुन तेज रवि चास ॥
चवनित विक्रम परिस की । [1]काम ज्वाल बल हास ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

कुंडलिया ॥ करि मज्जन सज्जन सुक्रम । आभूषन न समान ॥
केहं काके कोहि दिसि । सजि सषि नैन कमान ॥
सजि सषि नैन कमान । केश वागुरि विस्तारिय ॥

---

* छंद ३०७ के दोनों अंतिम पद अशुद्ध हैं। पाठ चारों प्रतियों में समान है।

(१) मो.-द्रूल ।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज । सगुन भै भीत उपन्नौ ॥
स्यांम अंग तन छिद्र । कलस संमुहं सपन्नौ ॥
रत्त वस्त्र आरुह्य । रत्त तिलकावलि छुट्टिय ॥
मुकत माल छुट्टियं । केस छुट्टिय कस तुट्टिय ॥
लुट्टिय अनंग भय भीत गति । मन अलुब्भ निद्रा [1]असति ॥
विब्भाइ भाइ उनमोद पति । मंद मंद सक्षति हसति ॥छं०॥२३८॥

राजा का इन शकुनों का फल चन्द से पूछना ।

अरिल्ल ॥ सो भय भीत देषि कवि पुच्छिय । जंपि कहौ मति मोहि सु अच्छिय ॥
तुम सव जांन न्रिमान प्रमानं । जंपि कहौ कविराज सुजानं ॥छं०॥२३९॥

चन्द का कहना कि इस शकुन का फल यह होगा कि या तो कोई भारी झगड़ा होगा या ग्रहविच्छेद ।

दूहा ॥ पाछे वीर सगुन्न भय । ते कहंत कविचंद ॥
कै दंदग्गेनय ऊपजै । कै नवीन ग्रह दंद ॥ छं० ॥ २४० ॥

चन्द ने राजा को जैचन्द के पूर्व वैर का स्मरण दिलाकर कहा कि इस काम में हाथ देना मानों वैठे वैठाए भारी शत्रु को जगाना है ।

कवित्त ॥ सौस डोलि कविचंद । चित्त अंदेह उपन्नौ ॥
पुव्व वैर चहुआन । वैर कमधज्ज दिपन्नौ ॥
सवर जोर संग्राम । निवर अँगम्यौ न जाइय ॥
को जम हथ्थ पसारि । लेह [2]ग्रह अप्प बुलाइय ।
[3]मंडाय पेट डंकिन सरसि । कौन वांह सायर तिरै ॥
[4]अपसगुन जानि चहुआन चलि । दै विधान न्रिम्मित करै ॥छं०॥२४१॥

वय, पराक्रम, राज और काम मद से मत्त राजा ने कुछ ध्यान न दिया और दक्षिण की ओर शीघ्रता से वह चला ।

(१) मो. असित (२) मो.-सह । (३) ए. कृ. को.-मैडाप । (४) ए. कृ. को.-असुभम ।

जु भारथी सु [1]गंग लै। सुमेर शृंग तें वही ॥ छं० ॥ ३१५ ॥
जराइ चौकि स्याम पाट। रत्ति पत्ति तें पुली ॥
सुरंग तित्थ थान मंडि। हंस शीश तें चली ॥
सुवर्न छुद्रघंटिकादि। षोडसं बषानयं ॥
सु मुत्ति तात मोर तन्न। [2]गोदरं बषानयं ॥ छं० ॥ ३१६ ॥
सुगंध गोप चिन्ह मंडि। पीत रत्त जावकं ॥
अभूषनं धरंत चित्त। मित्त हित्त शावकं ॥
बनाइ कें चौंडोल लोल। चढ्ढिता सु सुंदरी ॥
सुदोषिता सुरंग थान। अस्तु तास उच्चरी ॥ छं ॥ ३१७ ॥

शशिवृता का चंडोल पर चढ़ कर देवी की पूजा को आना।

दूहा ॥ सजि शृंगार शशिव्रत्त तन। चढ़ि चौंडोल सुरंग ॥
पूजन कौं बर अंबिका। आई बाल सु अंग ॥ छं० ॥ ३१८ ॥

तेरह चंडोलों को चारों ओर से घेरकर राजा भानु की सेना का चलना।

सज्जि सेन जद्दव न्रपति। दसत तीन चौंडोल ॥
लकरि लाल से पंच अग। दस दिसि [3]लष्षन लोल ॥ छं० ॥ ३१९ ॥

सूर्योदय के समय पूजा के लिये आना। राजा की सेना का वर्णन।

कवित्त ॥ अरुनोदय उद्यमह। सुच्छि लिन्नै सु बंध भर ॥
उभय सहस बाजित्त। ढोल चंबकी सुमत गुर ॥
अद्ध सहस नफ्फेरि। सहस सहनाइ सुरंगी ॥
सुवर बीर पूजा प्रमांन। कीनी मति चंगी ॥
बिन पुंज संग सेना सकल। अकल अपूरब वत्त बर ॥
चर सकल विकल अलि कुलन कौं। सुचित मित्त इक्कह सु थिर ॥ छं० ॥ ३२० ॥

(१) मो.-मंग (२) ए.-सादरं
(३) मो.-दिष्षन।

का श्रीरामचन्द्र, पाण्डव आदि के प्राचीन इतिहास सुनाकर धीरज धराना।

[1]कहै सपी समझाइ कर। पुब्ब कथा कहुं मंडि ॥
घरी अद्ध जो सुनिहि तुअ। प्रान वाल नन छंडि ॥ छं० ॥ २४६ ॥
छंद पद्धरी॥ मिलि बाल ताहि रचि कहै वत्त। संग्रहन भवन क्यों मिटै पत्त॥
दैवान वत्त जानै न कोइ। लिष्षे जु अंक मिट्टय न सोइ॥छं०२४७॥
वल वीर जुद्ध पंडव नरेश। वन ग्रह्यौ राज मुक्कौ सुदेश॥
[2]जिप्पनह सब्ब दृगपाल जोग। संध्यो सुजोग तजि राज भोग॥छं०॥२४८॥
वलि राइ जग्य आरंभ सत्य। जित्तनह इंद्र आरंभ पत्त॥
मुक्किय सुथान तिन मान पंडि। सेवह सुदेव पाताल मंडि॥छं०॥२४९॥
कढ्ढन कलंक शशि जग्य कीन। का कुष्ट अंग छिन मान हीन॥
नधु राइ कोन राज सु अनूप। का कुष्ट काल संहर्यौ कूप॥छं०॥२५०॥
श्रीराम हथ्थ पकर्यौ प्रवीन। आरन्य वहुत दुप सीय कीन॥
गुरुदेव त्रिया तारा प्रमान। झकझोरि परी देवन समान॥छं०॥२५१॥
सिय लई निशाचर रूप चीन्ह। मिलि देव जुद्ध आरंभ कीन॥
आतम्म घात [3]मंडो विशाल। पावैं न सुष्य व भ्रमें काल॥छं०॥२५२॥
तिय मात तात वंधह सु देहि। वाला विचित्र ते [4]छत्त लेहि॥
कुलजाहि भंम ग्रह राजनीति। जे मँडहि बाल गुर जनन जीति॥छं०॥२५३॥
शशिवृत्त जु वत्तिय मत्ति मानि। हित काज मत्ति हम दै प्रमान॥
पंषी न पच्छि को लगै धाइ। आवै न छत्त पै जंम जाइ॥छं०॥२५४॥
आवै न मेह ग्रह लगै अग्गि। पावै न जीव को दान मग्गि॥
मानै न विनति तिन मंत सुझ्झ। जनु कान हीन गुर कही गुझ्झ॥२५५॥
मंनै न बाल उर मत्त मान। चिंत्यौ सुतात कढ्ढन परान॥छं०॥२५६॥
चौपाई॥ मिलि मिलि बाल रचावैं वाल। तन मन मनै न चित व्रत साले॥
वहुत करें सिंगारे सारे। मनो मृतक नव रंग न धारे॥छं०॥ २५७॥
छंद पद्धरी॥ राजन अनक पुची त्ति व्याह। शशिवृत्त देव कन्या सिवाह॥

(१) मो.-कही। (२) मो. जिप्पतह।
(३) मो.-मंडे। (४) ए. कृ. को.-छद।

एक ओर कान्यकुब्जेश्वर की सेना का जमाव होना और दूसरी ओर पृथ्वीराज की सेना का घेरना।

कवित्त ॥ देषि सुभर [1]लच्छिनति। फौज चतुरंग रिंगावै ॥
अरी सेन सम भार। धार भंजत मग पावै ॥
बहु गिरष्टता रिष्ट। हक्कि अप्पन पर धावहु ॥
सुबर स्यंघ आलस्य। स्याल ह्वधौ करि पावहु ॥
उठ्ठैन बीर बोरहु उठत। सुबर मंत्र फुनि करिय बर ॥
अभ्भंग सेन भद्दव सरिस। अभँग अंग [2] सज्जे कहर ॥छं०॥३३३॥

पृथ्वीराज की सेना का चारों ओर से घेरना।

दूहा ॥ चाहुआन सब सेन जुरि। भिरि रूंधे चहुंपास।
देव दुतिय देवह दरस। बल बढ्ढिय आयास ॥ छं० ॥ ३३४ ॥

जैचन्द और पृथ्वीराज की सेना की तुलना।

कवित्त ॥ असुर सेन कमधज्ज। सु सुर प्रथिराज सेन बर ॥
अमृत किक्ति संग्रह्यौ। मदह भौ क्रोध वीर [3]तर ॥
महन मोह रंभनी। तहां शशिव्रता समानं ॥
दुहुन बीच सिुभ्भयै। हेत चहुआन सुजानं ॥
अक्कित्त राह पच्छै फिरग। चक्र तेग सज्जिय सुबुधि ॥
अलि सकति सेन माया विषम। सुबर बीर बढ्ढिय सु सुधि ॥छं०॥३३५॥

दोनों सेनाएं तलवार लिए तैयार हैं। जिसने द्रोपती का पण रक्खा वही शशिवृता का पण रक्खेगा।

दूहा ॥ दुहूं तेग तारुन्य तन। सयन सुक्रति प्रतिकाल ॥
जिन रष्यौ द्रोपत्त पन। सो [4]रष्यै प्रति बाल ॥ छं० ॥ ३३६ ॥
देह कंचुकि दह दून अलि। विच संदरी अमूल।
डोल तीस संयोग भति। भी भारथ्थ समूल ॥ छं० ॥ ३३७ ॥

---

(१) मो.-लष्षिन सु। (२) मो.-सज्जै।
(३) ए. कृ. को.-त्रासि। (४) ए. कृ. को-रष्वै।

इधर पृथ्वीराज के सरदारों का उत्साहित होना।

कवित्त ॥ हय गय दल चतुरंग। कंक संचोति कन्ह सिर ॥
राजह्व वग्गरी। रांम रघुवंस जुद्ध जुर ॥
निडुर रा रठ्ठौर। सेन सज्जै भ्रत रज्जै ॥
एक एक संपज्ज। एक एकन गुन लज्जै ॥
जुग्गिनि डहकि बंबरि लसथ। जिम जिम शंकर सिर [१]धुनिय ॥
अत ताइ उत उत्तंग वर। वावारी सारह [२]सुनिय ॥ छं० ॥ २६७ ॥

कवि कहता है गन्धर्व व्याह शूरवीर ही करते हैं।

गाथा ॥ सार प्रहारति भेवो। देवो देवत्त जुद्धयौ वलयं
गंध्रव्वी प्रति व्याहं। सा व्याहं स्तर कलयामं[३] ॥ छं० ॥ २६८ ॥

पृथ्वीराज का आना सुनकर मन ही मन राजा भान का प्रसन्न होना, परन्तु वीरचन्द का सशंकित होना।

कवित्त ॥ सन [४]सद्धि संमुहिय। भान आवाज राज सुनि ॥
प्रान लद्धि जो मद्धि। लाज लब्भी जु स्तर धुनि ॥
प्रिय विरहिनि रिधि रंक। कै ध्यांन लब्भै जोगिंदं ॥
वलह काम कलहंत। कि कह विस्वासत इंदं ॥
संभरिय कान संभरि न्टपति। वीर चंद आगम विषम ॥
निह काल काल भंजन गढ़ै। वढ़ै सार सारह विभ्रम ॥छं०॥२६९॥
दूहा ॥ सार धार पूजै नहै। पिति सामंत न नाथ ॥
आवृत वीर क्यों पूजई। दैव दैवतह साथ ॥ छं० ॥ २७० ॥
गाथा ॥ दुअ्र वंस ऋंस सारसं। वज्जं बाहु वलयो वलयं ॥
वज्जं दृष्टिति रिष्टं। सालिष्टं अष्टयो किलयं ॥ छं० ॥ २७१ ॥
अरिल्ल ॥ वर वरिष्ट वर लोभ प्रकार। लष्प लष्प सा मंतह सार ॥
तिन वर वर अंगम प्रति जानिय। सो देवत देवत्तह मानिय ॥छं०॥२७२॥
कवित्त ॥ अति प्रचंड वलवंड। वैर [५]बाहरू तत्ताइय।

(१) मो.-धुनय। (२) मो.-सुनय। (३) कलयामि। (४) मो. मध्य।
(५) मो.-बाहरू तनाइय।

विरुध जुद्ध बंधन सुदल। स्वामि भ्रंम्म चित पान ॥
दुतिय भ्रंम जानै नही। धनि सामंत बषान ॥ छं० ॥ ३४४ ॥

गाथा ॥ बद्धे दलं समूरं। लष्यं सेनाय अट्टतं बलयं ॥
ते जग्गे रस बीरं। जानिज्जै जोग जोगायं ॥ छं० ॥ ३४५ ॥

सेना में बीर रस का जाग्रत होना।

छंद भुजंगी ॥ जग्यौ बीर बीरं सु डौंरू बजावै।
महा चित्त चित्तं सुमंतं निपावै ॥
जग्यौ बीर बीराधि बिराधि रूपं।
मनो ईश शीशं नचै बीर [1]रूपं ॥ छं० ॥ ३४६ ॥

दूहा ॥ भयौ बीर बीरह तिगुन। नच्यौ रुद्र बहु भेद ॥
सो दिष्यौ दिष्यौ [2]नहै। सो देषन गुन छेद ॥ छं० ॥ ३४७ ॥
नह तारक्कि सु जुद्ध बर। नह देवा सुर मान ॥
सो दिष्यौ कमधज्ज सौ। चाहुआन बलवान ॥ छं० ॥ ३४८ ॥
चाहुआन कमधज्ज बर। बरै षटक्क सुबद्द ॥
देवग्गिरि [3]उग्गाहिये। करि भारथ्थ न सद्द ॥ छं० ॥ ३४९ ॥

देवालय के पास सब लोगों का चित्रलिखे से खड़े रह जाना।

छंद भुजंगी ॥ सुसद्दे विसद्दे विसद्दे निसानं।
[4]रहे देव थानं [5]बटे देव थानं ॥
रहे सब्ब योंही ठगी ठग्गा लग्गे।
मनो चित्रलिष्षे विचित्रंत ठग्गे ॥ छं० ॥ ३५० ॥

गाथा ॥ जो इज्जै मन चरियं। हरियं एक कग्गयौ सबदं ॥
सब सेना कमधज्जं। विंटे वा बाल सर सायं ॥ छं० ॥ ३५१ ॥

सखियों का जैचंद के भाई को शशिव्रता का वर कहना जो उसे बिष सा लगा।

(१) ए. कृ. को.-सूपं। (२) मो.-नहीं।
(३) मो.-सु उगाहिए। (४) मो.-रहं (५) कृ. को.-बद्दे, ए.-बद्दे

दूहा ॥ काम कलह रत वढ्ढि प्रति । सुनिय भान न्टप कान ॥
आनंदह दुप उपपज्यौ । मरन सु निश्चय मान ॥ छं २८० ॥
श्लोक ॥ मंगलस्य सदा व्याहं । अव्याहं सु मंगलं ॥
ब्रह्मा चकितं समो दृष्टे । [1]जेक कंज सु कंजभिः ॥ छं० २८१ ॥

पृथ्वीराज की सेना का उमङ्ग के साथ नगर में घूमना ।

कवित्त ॥ फिरिग पंति चिहु पास । सूर उभ्भौ चाव दिसि ॥
अतित जुद्ध आवद्ध । मत्त[2] वरपंत वीर असि ॥
और व्याह मंगलह । व्याह मंगल अधिकारिय ॥
परि पिशाच दानव । सु वुधि मग्गह विच्चारिय ॥
नन करहु तात दुप पुत्त कौ । घर लीनौ जम सद्दकैं ॥
प्रथिराज राज राजन वलिय । को पुज्जै रन वद्दिकै॥ छं० ॥ २८२ ॥
दूहा ॥ को पुज्जै वद्दत [3]सुरन । वयन सयन प्रथिराज ॥
अद्दत जित्ति जित्तिय सयल । [4]को मंडै कृत काज ॥ छं० ॥ २८३ ॥
गाथा ॥ को मंडै क्रत काजं । साजं जुद्धय सूर योवनं ॥
तारिज्जैं सजि राजं । वंकिम भूमायं विषमयं होई ॥ छं० ॥ २८४ ॥

देवालय में शिव पूजा के लिये शशिवृता का जाना । पृथ्वी-राज का वहां पहुंचना ।

देवालय भगवती । पूजैवं पूजयो वालं ॥
सुवर पुछ्यौ प्रथिराजं । कुज संसा वीरयो हथ्यं ॥ छं० ॥ २८५ ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा ।

दूहा ॥ विषम ठौर बंकम विषम । कल [5]सोभित दृत कंद ॥
जो प्रथिराजह अंग में । मनों प्रथी पुर इंद ॥ छं० ॥ २८६ ॥
मनों राज पृथ्वी पुरह । धनि सुभ्रम्म लवलेश ॥
मानहु वीर नरिंद कौ । रति आयौ अविशेश ॥ २८७ ॥

(१) मो.-कंजे कंज सुकं कजभि । (२) ए. कृ. को.-बरपत्त ।
(३) ए. कृ. को.-नर । (४) मो.-मंडे को । (५) मो.-सोभत ।

छंद हनूफाल ॥ प्रारभं मंत्र सु राम। तिहि जपौ अजपा नाम ॥
हरि हरी वरुन विरत्ति। कवि कहौ चंद किरत्ति ॥ छं० ॥ ३५८ ॥
श्रुत कह्यौ वेद पुरान। ज्यों सुन्यौ श्रवन निश्रान ॥
तन स्याम अम्मर पीत। रघुवंस राजस रीत ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
दृग कमल कमला पान। मधु मधुर मिष्टत वान ॥
जिन नाम [1]जनमह [2]कोट। कंद्रप्प लावन मोट ॥ छं० ॥ ३६० ॥
गंभीर सादर मान। आदिष्टवान प्रमान ॥
नह बाल वृद्ध किशोर। उर वरन स्याम न गोर ॥ छं० ॥ ३६१ ॥
अरि दहन उग्रस कोट। पौवै कि गोपिन [3]पोटि ॥
भ्रम भूलि ब्रह्म भुलाइ। सुरनाथ नाथ नचाइ ॥ छं० ॥ ३६२ ॥
निज पानि पद्म कटाच्छ। जिन भ्रमिय भूतल लाछ ॥
आदित्य कोटि प्रकास। सय सक्र कोटि विलास ॥ छं० ॥ ३६३ ॥
आराम कलप निधान। सुर तीन कोट प्रमान ॥
नव रूप रेष अनंग। परकार गर्व विभंग ॥ छं० ॥ ३६४ ॥
पर पाप लिपत इहै न। भुअ भुक्ति मुक्ति सु दैन ॥
काकुस्थ करुना कार। गुन निद्धि सुभ्भर भार ॥ छं० ॥ ३६५ ॥
रन रंग धीर सधीर। भव पार कढ्ढन तीर ॥
सुर सुरी नाथ नचाइ। भ्रम भूल ब्रह्म भ्रमाइ ॥ छं०॥ ३६६ ॥
चतुरान घट्ट सु घूमि। सुरपत्ति फलपति तूमि ॥
तारुन्य रूप प्रकास। सहभूत अंग निवास ॥ छं० ॥ ३६७ ॥
त्रय मंत्र जंपित वार। हर दीन तँह हंकार ॥ छं० ॥ ३६८ ॥
अरिल्ल ॥ बाले ब्रित्त विषम्म प्रमानं। हय गय दल रुंध्यौ चहुआनं ॥
कुंकुम कलस सलेवर हेमं। देव दैव साधारन नेमं ॥ छं० ३६९ ॥
पंगी पय सलह परिमानं। संमुह दलन रुँध्या चहुआनं ॥
गहह गहह कित्ती अविसेसं। सुवर चित्त चिंते जु नरेसं ॥छं०॥३७०॥
गाथा ॥ वर छित्ती छिति धारी। सारं संग्राम नेहयो वलयं ॥
अग्गैई मृग जूथं। ना झुक्कै [4]मृग्गयं राजं ॥ छं० ॥ ३७१ ॥

(१) ए. कृ. को.-जनमहि। (२) ए. कृ. को-जोट। (३) मो.-फोटि।
(४) ए. कृ. को.-मृगयो।

पल नंपिय रंभा सु। कारन आरंभ प्रवासं ॥
एक एक गुन करहि। सब्ब फूले सत पत्तं ॥
तिन मध्यह शशिव्रत्त। भई कम्मोदनि मंचं ॥
[1]पित पुच्छि पुच्छि परिवार सब। पुच्छि वंध रज्जन सकल ॥
आहत्त तात अग्या सुग्रहि। भईय बाल वुध्धा विकल ॥ छं० ॥ २९४ ॥

दूहा ॥ विकल वाल जहं सकल हुअ। वुद्धि विकल प्रति साज ॥
[2]भान वचन सच्चं सुकरि। जिन अप्पी प्रथिराज ॥ छं० ॥ २९५ ॥

गाथा ॥ वीरं चंद सुव्याहं। सो व्याहं जोगिनीपुरयं ॥
संभरि क्रन शशिव्रतं। अगम वीराइमं जनंत तयौ ॥ छं० ॥ २९६ ॥

माता पिता की आज्ञा ले शशिवृता का देवालय में जाना।

कवित्त ॥ पुच्छि मात पित पुच्छि। पुच्छि परिवार ग्रेह सव ॥
में हत लियौ निवद्ध। गवरि पुज्जनं वाल जव ॥
तिन थानक सव देव। नीति आरंभ व्रत लीनौ ॥
तव प्रसाद उप्पनौ। मोहि इच्छा व्रत दीनौ ॥
तिन काल व्रत्त लीनौ सुमैं। गवरि प्रसाद सु पुज्ज फल ॥
वारंज वात तुअ मोह हुअ। कहै और अव लहि [3]अफल ॥ छं० ॥ २९७ ॥

दूहा ॥ दुप देवल कौ छंडनह। उर सिंचन अंकूर ॥
दीह काल वल वीचि वदि। लिय समान संपूर ॥ छं० ॥ २९८ ॥

शशिवृता के रूप का वर्णन।

वाला वेनी छोरि करि। छुट्टे चिहर सुभाइ ॥
कनक थंभ तें उतरी। उरग सुता दरसाइ ॥ छं० ॥ २९९ ॥

कवित्त ॥ तजि भूखन वर वाल। एक आचिज्ज उपन्नौ ॥
लता हेम पर चंद। उभै पंजन ढिग चिन्हौ ॥
श्रीफल उरज विसाल। वाववर अंग, सुपत्ती ॥
सुकि सुत रंग अरन्नि। करी भग्गावल वत्ती ॥
सोभंत उरगपति भुअ शरन। हंस मुत्ति चर [4]बर करी ॥
सुध काज चढ़ै पप्पील सुत। काम पत्तिनी दुख डरी ॥ छं० ॥ ३०० ॥

(१) मो.-पति। (२) मो.-तान। (३) मो.-नरल। (४) मो.-चर।

अपमंगल जिय जानि। सु नैंन मुष वही॥
मनों षंजन मुष मुत्ति। भरक्कत नंपही॥ छं० ॥ ३७५॥

दुहु कपोल कल भेद। सुरंग ढरक्कही।
सज्जन बाल बिसाल। सु उरज परक्कही॥
सो ओपम कवि चंद। चित में बस रही।
मनु कनक कसौटी मंडि। म्रग्ग मद [1]कसरही॥ छं० ॥ ३७६॥

गाथा॥ म्रग मद कसयति चित्ते। मित्तं पुनरोपि चित्तयं बसयं॥
अजहूं कन्ह वियोगे। कालिंदी कन्हयो नीरं॥ छं० ॥ ३७७॥

गहियं गद्द गद्द कंठो। वचनं संजनाइं निठुयो कहियं॥
जानिज्जै सत [2]पच्चं। बंधे [3]सदाइ भवरयं गहियं॥ छं० ॥ ३७८॥

तप तंदिल में रहियं। अंगं तपताइ उप्परं होइ॥
जानिज्जै कसु लालं। घटनो अंग एकयौ सरिसौ॥ छं० ॥ ३७९॥

अपमंगल अल बाले। नेनं नषाइ नष किं सलयौ॥
जानिज्जै धन क्रपनं। सपनंतरो दत्तयं धनयं॥ छं० ३८०॥

जिस समय पृथ्वीराज ने शशिवृता का हाथ पकड़ा पृथ्वीराज के हृदय में रुद्र, शशिवृता के हृदय में करुणा और उन शशि के शत्रुओं के हृदय में वीभत्स रस का संचार हुआ।

कवित्त॥ गहि शशिवृत्त नरिंद। सिढी लंघत ढहि थोरी॥
काम लता कलहरी। पेम मारुत झकझोरी॥
बर लीनी करि साहि। चंपि उर मुट्ठि लगाई॥
मल सुरंग सोइ [4]बत्त। कंत लगि कान सुनाई॥
न्रप भयौ रुद्र करुना सुचिय। बीर भोग बर सुभर गति।
सगपन सुहास बीभच्छरिन। भय भयान कमधज्ज दुति॥छं०॥३८१॥

---

(१) मो.- फरसही। (२) ए. पत्तं। (३) ए. क्रु. को. शब्दाय।
(४) ए. क्रु. को.-बात।

हावभाव कटाच्छ। ठुंकि पुट्टी दिय भारिय॥
वेठि नैन न्रप मूल। पेम [1]देषन गह सज्जन॥
मन म्रग पिय क्षत काज। ताकि बंधन किय मज्जन॥ छं०॥ ३०९॥

छंद नाराच॥ सुगंध केस पासयं। सुलग्गि मुत्ति छंडियं॥
अनेक पुष्प वीचि गुंथि। भासिता त्रिपंडियं॥
मनों सनाग पुष्फ जाति। तीन पंथि मंडियं॥
दुती कि नाग चंदनं। चढ़ंत दुद्व पंडियं॥ छं०॥ ३१०॥
सिंदूर मध्य गुच्छता। म्रगंमदं विराजयं॥
मनो कि सूर उग्गतें। [2]गहे सु पुच लाजयं॥
सु तुच्छ सुच्छ पाट आट। पेम वाट सोभियं॥
मनो कि चदं राह वाल। वे प्रमान लोभयं॥ छं०॥ ३११॥
कनक काम कुंडिलं। हलंत तेज उभभरे॥
ससी सहाइ मान भाइ। सज्जि सूर दो करे॥
दुती उपम्म विंद की। किरन्न चंद दिठ्ठयं॥
मनों कि सुर इंद गोदि। अप्प आनि विठ्ठयं॥ छं०॥ ३१२॥
भुवन्न बंक संक जूअ। नैन स्रग्ग जूवयं॥
जरद्वता चपल गत्ति। [3]अच्छ आनि जवयं॥
कटाक्ष नैन वंक संक। चित्त मान बंकयं॥
सुछंडि वै सु कुंचितं। श्रवन्न वान नंपयं॥ छं०॥ ३१३॥
सुगंधता अनेक भांति। चीर चारु मंडियं॥
सु केहरी कटिं प्रमान। बीच वंधि छंडियं॥
सुरंग [4]अंग कंचुकी। सुभंत गात ता जरी॥
वनाइ काम पंच वान। ओट जोट लै धरी॥ छं०॥ ३१४॥
सुरंग [5]माल लाल वाल। ता विसाल छंडयं॥
सु पुब्ब वैर जानि काम। अग्गि संभ मंडयं॥
[6]दुती उपम्म मुत्ति माल। यों विसाल ता कही॥

(१) मो. पेदन। (२) मो.-गहंत रहे लाजय। (३) ए. कृ. को. अप्प।
(४) ए. कृ को.-रग। (५) मो.-लाल माल (६) ए.-उदी

उठी मुच्छि एनं। सिरं लग्गि गेनं॥ छं० ॥ ३८८ ॥
कमंद्धं निहारी। सयंनं विहारी॥
कमानै निहारी। तरक्कस्स झारी॥ छं० ३८९ ॥
अरी तुंग तारी। फिरै [1]गज्ज भारी॥
सरोसं विहारी। मया मोह जारी॥ छं० ॥ ३९० ॥
महंतं विडारी। ....॥
किए नैन रत्तं। रसं रोस पत्तं॥ छं० ॥ ३९१ ॥
मुरं बीन बीरं। करौ आज तीरं॥
परै मोहि गत्त। हरै शशिशट्टत्त॥ छं० ॥ ३९२ ॥
असी जा पहारं। चढ्यौ धार धारं॥
लियौ घ्रत भारी। परगं सीस डारी॥ छं० ॥ ३९३ ॥
पर्‌यौ मद्ध धाई। असीजा पुलाई॥
बजी कूह कूहं। अवाजं सजूहं॥ छं० ॥ ३९४ ॥

घरियाल के बजते ही सब सेना जुट गई।

कवित्त॥ सुनि वज्जी [2]घरियाल। लाग [3]नीसानन बाजिय॥
इक दिन दोऊ सेंन। चंपि चावद्दिसि साजिय॥
महन रंभ सा जग्य। मध्य मोहन शशिवृत्तं॥
असुर सु सुर मिलि मथहि। सूर बंसी रजपूतं॥
आरंभ पच मंड्यौ कपट। कपट मुक्कि कढ्ढिय लपट॥
दुहूं बीच जद्दों कुंअरि। उभय सिंह सारह झपट॥ छं० ॥ ३९५ ॥

चहुआन और कमधज्ज शस्त्र लेकर मिले।

दूहा॥ चाहुआन कमधज्ज बर। मिले लोह जल छोह॥
भर भर टट्टर बज्जही। बंसह लग्गिय कोह॥ छं० ॥ ३९६ ॥

शत्रुता का भाव उच्चारण करके दोनों ने अपने अपने हथियार कसे।

(१) मो.-गन्न।
(२) ए. कृ. को.-घरि, घरी पंच।
(३) मो.-नीसानत।

गाथा ॥ गुज्जर वै गुज्जर धनी। सथ्थं सेनाह सब्बयौ बीरं ॥
जांनैनि सबर अद्धं। उग्गे वा तिमिर तप हरनं ॥ छं० ॥ ३२१ ॥

मन्दिर के पास पहुंचकर शशिव्रता का पैदल चलना।

हरनंत पति तुरंगं। साहस मंचाय गिह्वयौ रनयं ॥
देवालेयं पासं। सा पासं बालयं चालं ॥ छं० ॥ ३२२ ॥

शशिव्रता के उस समय की शोभा का वर्णन।

छंद नाराच ॥ चली अली घनं बनं। सुभंत सथ्थ संघनं ॥
विहंग भंगयो पुरं। चलंत सोभ नोपुरं ॥ छं० ॥ ३२३ ॥
अलीन जुथ्थ आवरं। मनौ विहंग सावरं ॥
चुवंत पत्त रत्त जा। उवंत जानि अंवजा ॥ ३२४ ॥
कलिंद सोभ केसयं। अनंग अंग लोभयं ॥
उठंत कुंभ कुचयं। उपंम कब्बि सुचयं ॥ छं० ॥ ३२५ ॥
मनों जरंत बाल की। धरी सु आनि लालकी ॥
सुभंत रोमराजयं। [1]प्रपील पंति छाजयं ॥ छं० ॥ ३२६ ॥
मनोज कूप नाभिका। चलंत लोभ आलिका ॥
सुरंग सोभ पिंडुरी। परादि काम पिंडुरी ॥ छं० ॥ ३२७ ॥
नितंब तुंग सोभए। अनंग अंग लोभए ॥
मनौ कि रथ्थ रंभ के। सुरंभ चक्क संभके ॥ छं० ॥ ३२८ ॥
नषादि आदि अच्छनं। मनों कि इंद्र [2]दृप्पनं ॥
ढरंत रत्त एड़ियं। उपम्म कब्बि टेरियं ॥ छं ॥ ३२९ ॥
मनौ कि रत्त रत्तजा। चिकंत पच अंबुजा ॥ छं० ॥ ३३० ॥
गाथा ॥ [3]मढ़ मे रप्पत बाले। लग्गा सेनाय पास चिहु बीरं ॥
धरि धीरं तन दुरयं। रोमं राज रोमयं अंचं ॥ छं० ॥ ३३१ ॥

कान्यकुब्जेश्वर को देख कर शशिवृता का दुखी होना और मन में चिन्ता करना।

दूहा ॥ बाल धरक्कति वचनि गति। ग्यान मोह विष पान ॥
त्यों कमधज्जै देषि कै। बर चिंतै चहुआन ॥ छं० ॥ ३३२ ॥

(१) मो.-पपील। (२) मो.-दर्प्पनं। (३) को.-पढ़।

बहै नाग मुष्पी सु सोहै विकंतं। फटै हस्ति कुंभं ठनंकंत घंटं ॥
विथं वांह पंचै गिरै गज्जराजं। मनो द्रोन पंचै कपी काज पाजं ॥
छं० ॥ ४०६ ॥

पिजै दंत दंती भरं कंध डारै ॥ मनो कोपियं भीम हथ्थी उच्छारै ॥
भरं लोहि गिद्धी भ्रमै भंति छुट्टै। मनो देवलं द्रष्ट चल्लि डोरि तुट्टै ॥
छं ॥ ४०७ ॥

लगै लोह हथ्थी सिरं वंबिक्कारै। तिनं गात तिंद्र जरै अग्गि लारै ॥
परै पोपरी तुट्टि मेजी सुभावै। दधी [1]भाजनं जानि वायस्स आवै ॥
छं० ॥ ४०८ ॥

फटै वीर वीरं सुवीरं सुघट्टं। मनो कर्क करवत्त विहरंत कट्टं ॥
नचैजा कमंधं करै हाक सीशं। चरंमं सुभज्जै हसै देषि ईशं ॥
छं० ॥ ४०९ ॥

युद्ध के समय शूरवीरों की शोभा वर्णन।

गाथा ॥ मानिक्क प्रति ताजं। हेमं हेमेल विद्ध साधरियं ॥
जालिज्जै निसि मद्धं। निरमल तारक सोभियं गैनं॥ छं० ॥ ४१० ॥
मुच्छी उच्चस वंकी। बाल चंद सुभ्भियं [2]नभ्भं ॥
[3]गज गुर घन नीसानं। रीसानं पंग पल्ल याई ॥ छं० ॥ ४११ ॥

अरिल्ल ॥ दहांक बज्जि नीसानति [4]नद्दं। सबै सेन संग्राम विवद्दं ॥
इक्क अंग चावद्दिसि सेनं। जरै राज रत्ते [5]रस नैनं ॥ छं० ॥ ४१२ ॥

छंद रसावला ॥ लगी कार कोह। लगें घन लोह ॥
छकै अति छोह। महा लाज मोह ॥ छं० ॥ ४१३ ॥
भरा भर भार। तुटै तरवार ॥
मची घन मार। परंत प्रहार ॥ छं० ॥ ४१४ ॥
धुकंत धरन्नि। सरोस सरन्नि ॥
निफूटत रुन्नि। बरै सु बरुन्नि ॥ छं० ॥ ४१५ ॥

---

(१) मो.- भोजनं। (२) मो.-गैनं।
(३) मो. को.-गत्त, गत। (४) ए. कृ. को.-नेदै, विषदे। ५ मो.-रन।

गाथा ॥ भारथ्थं प्रति राजं। सज्जे सेनाय वीर वीरयं ॥
धीरं धीर सधीरं। अधीरं [1]सब्ब सेनायं ॥ छं० ॥ ३३८ ॥
दूहा ॥ देषि वाल पारस फिरिय। मेर भान प्रति मान ॥
ज्यों शशि मछ पारस सुभति। शंकर सोभत थान ॥ छं० ॥ ३३९ ॥

मठ को देख कर शशिव्रता के मन में काम उत्पन्न हुआ और उसने मनही मन शिव को प्रणाम किया।

शंकर रस आचार किय। मढ़ दिष्यिय प्रति जोइ ॥
मन लग्गिय बंधत सु पय। मन कंद्रप रस मोइ ॥ छं० ॥ ३४० ॥

तीस डोलियों के बीच में शशिव्रता का चौंडोल था जिसको ५०० दासी घेरे हुई थीं। ५००० सवार और ५०००० पैदल सिपाही साथ में थे।

कवित्त ॥ [2]दहति तीन चैंडोल। मध्य चैंडोल वाल भय ॥
भमर टोल झंकार। दासि विंटिय सु पंच सय ॥
सित्त पंच असवार। पंति मंडिय चावद्दिसि ॥
अद्ध लष्य पैदल्ल। सथ्थ आयो सुअंग कसि ॥
मंगल विवेक विधि उच्चरे। बंधी बंदन मार करि ॥
उत्तरी वाल देवल सुढिग। लग्गि पाइ परदच्छि फिरि॥ छं० ॥ ३४१ ॥

शशिव्रता ने चौंडोल से उतर कर पृथ्वीराज के कुशल की प्रार्थना की।

दूहा ॥ उतरि वाल चैंडोल तें। प्रीति हेत प्रथिराज ॥
जिन देवत्त जु संपज्जौ। सो मंडन प्रथिराज ॥ छं० ॥ ३४२ ॥

बाजों का शब्द सुनकर सामंतों का चित्त पलट जाना।

मंडन रन छंडन कलह। दल दैवत्त सु जुद्ध ॥
वर वज्जे बाजित्र सुनि। भौ सामंत विरुद्ध ॥ छं० ॥ ३४३ ॥

(१) मो.-सर्व, सरव।　　　　(२) ए. कृ. को.-दसत।

कंठ कील कीली सुद्दत। द्दतत जुद्ध सम पाइ॥
सुबर वीर भारथ्थ गुन। उठे वीर विरुझाइ॥ छं०॥ ४२६॥
पल संकुल अंकुल प्रक्षित। चतुर चित्त विरुझाइ॥
मनु बड़वानल मध्य तें। समुद सत्त गुन भाइ॥ छं०॥ ४२७॥
वीर थान विभ्रम भइय। नयन रत्त सम सार॥
मानहु बर धरि अद्ध में। नाकपत्ति गिरि झार॥ छं०॥ ४२८॥

पृथ्वीराज की श्री शेषजी से उपमा वर्णन।

कवित्त॥ नाक पत्ति संभरिय। उभै काया अधिकारिय॥
वह जित्यौ बलि राइ। यहन दुज्जन सम सारिय॥
छित्ति पत्ति अति अभ्भ। दुहन आभा पति वुद्धं॥
वह गोरी सुरतान। इहति दानवति विरुद्धं॥
षग षुलै दुहुन पुज्जै न को। दोऊ वाउ वर वीर रन॥
लै चल्यौ हरिव शशिवृत्त को। पहु पंजलि पुज्जै तरुन॥छं०॥४२९॥
दूहा॥ तरुन तेज तम हरन वर। वाल वहिक्रम उच्छि॥
मानों रति आरूढ़ करि। वर बारधि मति लच्छि॥ छं०॥ ४३०॥
लच्छि सु लच्छिरु लीन हरि। इह लीनी संग्राम॥
घटि बढ़ि मंचह समन बरि। दोऊ वीर बढ़ि [1]वाम॥ छं०॥ ४३१॥
गाथा॥ चावद्दिसि न्रप [2]बिंध्यौ। पुंजं सेनायं सेनयौ वीरं॥
धर धरनी आधारं। सा धारं डुलियं शीशं॥ छं०॥ ४३२॥

उस युद्ध में वीरों को आनन्द होता और कायर डरते थे।

[3]मुरिल्ल॥ बढ़ि सस्त्र दुहाइय वीर रसं। दुहु सेन सुधावत अंग कसं॥
मुष वीर विगस्सिय रेन ससी। भय कायर चंद प्रभात दिसी॥
छं०॥ ४३३॥
छंद विराज॥ लगे लोह सारं। दोऊ वीर भारं॥
महा तेज तारं। बरं कंज झारं॥ छं०॥ ४३४॥

(१) मो.-काम। (२) मो.-विंटं।
(३) मो.-प्रति में यह छन्द त्रोटक नाम से लिखा है।

बर जैचंद सुबंधं। प्रोहित पंग रप्पियं [1]आइयं ॥
सहचर चारु सुपढ़ियं। हालाहलं बालयं मनयं ॥ छं० ॥ ३५२ ॥

अपनी सेना सहित वह भी शिवपूजन के लिये वहाँ आया।

दूहा ॥ चढ्यौ पंग नव साज बर। अरु भर लिन्ने सथ्थ ॥
शंभु थान पूजन मिसह। चलि बर आयौ तथ्थ ॥ छं० ॥ ३५३ ॥

तब तक पृथ्वीराज के भी ७००० सैनिक हथियारबंद कपट भेष धारण किए हुए भीड़ में धँस पड़े।

तब लगि दल चहुआन को। यह गुपंति कर आइ ॥
रुक्कि सकौ नन मध्य लिय। बोलै संमुह धाइ ॥ छं० ॥ ३५४ ॥

कवित्त ॥ सहस सत्त कप्परिय। भेष कौनौ तिन बारं ॥
गोप तेग गहि गुपत। कपट कावरि सब भारं ॥
किहुन फरस किहुं छुरी। चक्र किन हायन माही ॥
किन त्रिसूल किन डंड। सिंगि सब सथ्थ समाही ॥
सा अंग रिद्व चहुआन लै। दूतन दूत बताइ हरि ॥
सा अंग बाल उतकंठ करि। पै लग्गी परदच्छि फिरि ॥छं०॥३५५॥

शशिवृता ने चौंडोल से उतर कर शिव की परिक्रमा की और पृथ्वीराज से मिलन होने की प्रार्थना की।

अरिल्ल ॥ फिरि परदच्छि बाल अपु लग्गी।
सुमन काम कामना सुभग्गी ॥
मन मन बंधि [2]कियौ हथ लेवं।
सुमन मंच प्रारंभ सुदेवं ॥ छं० ॥ ३५६ ॥

* दोहा ॥ उतरि बाल चौंडोल तें। प्रीत प्रात छुटि लाज ॥
शिवहिं पूजि अस्तुति करी। मिलन करै प्रथुराज ॥ छं० ॥ ३५७ ॥

शशिवृता का शिव जी की स्तुति करना।

(१) ए. कृ. को.-आहि।
(२) कृ.-किए, कियउ, कियव।
* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

धन्य है उन शूरवीरों को जो स्वामिकार्य्य के लिये प्राणों का मोह नहीं करते।

अरिल्ल ॥ द्रव्य [1]वस्य नन होइ प्रमानं। अप्पन [2]प्रान स्वांम क्रत दानं ॥
जिन जग जित्ति कित्ति बसि कीनी। मरन सूर सस्त्रह बर लीनी ॥
छं० ॥ ४४५ ॥

दूहा ॥ कहां पंच पंचौ बसत। कहां प्रकृति प्रति अंग ॥
कहां हंस हंसह बसै। कौन करै रन जंग ॥ छं० ॥ ४४६ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का युद्ध।

इह कहि कढ्ढिय सार कर। षोलि षग्ग दोउ पानि ॥
मानहु मत्त अनंग द्वै। छुट्टे [3]जम जांनि ॥ छं० ॥ ४४७ ॥

घोर युद्ध वर्णन।

छंद भुजंगी ॥ मिले हथ्थ बथ्थं न सथ्थं स धारे। मनौ वारुनी मत्त गज दंत न्यारे ॥
उड़ै लोह पंती परै श्रोन [4]रुंदं। मनौ रुद्धि धारा बरष्षंत बुंदं ॥
छं० ॥ ४४८ ॥

घुमै घाय घायं अघायं अघायं। झुमै झार झारं झनंकै झकायं ॥
करैं जोगनी जोग काली कराली। फिरं पैट धाये महा विक्कराली ॥
छं० ॥ ४४९ ॥

परै सूर वाहै बहथ्थी क्रपानं। कढ़ी तांत बाढ़ी मलं चारि जानं ॥
धमां धम्म मत्ती महो माहि [5]धानों। पिंजारे सतं रुव पीजंत मानों ॥
छं० ॥ ४५० ॥

महादेव मालानि में गूथि मथ्थं। [6]कहैं वाह वाहं वहै सुर हथ्थं ॥
छं० ॥ ४५१ ॥

मुरिल्ल ॥ [7]हाहरे रूष कायर प्रकार। [8]छंडीति लज्ज अरु बीर मार ॥
अभ्यसै सूर जिन सूर रूप। दैवत्त भूप दिष्षै अनूप ॥ छं० ॥ ४५२ ॥

---

(१) मो.-वसें। (२) ए. कृ. को.-काम। (३) मो.-यम।
(४) ए. कृ. को.-रुद्दं। (५) मो.-घानों। (६) मो.-वहै।
(७) मो.-हारें। (८) मो.-छंडी लज भये बासि मार।

उद्दरे सेन सेनो। [1]संग्रामं वीर सुभट्टायं ॥
कालिंदीय सुरंगे। सो अंगो सुद्ध [2]भूतायं ॥ छं० ॥ ३७२ ॥

पृथ्वीराज सात हजार कपट वेषधारी कामरथी वीरों के साथ देवी के मन्दिर में धँस पड़े।

कवित्त ॥ सद्दस सत्त कप्परिय। भेष कीनो तिन वारं ॥
कपट कंध कावरिय। धसिय देवी दरवारं ॥
सर्व शस्त्र आरंभ। हस्त आरंभ सुरी सल ॥
धसिय भीर सम्मूह। जूह पाई समंडि कल ॥
दल प्रबल उदधि ज्यों मथन कज। भुज सुकिस चहुआन किय ॥
शशिवृत्त बाल रंभह समह। मिलिय गंठि वंधन सुद्दिय ॥ छं० ॥ ३७३ ॥

पृथ्वीराज और शशिवृता की चार आंखें होते ही लज्जा से शशिवृता की नज़र नीची हो गई और पृथ्वीराज ने हाथ पकड़ लिया।

दिठ्ठ दिठ्ठ लग्गीं समूह। उतकंठ सु भग्गिय ॥
निप लज्जानिय नयन। मयन माया रस पग्गिय ॥
छल वल कल चहुआन। बाल कुअंरप्पन भंजे ॥
दीपचौय मिट्टयौ। उभय भारी मन रंजे ॥
चौहान हथ्थ बाला गहिय। सो ओपम कविचंद कहि ॥
मानों कि लता कंचन लहरि। मत्त वीर गजराज गहि ॥ छं० ॥ ३७४ ॥

पृथ्वीराज के हाथ पकड़ते ही शशिवृता को अपने गुरुजनों की खबर आगई और इससे आंख में आंसू आने लगे पर उन्हें अशुभ जानकर उसने छिपा लिया।

चंद्रायना ॥ गहत बाल पिय पानि। सु गुर जन संभरे ॥
लोचन [3]मोचि सुरंग। सु अंसु बहे परे ॥

(१) ए. कृ. को.-सग्रामे। (२) ए. कृ. को.-भूताय। (३) मो.-कामुचि।

पांइ पिंड विधि पंप । गरुअ गहिलोत वीर सजि ॥
पुंच्छ राज रघुवंश । चरन पुंडीर चंद रजि ॥
दुहु लोह कढ्ढि परियार तें । सारधार में अग्गि भर ॥
पल पंच तरंगनि रुक्कि जल । जांनि कमोदनि नंचि सर ॥ छं० ॥ ४५९ ॥
दिषि वर [1]लष्पिन फवज । चंपि चतुरंग रिंगावहु ॥
अरि सयन्न संभार । धोर भंजे मग पावहु ॥
वहु गरिट्ट तारिष्ट । हक्कि अप्पन पर धावहिं ॥
सु वर सिंघ आलसैं । स्याल सूधौ करि ध्यावहिं ॥
उट्ठै न वीर वीरह उठत । सुवर [2]मंत फुनि फुनि करै ॥
वरसै न अंब सर मेघ कौ । जो न [3]समर सरवर भरै ॥ छं० ॥ ४६० ॥
गाथा ॥ समर सु मथ्यौ सेनं । तारं झंकार वीर भद्रायं ॥
केवल गति कल रूपं । भूयं वीर जुद्धयो समरं ॥ छं० ॥ ४६१ ॥

वीररस में श्रृंगाररस का वर्णन ।

दूहा ॥ समर जुद्ध मच्चिय समर । हालाहल वर [4]मत्ति ॥
कोलाहल पंषिन कियौ । कांम रूप वर जित्त ॥ छं० ॥ ४६२ ॥
छंद नाराच ॥ वरंत काम रूपयं । असी वहै अनूपयं ॥
लगै सु गौरि पासयं । परक्रिया कटाछयं ॥ छं० ॥ ४६३ ॥
सरंत तीर सोहयं । उरंद सुट्ठि छोहयं ॥
हला हलं हलं मलं । मिलंत अंग संभिलं ॥ छं० ॥ ४६४ ॥
[5]कडा कडी कडक्कयं । दडा दडी दडक्कयं ॥
पडै सिरं पडक्कयं । डकंत वीर डक्कयं ॥ छं० ॥ ४६५ ॥
घिसै न ज्यों षडक्कयं । तुटंत तेजि डक्कयं ॥
हडा हडी हडक्कयं । .... ॥ छं० ॥ ४६६ ॥
निरष्षि पत्ति नाकयं । परंत हीय धाकयं ॥
वरंत अच्छरी वरं । भषंत गिद्धनी भरं ॥ छं० ॥ ४६७ ॥
लगंत लोह [6]सो लरं । अरिंम मत्त संमरं ॥ छं० ॥ ४६८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-लच्छन । (२) ए कृ. को.-मंत्र । (३) मो.-समूर ।
(४) को.-सत्ति । (५) ए. कृ. को-कटा कटी । (६) मो.-सौलरं ।

वरिवृत्त से एक घरी ठहर कर पृथ्वीराज शशिवृता को साथ ले कर चल दिए ।

दोहा ॥ वीर गत्ति संधिय सुमति । वृत्त अवृत्त न जाइ ॥
घरी एक आवृत्त रषि । सुबर बाल अलुराइ ॥ छं० ॥ ३८२ ॥

शशिवृता के पिता ने कन्या के वैर से और कमधज्ज ने स्त्री के वैर से लड़ाई का विचार किया और सेना सजी ।

बाल सु वैर स वैर चिय । भान विरुद्ध न कौन ॥
सकल सेन साधन घरी । कलहंक्रत गति [1]चीन ॥ छं० ३८३ ॥

अरिल्ल ॥ आवृत्त वृत्त गुन निग्रह राज । देव जुद्ध देवत्तह साज ॥
है गै दल सज्जे तिहि वीर । हरी बाल चहुआन सधीर ॥छं०॥३८४॥

शशिवृता के पिता का कमधज्ज के साथ मिलकर पांच घरी दिन रहे सकट व्यूह रचना ।

कवित्त ॥ घरिय पंच दिन रह्यो । मंत जद्दव प्रारंभिय ॥
मिलि कमधज्ज नरिंद । सकट व्यूह आरंभिय ॥
अर्द्ध सथ्थ अप्पनौ । चरन मंडिय बाम दिसि ॥
व्यूह चक्र बिय पाइ । सथ्थ उभभौ नरिंद कसि ॥
उज्जवन भार अंगत सकट । सवर पुंज अप्पल सजिय ॥
रघुनाथ साथ बलियं विहसि । हंकि सु लछिमन तहँ रजिय ॥
छं० ॥ ३८५ ॥

कमधज्ज की सेना का वर्णन ।

छंद रसावला ॥ भरं भीर भाजी । कहं क्रह वाजी ॥
सुके पुंज राजी । मनो मेघ गाजी ॥ छं० ॥ ३८६ ॥
सनाहं सु साजी । चढ़्यो वीर वाजी ॥
बगं मेल ताजी । सबे सेन साजी ॥ छं० ॥ ३८७ ॥
करों काम आजी । सिरं मोहि लाजी ॥

(१) ए. चिन्ह ।

धनयं लछि नरिंदं। तिहि संचिय सायरो नथ्थी ॥
कलहंतं बल विषमं। जुपमं देहीय लज्जतौ सूरं ॥ छं० ॥ ४७८ ॥
कढ्ढौ लोह दुहथ्थं। सत्त घरियाय बज्जयौ अंगं ॥
चावद्दिसि चतुरंगी। अनुरंगी सेन सम्राइं ॥ छं० ॥ ४७९ ॥

दूहा ॥ अनुरंगी सेना [1]सकल। सद्द सुरद्ध विरुद्ध ॥
अबुध बुद्ध भारथ्थ में। दान मान सु [2]प्रबद्ध ॥ छं० ॥ ४८० ॥

गाथा ॥ बर अथवंत सु दीहं। झुझं विन जोतयं कलयं ॥
घरिघट अघट नरिंदं। सा बुद्धं वीर भद्रायं ॥ छं० ॥ ४८१ ॥

पृथ्वीराज के वीर सामंतों का प्रशंसा।

मुरिल्ल ॥ बीरभद्र अरु रुद्र जलप्पिय। कहौ सत्त संकरषन थप्पिय ॥
तुम सकल कलित भारथ फिरि दिष्यौ। इन समान कोइ बीर विसष्यौ ॥
छं० ॥ ४८२ ॥

गाथा ॥ को [3]दिठौ सम बीरं। सामंतं स्वामयौ [4]क्रमयं ॥
इक्कं करन प्रमानं। अंगद कामेय रावनो [5]भिरयं ॥ छं० ॥ ४८३ ॥

चौपाई ॥ राम कांम अंगद अधिकारी। स्वांमि कांम सामंतव धारी ॥
जिन हय गय तन तिन वर जान्यौ। सुमत ध्रंम स्वामित्त पिछान्यौ ॥
छं० ॥ ४८४ ॥

[6]सुपति ध्रम्म जिन तंत प्रमानिय। मुकति सुर्ग केवल सुनि बानिय ॥
घट्टिय घट्ट विघट्ट सुषंज्यौ। सुपथ साथि आपथं सु मंज्यौ ॥ छं० ॥ ४८५ ॥
जिन छंडिय मंडिय क्रत धारिय। सार कढ्ढि हय तज्जि सु धारिय ॥
[7]परनि प्रहार सार तजि सारं। जड़ता तज्ज लगत तम तारं ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

छंद विराज ॥ लगे बीर सारं। किए मत्त पारं ॥
बहथ्थंत धारं। अनुज्जा प्रहारं ॥ छं० ॥ ४८७ ॥
तुटै धार धारं। मनों श्रुत्त तारं ॥
अवित्तं विहारं। कलिंदी कहारं ॥ छं० ॥ ४८८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सुबल। (२) ए. कृ. को.-प्रबुद्ध।
(३) मो.-नट्ठौ। (४) को-मो.-कृतयं।
(५) मो.-भरयं। (६) ए.-सुमति। (७) मो.-पराति।

गाथा ॥ उच्चरियं अरि भार्यं। सायक कस्सेव अप्प अप्पायं ॥
कढ्ढे लोह करारं। मार मारं जंपि जौ हाई ॥ छं० ॥ ३९७ ॥
दूहा ॥ अद्दत घाइ घट भंग कौ। कारन मतहु वर वीर ॥
मनहु काल कपि दल निरति। लेन [1]लंक मति धीर ॥ छं० ॥३९८॥
[2]धर धीरत्तन वीर वर। करिय न पंग प्रवाह ॥
चच्चर सीचव रंग गति। विधि वंधन रिन चाह ॥ छं० ॥ ३९९ ॥

दोनों सेनाओं के युद्ध का वर्णन।

छंद भुजंगी॥ मिले घाइ [3]निघाइ सा पुंज राजै। लगे अंग अंगं सुरं गति छाजै॥
मिले हथ्थ वथ्थं सु सथ्थं निनारैं। मनो वारुनी मत्त [4]मय मत्त भारैं॥
छं० ॥ ४०० ॥
किधों जुद्ध लग्गे कि मल्लं सवारैं॥ .... ॥
उरैं लोह पंती परैं श्रोन रुद्रं। मनों रत्त धारा वरष्यै समुद्रं॥
छं० ॥ ४०१ ॥
उड़ै छिंछि इछं सनाहं सुभिज्जै। मनो पुफरत्तं नभं देव पुज्जै॥
सुनैं ईस सद्दं निसानं गहारं। वजै धार धारं घनं कै प्रहारं॥
छं० ॥ ४०२ ॥
मनो पट्टनं मंझि कंसी डकारं। दुती [5]ओपमा चंद जंपै विचारं॥
वज झल्लरी देवलं द्वार मारं। उड़ै सार किंचौ कि रच्चै प्रहारं॥
छं० ॥ ४०३ ॥
मनो झिंगनं भद्दवं रैनि भारं। .... ॥
*सवै सस्त्र मंत्रं भरं जेम वाहे। पिझै पग्ग कढ्ढै विहथ्थै समाहे॥
छं० ॥ ४०४ ॥
करं कंस मत्तं पलं पारि छंडै। रुधं धार हल्लै प्रसादेति मंडै॥
सिवा लीति सोभै [6]प्रनाली अनेकं। फिरैं अच्छरी पंति विय वार वेकं॥
छं० ॥ ४०५ ॥

(१) ए. कृ. को.-फलक। (२) मो.-धन।
(३) मो.-निघ्घान। (४) मे.-मै।
(५) मो.-उप्पमा। (६) ए. कृ. को.-मूनाली।
* ए. कृ. को.-सवै शास्त्र मंत्रं भजैरं समाह। विजै खग्ग कढ्ढै विनी हथ्थ, वाह॥

षेत दूंढ़ि प्रथिराज। सुभ्रत झोरी करि डारिय ॥
इतनें सु भान अस्तमित भये। दोऊ सेन बर उत्तरिय ॥
मुक्की न बग्ग कमधज्ज की। रोस राह विसरन भरिय ॥छं०॥४९४॥
बजी संझ घरियार। सार बज्यौ तन झंझर ॥
जनु कि बज्जि झननंक। ठनकि घन टोप स [1]उच्चर ॥
अनल अग्गि सम जग्गि। जेन ध्रज बंधि सलग्गा ॥
मनु द्रप्पन में बैठि। नेत बडवा नल जग्गा ॥
घन स्यांम पीत रत रंग बर। त्रिविध बीर गुन बर भरिय ॥
हर हार गंठि रुठि उमां। किम उतारि पच्छो धरिय ॥ छं० ॥ ४९५ ॥

कमधज्ज का अपने बीरों को उत्साहित करना।

छंद भुजंगी ॥ भिर्‌यौ राम रन बीर कमधज्ज बीरं।
करो आज सर्वं [2]सुन्निब्बीर धीरं ॥
गुहै माल ईशं नचैं जोग बीरं।
निरं तंत प्रेतं धरं धीर हीरं ॥ छं० ॥ ४९६ ॥

सब रन भूमि में तीन हाथ ऊँची लाशें पड़ गईं।

दूहा ॥ परि पथ्थर सथ्थर सुरन। गनक गनें नहिं जाइ ॥
हथ्थ तीन लुथ्थह चढ़ी। मुरबी [3]मद्ध न माइ ॥ छं० ॥ ४९७ ॥
संझ सपत्ते न्रपति बर। नव नव रस अरयंत ॥
बर प्रथिराज नरिंद दुति। सो ओपम कविकंत ॥ छं० ॥ ४९८ ॥

तीन घड़ी रात्रि होजाने पर युद्ध बंद हुआ।

कवित्त ॥ घरिय तीन निसि गइय। बार बर सुक्र सु आगम ॥
पंति परी अरिजूह। बीर विंध्यौ अरि जागम ॥
कोट षलन सोभै। विसाल सामंत सूर थँभ ॥
जस देवल उप्पनौ। बीय गय गिरी सेत रँभ ॥
प्रथिराज देव दानव दलन। लच्छि रूप जद्दव कुँअरि ॥
नव रस विलास पूजा करहि। बर अच्छरि भइ पहुप सरि ॥छं०॥४९९॥

(१) ए.–उव्बर। (२) ए०—सन्निवरि। (३) ए०-सद्ध।

करै घन घत्त । महा इत मित्त ॥
लरै बर लत्त । फटै रिन षत्त ॥ छं० ॥ ४१६ ॥
कटारिय एक । लगंत अनेक ॥
सु चंदन साष । संजोइय भाष ॥ छं० ॥ ४१७ ॥
धषै अति धीर । मनों बर बीर ॥ छं० ॥ ४१८ ॥

कमधज्ज की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ [1]सबर बीर कमधज्ज । अरघ अप्पिय पग मग्गं ॥
इष [1]अच्छित उच्छरहि । जानि परिमानन मग्गं ॥
सार धार पुंषियै । बीर मंगल उच्चारै ॥
सबै साथ बंदियहि । सकल पूजा संभारै ॥
बर मुक्ति बरन बरनी सुबर । इह अपुब्ब पिष्यौ नयन ॥
उप्पनौ बीर सिंगार सँग । रुद्र बीर चौरौं नयन ॥ छं० ॥ ४१९ ॥

दूहा ॥ सिर सोहत बर सेहरौ । टोप ओप अति अंग ॥
बगतर बागे केसरे । रुधि भीजत विषमंग ॥ छं० ॥ ४२० ॥
[2]सकट भग्ग लइ बग्ग बर । कमधज बीर विसेज ॥
[3]मिले बीर बीरत्त बर । दोज दैवत तज ॥ छं० ॥ ४२१ ॥

शशिवृता का चहुआन प्रति सच्चा अनुराग था।

देव तेज दैवत्त गुन । अट्ठत मत्ति गुन कंति ॥
शशिव्रत्ता चहुआन सौं । सुट्ठत मंत गुन पंति ॥ छं० ॥ ४२२ ॥
सांइ स्हर सांई सु गति । दल दुंदुभि दैवत्त ॥
विधरं कर वीरह करह । सुबर बीर मारुत्त ॥ छं० ॥ ४२३ ॥
कालकूट कीनौ विषस । कोलाहल घन कीन ॥
अट्ठत ठत्त अंतह भयै । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२४ ॥
भारथ दिप्पिय तत्त मति । अट्ठत चिंत बल छीन ॥
जिन गुन प्रगटित पिंड किय । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२५ ॥

(१) मो.-अप्पित । (२) मो.-संगट ।
(३) मो.-मिलें ।

केस कंस मरदन्न । नंद नंदन लिलाट किय ॥
भोह भुअद्धर धरि समुह । नैंन निज्जिय नाराइन ॥
बदन दिह्न श्रीकृष्ण । हृदय थप्पौ मथुराइन ॥
कटि जंघ गुविंद रक्षा करन । चरन थप्पि असरन सरन ॥
गुर इष्ट समरि प्रथिराज कौ । इह सुदिह्न रक्षा करन ॥ छं० ॥ ५०३ ॥

कमधज्ज और जद्दव की मृत फौज की शोभा वर्णन ।

दूहा ॥ परि पारस जद्दव सयन । मिलि कमधज्ज प्रमान ॥
षट बिय ग्रह मनु नछित लै । [1]पंति सु मंडिय भान ॥ छं० ॥ ५०४ ॥

किन किन बीरों का मुकाबला हुआ ।

छंद चोटक ॥ परि पारस पंग नरिंद घनं । मनो भान सुमेर कि पंति बनं ॥
घन सद्द सुरंग निसान धुनं । मनौं बज्जत दुंदुभि देव तनं ॥ ५०५ ॥
चव दून निसान सु कन्ह धनी । जु कियौ सिरदार सु पंग अनी ॥
दिसि पच्छिम बालुकाराय अर्यौ । तिनके मुख कन्ह पजून लर्यौ ॥
छं० ॥ ५०६ ॥

हुअ ईस दिसान दिसा न्टप मान । तिन कें मुष भौ रन भाटिय भांन ॥
दिसि पूरब भो षुरसान षँधार । तिन कै मुष मंडि सलष्ष पवार ॥
छं० ॥ ५०७ ॥

अगिनेव दिसा वन सिंघ अचाइ । तिन के मुष मंडिय निढ्ढुर राय ॥
दिसा जम लच्छिन बंधिय फौज । तिन के मुष चामँड दाहर कौज ॥
छं० ॥ ५०८ ॥

सुनै रति छच उथ्यौ कर बीर । तिन कें मुष मंडिय चंद पुंडीर ॥
जु बायु दिशा दिशि इंद्रयपाल । [2]तिनें मुष भीम भिरं रिनमाल ॥
छं० ॥ ५०९ ॥

[3]सु उत्तर दै प्रभु पंग कुँआर । तिनें रघुवंस वजावत सार ॥
वढै गुर जंबुर [4]हथ्थह नार । मनौं गज भद्दव की उनिहार ॥
छं० ॥ ५१० ॥

(१) ए.०--पत्ति ।

(२, ३) पंक्ति मो.-प्रति में नहीं है । (४) ए. कृ.०को.-हथं हथ ।

घरी यार सारं । परें कै प्रहारं ॥
भए पार पारं । मनों प्रात तारं ॥ छं० ॥ ४३५ ॥
करैं मार मारं । ववक्कैं वक्कारं ॥
चलैं रुद्धि पारं । पलं नच्चि गारं ॥ छं० ॥ ४३६ ॥
चरं मंस चारं । दिपै प्रेत दारं ॥
धपै धार धारं । टरैं जे न टारं ॥ छं० ॥ ४३७ ॥
डकै भूत डारं । ढरै सीस ढारं ॥
उड़ी वीर रैंनी । भ्रमैं भैंर सैंनी ॥ छं० ॥ ४३८ ॥
अवध्यं न गोपं ॥ इसे वीर कोपं ॥ छं० ॥ ४३९ ॥

दूहा ॥ कोपि वीर कायर धरकि । परपि पयंपन जोग ॥
यह गति छंडै वीर वर । परै परत्तर भोग ॥ छं० ॥ ४४० ॥

कवित्त ॥ वांन पथ्थ वलभीम । सत्त [1]सिवरी अधिकारी ॥
[2]गंभीरां गुर सिंघ । नेह करनह क्रत [3]धारी ॥
वल सुजग्य सऋह विसाल । पुरषारथ सारी ॥
सुर सिधि वुद्धि गनेश । क्रम्मन धुन घू अधिकारी ॥
सामंत सूर सूरह विरुध । वीर वीर पारस फिरिय ॥
वर सिंघ सिंघ रथ्थै मरन । वर कोविद कोविद डरिय ॥ छं० ॥ ४४१ ॥

कवि का पृथ्वीराज को कलि में वीरों का सिरताज कहना ।

दुहा ॥ सु रिधि वुद्धि वुध्यां तरन । मिरन सूर दुति राज ॥
चाहुआन प्रथिराज कल । मंडि वीर सिरताज ॥ छं० ॥ ४४२ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का मुकाबला होना ।

चाहुआन कमधज्ज वर । मिले लोह छुटि छोह ॥
धार मुरै मुष ना मुरै । मरट [4]मुच्छ क्रत जोह ॥ छं० ॥ ४४३ ॥
चाहुआन कमधज्ज दुति । रति नाइक प्रति धीर ॥
सारंगी सारंग वल । इह लग्गी अति वीर ॥ छं० ॥ ४४४ ॥

(१) मो.-सिवरं । (२) मो.-गंभीरं ।
(३) मो.-भारी । (४) मो.-मूल ।

प्रातःकाल होते ही घोड़ों ने ठीं लगाई, शूरवीरों ने तयारी की और दोनों तरफ के फौजी निशान उठे।

थान थांनं नरं, धारधारं तुटं। भ्रंम वासं छुटं, ... ॥
छं० ॥ १३४ ॥
साह गोरी बरं, षग्ग षोले करं। .... ॥ छं० ॥ १३५ ॥

खुरासान खां का सुलतान के बचन पर तैश में आकर घोर युद्ध मचाना।

(१) ए.-नेषन। (२) मो.-हसौ, हस्यौ। (३) ए.कृ को.-धरि। (४) ए.-तुव।

बर बंबर चौर माहौति साई । हलै छच पीतं बलै यार घाई ॥
बुलै सूर हक्के दहक्के पचारं । घलै बथ्थ दोऊ धरं जा 'अपारं ॥
छं० ॥ ७४ ॥

उतंमंग तुट्टैं परैं श्रोन धारी । मनों दंड सुक्की अगौवाइ वारी ॥
नचैं कंध बंधं हकैं सीस भारी । तहां जोग माया 'जकी सी विचारी॥
छं० ॥ ७५ ॥

बढ़ी साँग लग्गी वजी घार धारं । तहां सेन दूनं करैं मार मारं॥
नचै रंग भैरू गहैं ताल बीरं । सुरंग अच्छरी बंधि नारद्द तीरं ॥
छं० ॥ ७६ ॥

इसी जुद्ध बधं उब्बद्धे उभानं । भिरैं गोरियं सेन अह चाहुआनं ॥
करैं कुंडली तेग बग्गी 'प्रमानं । मनों मंडली रास तं कन्ह वानं ॥
॥ छं० ॥ ७७ ॥

फुठी आवधं माहि सामंत सूरं । वजै गोर ओरं मनों वज्ज कूरं॥
लगै धार धारं तिनै धरह तुट्टै । दुहूं कुंभ भग्गे करंकं अहुट्टैं ॥
॥ छं० ॥ ७८ ॥

फुटी श्रोन भोमं 'अपं विंब राजं । मनों मेघ वुट्ठैं प्रथीमैं समाजं॥
पराक्रम्म राजं प्रथीपत्ति रुथ्यौ । रनं रुंधि गोरी सहं जंग जुथ्यौ ॥
छं० ॥ ७९ ॥

सुलतान का घबराना। तातार खां का धैर्य दिलाना।

दूहा ॥ तेज छुट्टि गोरी सुबर । दिय धीरज तत्तार ॥
मो उभ्भैं सुरतान को । 'भीर परी इन वार ॥ छं ॥ ८० ॥

उक्त युद्ध की वसंत ऋतु से उपमा वर्णन।

मोतीदाम ॥ रतिराज रु जोवन राजत जोर । च प्यौ ससिरं उर शैशव कोर ॥
उनी मधि मद्धि मधू धुलि होय । तिनं उपमा बरनी कवि 'जोय ॥
छं० ॥ ८१ ॥

(१) ए.-अपारं । (२) मो.-जुकीयं विचारी । (३) ए. कृ.-पमानी ।
(४) कृ. ए.-अपी । (५) ए.-भरी । (६) ए. कृ. को.-कोह, कोय, होइ ।

लड़ाई के पीछे स्वर्ग में रम्भा ने मेनका से पूछा तू उदास क्यों है ? उसने उत्तर दिया कि आज किसी को वरन करने का अवसर नहीं मिला।

कवित्त ॥ पच्छै भौ संग्राम। अग्ग अप्छर विचारिय ॥
पुछै रंभ मेनिका। अज्ज चित्तं किम भारिय ॥
तब उत्तर दिय फेरि। अज्ज पहुनाई आइय ॥
रथ्थ बैठि औथांन। सोइतह कंत न पाइय ॥
भर सुभर परें भारथ्थ भिरि। ठाम ठाम चुप जीत सय ॥
उथकीय पंथ हल्लै चल्यौ। सुथिर सभौ देपीय [1]तय ॥ छं० ॥ १४४ ॥

रम्भा ने कहा कि इन वीरों ने या तो विष्णु लोक पाया या ये सूर्य में जा समाए।

कुंडलिया ॥ कहैं रंभ सुनि मेंनकनि। ए रहु जिन मत जुथ्थ ॥
अरिय अनंमति जानि करि। जुति आवें ग्रह रथ्थ ॥
जुति आवें ग्रह रथ्थ। ब्रह्म शिव लोकह छंडी ॥
विश्न लोक ग्रह करै। भान तन सों तन मंडी ॥
रोमंचि तिलक्क वसि वरी। इंद्र वधू पूजन जही ॥
ओपम्म जोग नन हुअ बहुरि। अब तारन वरहै कही ॥ छं० ॥ १४५ ॥

हुसैन खां घोड़े से गिर पड़ा, उजबक खां खेत रहा, मारूफ खां, तातार खां सब पस्त हो गए, तब दूसरे दिन सबेरे सुलतान स्वयं तलवार निकाल कर लड़ने लगा।

कवित्त ॥ षां हुसेन ढरि पर्यौ। अस्व फुनि पर्यौ सार बहि ॥
झुझझ्झ फेरि सति सीव। षान उजबक्क षेत रहि ॥
षां ततार मारूफ। षान षाना घट घुम्मैं ॥
तब गोरी सु बिहान। आइ दुज्जन मुष झुम्मैं ॥

(१) ए.कृ.को.-नथ।

लेहु लेहु करी, लोह कट्टे अरी। कन्ह जा संभरी, पाइ मंडे फिरी ॥ छं० ॥ ६३ ॥

वीर हक्कं करी, नैन रत्तं वरी। पंड जा पोलियं, वीर सा बोलियं ॥ छं० ॥ ६४ ॥

वीर वज्जे घुरं, दंति पट्टे छुरं। झार संकोरीयं, फौज विप्फौरियं ॥ छं० ॥ ६५ ॥

दंत रुद्दी परे, अग्ग फूलं झरे। हेमयं नारियं, जावकं ढारियं ॥ छं० ॥ ६६ ॥

आननं हंकयं, अंग (१)जानंचयं। सत्त सामंतयं, वांन सा पथ्थयं ॥ छं० ॥ ६७ ॥

फौज दोज फटी, जांनि जूनी टटी। .... ॥ छं० ॥ ६८ ॥

सोलंकी माधव राय से खिलजी खां से तलवार का युद्ध होने लगा। माधव राय की तलवार टूट गई तब वह कटार से लड़ने लगा। शत्रुओं ने अधर्म युद्ध से उसे मार गिराया।

कवित्त ॥ सौलंकी माधव। नरिंद पिलची मुष लग्गा ॥
सुवर बीर रस बीर। बीर बीरा रस पग्गा ॥
दुअन बुद्ध जुध तेग। दृह्न हथ्थन उभ्भारिय ॥
तेग तुट्टि चालुक। बथ्थ परि कढ्ढि कटारिय ॥
अग अग्ग रुकि ठिल्ले बलन। अधम जुड लग्गे लरन ॥
सारंग बंध घन घाव परि। गोरी बै दिन्नौ मरन ॥ छं० ॥ ६९ ॥

वीर गति से मरने पर मोक्ष पद पाने की प्रशंसा।

पग्ग हटकि जुटिक। जमन सेना समंद गजि ॥
हय गय बर हिल्लोर। गरुअ गोइंद दिष्षि सजि ॥

(१) ए.-जामं।

एक महीना तीन दिन क़ैद रखकर नौ हज़ार घोड़े और
बहुत से माणिक्य मोती आदि लेकर
सुलतान को गज़नी भेज दिया।

मास एक दिन तीन। साह संकट में रुंद्धौ॥
करिय अरज उमराउ। दंड हय मंगिय सुद्धौ॥
हय अमोल नव सहस। सत्त से दिन ऐराकी॥
उज्जल दंतिय अट्ठ। वीस मुर ढाल सु जक्की॥
नग मोतिय मानिक नवल। करि सलाह संमेल करि॥
परि राइ राज मनुहार करि। गज्जन वै पठयौ सुघरि॥छं०॥१५०।

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके रेवातट
पातिसाह ग्रहनं नांम सत्तवीसमो प्रस्ताव
संपूरणम्॥ २७॥

तहँ देषि रुद्र रुद्रह [1]हस्यौ। [2]हय हय हय नंदी कह्यौ ॥
कविचंद [3]शैलपुत्री चकित। पिष्षि बीर भारथ नयौ ॥छं०॥१०३॥

जै सिंह के भाई का मारा जाना।

सोलंकी सारंग। षान षिलची मुष लग्गा ॥
वह षंगानौ भृत्त। इते चहुआन विलग्गा ॥
है कंध न दिय पाय। कन्ह उत्तरि विय वाजिय ॥
गज गुंजार हुँकार। धरा गिर कंदर गाजिय ॥
जय जयति देव जै जै करहिं। पहुपंजलि पूजत रिनह ॥
इक पन्यौ षेत सोधै सकल। इक रह्यौ वंधे धुनह ॥ छं० ॥ १०४ ॥

गोइन्द राय का तत्तार खां के हाथी और फीलवान को मार गिराना।

करी मुष्ष आहुट्ठ। बीर गोइंद सु अप्पै ॥
कविल पील जनु कन्ह। दंत दारुन गहि नप्पै ॥
सुंड दुंड भये षंड। पीलवानं गज मुक्यौ ॥
गिद्धि सिद्धि वेताल। आइ अंषिन पल रुक्यौ ॥
वर बीर पन्यौ भारथ्थ वर। लोह लहरी लगात झुल्यौ ॥
तत्तार षान सम्हौ सु क्रत। सिंघ हक्कि अंबर डुल्यौ ॥ छं० ॥ १०५ ॥

नरसिंह राय के सिर में घाव लगने से उसके गिर जाने पर चामुंडराय का उस की रक्षा करना।

षोलि षग्ग नरसिंघ। षिझ्झि षज सीसह झारिय ॥
तुटि धर धरनि परंत। परत संभरि कट्टारिय ॥
चरन अंत उरझंत। बीर क्रूरंभ करारौ ॥
तैग घाइ चुक्कंत। झरी झर लोह संभारौ ॥
चलि गयौ [4]क्रमनं क्रम्मन चलै। डुल्यौ न [5]डुल्ल तन हथ्थ वर ॥
तिन परत बीर दाहर तनौ। चामंडा वज्जी लहर ॥ छं० ॥ १०६ ॥

(१) मो.-भंयौ। (२) मो.-हय हय। (३) ए.- सवल, कृ. को.- समल।
(४) मो.-न क्रमन क्रमनत। (५) ए.-नरं डुल्लन।

निरदै नरिंद इन यिधि विसास। आनंग लोक हिरदै निरास॥
उपगार को न मानै विवेक। संसार माहिं ऐसे अनेक॥ छं० ॥ ७॥

अग्नि, पाहुना, विप्र, तस्कर आदि परदुःख नहीं जानते पृथ्वीराज दिल्ली का राज्य करता है और अनङ्गपाल पराए की भांति तप करता है।

कवित्त॥ तसकर[1] चेलक विप्प। बैद [1]दुरजन अति लोभी॥
प्राहुन अहि जल ज्वाल[1]। काल न्रिप इन में मोभी॥
इन परचिंता नाहिँ। बहुत करि जौपै कहिये॥
[2]अप्प सहज चालंत। चित्त की वात न लहिये॥
प्रथिराज लोक तूंअर घरह। अरुचि दिट्ठ मंडै तनह॥
भोगवै धरा जीवत धनिय। संक न कोइ मानै मनह॥ छं० ॥ ८

सोमेश्वर अजमेर में राज्य करता है और पृथ्वीराज के दिल्ली मिली यह सुनकर मालवापति महिपाल को बड़ा बुरा लगा।

दूहा॥ संभरि वै सोमेस न्रप। अति उतंग आचार॥
ढिल्ली प्रथि तूंअर दइय। सुन्यौ घिज्यौ महिपार॥ छं० ॥ ९ ॥

मालवापति ने चारों ओर के राजाओं को पत्र लिख क बुलाया। गक्खर, गुण्ड, भदौड़ और सोरपुर के राजा आए। सलाह हुई कि पहिले सोमेश्वर को जीत कर तब दिल्ली पर चढ़ाई की जाय।

कवित्त॥ चंदेरी चतुरंग। सैन हय गय पक्वानं॥
ठौर ठौर कग्गदह। दए मालव धरवानं॥
गषषड़ गुंड भदौड़। सोरपुर सूर समाहे॥

---

(१) ए.-को. जुरजन।
(२) ए.कृ.को.-आप।

दूहा ॥ राम बंध कौ सीस बरं । ईस गह्यौ कर चाइ ॥
'अथ्थि दरिद्री ज्यौं भयौ । देषि देषि ललचाइ ॥ छं० ॥ १११ ॥

एक पहर दिन चढ़े जंघा योगी ने त्रिशूल लेकर घोर युद्ध मचाया।

जाम एक दिन चढ़त बर । जंघारौ झुकि वीर ॥
तीर जेम तत्तौ पऱ्यौ । धर अप्पारै मीर ॥ छं० ॥ ११२ ॥

कवित्त ॥ जंघारौ जोगौ । जुगिंद कढ्यौ कट्टारौ ॥
परस पानि तुंगी । त्रिसूल मप्पर अधिकारौ ॥
जटत वांन सिंगी । विभूत हर वर हर सारौ ॥
सबर सद्द वद्दयौ । विषम मद गंधन झारौ ॥
आसन सदिट्ठ निज पत्ति में । लिय सिर चंद अम्रित अमर ॥
मंडलीक राम [2]रावत भिरत । नभौ वीर इत्तौ समर ॥छं०॥११३॥

शस्त्र सजकर सुलतान का युद्ध में टूटना। लंगरी राय का घोर युद्ध मचाना। लंगरी राय की वीरता की प्रशंसा।

सिलह सज्जि सुरतान । झुक्कि वज्जे रन जंगं ॥
सुनें श्रवन लंगरी । वीर लग्गा अनभंगं ॥
बीर धीर सत मध्य । बीर हुंकारि रन धायौ ॥
सामंता सत मझि । मरन दीनं भय सायौ ॥
पारंत धक्क हक्कंत [3]रन । पग प्रवाह पग पुल्लयौ ॥
विभ्भूत चंद अंगन तिलक । बहसि बीर हकि बुल्लयौ ॥छं०॥११४॥
लंगा लोह उचाइ । पऱ्यौ घुंमर घन मझ्झै ॥
जुरत तेग सम तेग । कौर बद्दर कछु सुझ्झै ॥
यौं लग्गौ सुरतान । अनल दावानल दग्गं ॥
ज्यौं लंगूर लग्गया । अगनि अगै आलग्गं ॥
इक मार उभार अपार मल । एक उझार सुझारयौ ॥
इक बार तऱ्यौ दुस्तर रुपे । दूजै तेग उभारयौ ॥ छं० ॥ ११५ ॥

(१) मो.-अथिर।   (२) मो.-रावन।   (३) ए.-रिन, तरिन।

सिंघ पँवार असिंघ। गौड़ संजम चहुआनं॥
बाहन बीर सधीर। राज गुर राम सुजानं॥
मंत मंति भर अवर। करे समचित्त अनेकं॥
तुम लज्जा धर धीर। बीर बीराधि [1]विवेकं॥
संभरिय सोम पुच्छत बयन। कहिय बत्त सम तत्तकल॥
छल बल अनेक छचिय करन। तुच्छ सत्थ पुज्जे न [2]पल॥छं०॥१३॥

दूहा॥ चंद चंद निसि दंद मति। [3]ऋतु सरद गुरवार॥
तेरसि तकि सज्यौ सयन। रचि [4]रति वाह विचार॥ छं०॥ १४॥

सोमेश्वर ने कहा कि तुम ने नीति ठीक कहा पर रात को छापा मारना अधर्म है इसमें बड़ी निन्दा होगी।

कवित्त॥ रत्ति वाह छल जुद्ध। अधम [5]षिची परिमानं॥
[6]कूड़ कपट मारियै। अधम निद्रा गति जानं॥
मल मोचन रति रवन। सेन पूजन जल न्हानं॥
मंच जाप जप्पंत। करै नह घात सुजानं॥
तुम मंत तंत संचौ कहिय। इह अध्म्म छल हारिये॥
जो गिनइ पुरुष निंदा अपर। लछ रति वाह विचारिये॥
छं०॥ १५॥

सामंतों ने कहा कि सेतु बांधने में श्रीराम ने, सुग्रीव ने बालि को मारने में, नृसिंह ने हिरण्यकश्यप के मारने में और श्रीकृष्ण ने कंस के मारने में छल किया, इस में कोई दूषण नहीं है।

छल तक्यौ श्री राम। सेत साइर तव बंध्यौ॥
छल तक्यौ सुग्रीव। बालि जिउ ताड़ह संध्यौ॥
छल तक्यौ लछिमना। सूर मंडल अरि बेध्यौ॥
छल तक्यौ नरसिंघ। अग्गकुस नष उर छेद्यौ॥

(१) ए.कृ.को.-बिमेकं। (२) ए.कृ.को.-पल। (३) ए.कृ.को.-रित, रति।
(४) मो.-रबि। (५) ए.कृ.को.-छत्रि। (६) ए.कृ.को.-कूड कूड़।

भुजंगी ॥ परे पांन चौसट्ठि गोरी नरिंदं । परे सुभर तेरह कहै नाम चंदं ॥
परे लुथ्थिलुथ्थी जु सेना अलुझ्झं । लिषे कंक अंकं बिना कौन बुझ्झं॥
छं० ॥ ११९ ॥
पऱ्यौ गोर जैतं मधिं सेस ढारी । जिनं राषियं रेह अजमेर सारी ॥
पऱ्यौ कनक आहुट्ठ गोविंद बंधं । जिने मेछकी पारसं सब्ब पद्धं ॥
छं० ॥ १२० ॥
पऱ्यौ प्रथ्थ बीरं रघूबंस राई । जिनें संधि पंधार गोरी गिराई ॥
पऱ्यौ जैत बंधं सु पावार भानं । जिनें भंजियं मीर बानेति वानं ॥
छं० ॥ १२१ ॥
पऱ्यौ जोध संग्राम सो हंक मोरी । जिनें कट्टियं बैर गोदंत गोरी ॥
पऱ्यौ दाहिमो देव नरसिंघ अंसी । जिनें साहि गोरी मिल्यौ पान गंसी॥
छं० ॥ १२२ ॥
पऱ्यौ बीर बानेत नादंत नादं । जिने साहि गोरी [1]गिल्यौ साहि जादं॥
पऱ्यौ आवलौ जालहते सैन भष्षं । हए सार मुष्षं [2]निकस्संत नष्षं॥
छं० ॥ १२३॥
पऱ्यौ पाल्हनं बंध माल्हन राजी । जिनें अग्ग गोरी क्रमं सत्त भाजी ॥
पऱ्यौ बीर चहुआन सारंग सोरं । बजे दोइ ग्रैहं ज आकास तोरं ॥
छं० ॥ १२४ ॥
पऱ्यौ राव भट्टी बरं पंच पंचं । जिनें मुक्ति के पंथ चल्लाइ संचं ॥
पऱ्यौ भान पुंडीर ते सोम कंमं । [3]झिल्ले जुझ्झयं बज्जयौ पंच जंमं ॥
छं० ॥ १२५ ॥
पऱ्यौ राउ परसंग लहु बंध भाई । तिनं मुक्ति अंसं छिनं मंझि पाई ॥
पऱ्यौ साहि गोरी भिरै चाहुआनं । कुसादे कुसादे चवै मुष्प पानं ॥
छं० ॥ १२६ ॥

दूसरे दिन तत्तार खां का शहाबुद्दीन को विकट व्यूह के मध्य में रख कर युद्ध करना और सामंतों का क्रोध कर के शाह की तरफ बढ़ना।

(१) ए.-मिल्यौ। (२) मो.-निसकत। (१) ए. जिने जुझ्झतें बज्जयो पंच जंमं।

पट्टन के यादव राजा ने आकर डेरा डाला। अजमेर जीतने का उत्साह जी में भरा था।

दूहा ॥ पट्टन जादव आय नृप। किय डेरा बरवान ॥
सुनि सोमेसर दौरि करि। ज्यों निधि रंक प्रमान ॥ छं० ॥ २५ ॥
अति आतुर अजमेर पहु। आइ कुलिंगन बाज ॥
यों रस रत्ता सूर भर। मुकत्ति चिया धरि साज ॥ छं० ॥ २६ ॥

चारों ओर खलबली मच गई। रुद्रगण तथा नारद आनन्द से नाचने लगे।

कवित्त ॥ अप्प अप्प मुष अरिन। सूर संमुह झल्लारिय ॥
हाइ हाइ उच्चार। धरनि अंबर लुटि डारिय ॥
चमकि चित्त चिपुरारि। अष्ट गन नारद नंचिय ॥
सेस सटप्पटि सलकि। दिसा दंतिन तन अंचिय ॥
मानों कि जलद लुट्टिय तड़ित। बर पट्टन आहुट्ट भर ॥
रति वाह प्रात हूं ते दियौ। अगनि सार बुझ्यो कहर ॥ छं० ॥ २७ ॥

योद्धाओं की तयारी तथा उनके उत्साह का वर्णन।

रसावला ॥ कट्टि षग्गं लगं, आइ जुट्टे अगं। जानि सूरं उगं, लग्गि षग्गं बगं ॥
छं० ॥ २८ ॥
जानि प्रब्लै जगं, सामि ध्रम्मं मगं। षंड षंडं अंगं, श्रोन [1]तुट्टे रगं ॥
छं० ॥ २९ ॥
पानि वाहै षगं, सूर साधें सगं। देबि [2]ताली ठगं, ठाम ठामं ठगं ॥
छं० ॥ ३० ॥
डंक्कनीयं डगं, एक एकं दिगं। सूर रोपे पगं, नग्ग मानों नगं ॥
छं० ॥ ३१ ॥
सार धारं तमं, जानि ऊकं अगं। बसं जालंदगं, फुट्टि [3]षोपं षगं ॥
छं० ॥ ३२ ॥

(१) ए. कृ.-बुढ़्ढे। (२) ए. कृ. को.-लागी।
(३) मो.-षोपे।

कवित्त ॥ षाँ षुरसान ततार। पिष्षि दुज्जन दल भष्पै ॥
बचन स्वामि उर पटकि। हटकि तसबी कर नंषै ॥
कजल पंति गज विथुरि। मध्य सैनं चहुआनौ ॥
अजै मानि जै रारि। वियस तेरह चपि प्रानौ ॥
धामंत फिरस्तन कढ़ि असी। दहति पिंड सामंत भजि ॥
वर बीर भीर बाहन [1]कहर। परे धाइ चतुरंग सजि ॥छं० ॥१३६॥

रघुवंसी के घोर युद्ध का वर्णन।

भुजंगी ॥ पऱ्यौ रघुवंसी अरी सेन जाड़ी। हृतौ बाल वेसं संपं लज्ज डाड़ी ॥
बिना लज्ज पष्षे सची ढुंढि पिष्यौ। मनों डिंभरू जानि कै मीन कष्पौ ॥
छं० ॥ १३७ ॥

पऱ्यौ रूक रिनवट्ट अरि सेन माही। मनो एक तेगं झरी नीर दाही ॥
फिरैं अड्डवट्टं उपम्मान वट्टे। विश्वंक्रम्म वंसी कि दारुन्न गट्टे ॥
छं० ॥ १३८ ॥

परे हिंदु मेच्छं [2]उलथ्थी पलथ्थी। करैं रंभ भैरं ततथ्थे ततथ्थी ॥
गहे अंत गिद्धं वरं जे कराली। मनों [3]नाल कट्टें कि सोभै मनाली ॥
छं० ॥ १३९ ॥

तुटे एकटं गाढ़ि कै पग्ग धायौ। मनों विक्रमं राइ गोविंद पायौ ॥
गहै हिंदु हथ्थं मलेच्छं भ्रमायौ। जनौं भीम हथ्थीन उप्पम्म पायौ ॥
छं० ॥ १४० ॥

ननं मानवं जुद्ध दानव्व ऐसौ। ननं इंद तारक्क भारथ्थ कैसौ ॥
झकं बज्जि झंकारयं झंपि उट्ठै। वरं लोह पंचं बधं पंच छुट्टै ॥
छं० ॥ १४१ ॥

मनों सिंघ उझ्झौं अरुझ्झंत छुट्टै। रनं देव सांई सर आव षुट्टै ॥
घनं घोर ढुंढं उतक्कंठ फेरी। लगै झग्गरैं हंस हज्जार एरी ॥छं०॥१४२॥
तुटै रुंड मुंडं वरं जो करेरी। बरदाइ रिझ्झें दुहूं दिन्न भेरी ॥छं०॥१४३॥

(१) ए.-कहर। (२) मो.-उलथ्थी। (३) ए. को.-माल।

संसार में एक मात्र कविकथित यश के अतिरिक्त और कुछ अमर नहीं है।

दूहा ॥ रह्यौ न को रवि मंडलह । रहि कवि मुण्प सु भलह ॥
जीरन जुग पाषान ज्यों । पूर रहंदी गलह ॥ छं० ॥ ४१ ॥

यादव राज ऐसा घायल होकर गिरा कि मुंह से बोल न सकता था।

फिरि जद्दव भर देस दिसि । समर घाइ लै सैन ॥
अवर चित्त तें अवर परि । कढ्ढि न सक्कै बैन ॥ छं० ॥ ४२ ॥

सोमेश्वर उसे घर उठा लाया बड़ा यत्न किया। एक महीना बीस दिन में अच्छे होकर राजा ने आरोग्य स्नान किया। सोमेश्वर ने बहुत दान दिया।

ग्रिह सोमेसर आनि तिन । मास एक दिन बीस ॥
रष्षि जतन किय न्हान जब । दियौ दान सु जगीस ॥ छं० ॥ ४३ ॥

पृथ्वीराज ने यह समाचार सुना। उसने प्रतिज्ञा की कि जब घात पाऊंगा शत्रुओं को मजा चखाऊंगा।

सुनिय [1]बत्त प्रथिराज न्रप । चिंति भविष्यत वत्त ॥
अरियन तौ आहोड़ियै । जो लब्भीजै घत्त ॥ छं० ॥ ४४ ॥

इधर दिल्ली की प्रजा ने बाद्रिकाश्रम में अनङ्गपाल के पास जाकर पुकारा कि महाराज चौहान के अन्याय से हम लोगों को बचाइए।

कवित्त ॥ अनँगपाल प्रज लोक । जाइ बद्री [2]पुक्कारिय ॥
हम तुम सेवक सामि । छंडि ग्रह राज निकारिय ॥
नहि अदब्ब मन्नयौ । क्रूर मच्चौ चहुआनं ॥

(१) मो.-षबर। (२) मो.-पुकारय, निकारय।

कर तेग झल्लि [1]मुट्ठिय सुबर। नहि सुलतानह पन करी ॥
अदि हार दीह पलटे सुबर। तबहि साहि फिरि पुकरी ॥छं०॥१४६॥

सुलतान ने एक बान से रघुवंस गुसाईं को मारा दूसरे से भीम भट्टी को तीसरा बान हाथ का हाथ ही में रहा कि पृथ्वीराज ने उसे कमान डालकर पकड़ लिया।

तब साहिब गोरी नरिंद। सतबान समाहिय ॥
पहिल बान बर बीर। हने रघुवंस गुसांइय ॥
दूजै बानत कंठ। भीम भट्टी बर भंजिय ॥
चाहुआन तिय बान। पान अद्ध धरि रज्जिय ॥
चहुआन कमान सु संधि करि। तीय बान हथ हथ रहिय ॥
तब लगि चंपि प्रथिराज नें। गोरी वै गुज्जर गहिय ॥छं० ॥१४७॥

सुलतान को पकड़ कर और हुसैन खां तातार खां आदि को विजय करके पृथ्वीराज दिल्ली गए। चारों ओर जैजैकार हो गया।

गहि गोरी सुरतान। षान हुस्सैन उपाऱ्यौ ॥
षां ततार निसुरत्ति। साहि झारी करि डाऱ्यौ ॥
चामर छत्र रषत्त। बषत लुट्टे सुलतानी ॥
जै जै जै चहुआन। बजी रन जुग जुग बानी ॥
गज बंधि बंधि सुरतान कों। गय ढिल्ली ढिल्लीन्द्रपति ॥
नर नाग देव अस्तुति करैं। द्रिपति दीप दिव लोकपति ॥
छं० ॥ १४८॥

एक समय प्रसन्न होकर पृथ्वीराज ने सुलतान को छोड़ दिया।

दूहा ॥ समै एक बत्ती न्रपति। बर छंड्यौ सुरतान ॥
तपै राज चहुआन यौ। ज्यों ग्रीपम मध्यान ॥ छं० ॥ १४९ ॥

(१) मो.-पुट्ठिय।

राज दाम गज तुरिय [1]द्रव। देत न लग्गे वार॥
धरतिय रष्षन यौ सुदृढ़। अहि मनि रष्षन हार॥ छं० ॥ ४९॥

अनङ्गपाल के आग्रह करने पर मंत्री लाचार होकर दिल्ली की ओर चला।

मंचि सु मंतह सीष लै। चलि दिल्लिय चहुआन॥
आइस कों जोइस का हा। [2]इह भ्रत भ्रम्म प्रमान॥ छं० ॥ ५०॥

पृथ्वीराज से मिलकर मंत्री ने कहा कि अनङ्गपाल आप पर अप्रसन्न हैं उन्होंने आज्ञा दी है कि हमारा राज्य हमें लौटा दो या हम से आकर मिलो।

चंद्रायना॥ मिल्यौ न्रिपह सोमंत बसीठ जु मुक्कल्यौ॥
सा चहुआनह पास नरिंद सु इक्कल्यौ॥
षिज्यौ अनंग नरिंद भूमि हमहीं तजौ॥
कै मिलौ आइ चहुआन सुबुद्धिय मंत जौ॥ छं० ॥ ५१॥

इस पर पृथ्वीराज का क्रोधित होना।

बोल्यौ हंकि नरिंद बसीठ जु दुब्भ्यौ।
तब कमधज्ज नरिंद न उत्तर संभर्‍यौ॥
बात अनंक्कन कौन हीन हुइ उठ्ठयौ।
चंपि लुहट्टिय हथ्थ बीर वर टुट्टयौ॥ छं० ॥ ५२॥

बसीठ का कहना कि जिस का राज्य लिया आप उसी पर क्रोध करते हैं।

दूहा॥ उठ्यौ बीर बसीठ बल। करि जुहार चहुआन॥
धनी उभै धर लुट्टियै। इह अचिज्ज परिमान॥ छं० ॥ ५३॥

पृथ्वीराज का कहना कि पाई हुई पृथ्वी कायर छोड़ते हैं।

---

(१) मो.-वर। (२) मो.-भ्रत्त ध्रम्म सुप्रमान।

अथ अनंगपाल समयौ लिख्यते ।

(अट्ठाइसवां समय ।)

अनंगपाल दिल्ली का राज्य पृथ्वीराज को देकर तप करने चला गया था परंतु उसने पृथ्वीराज से फिर विग्रह क्यों किया, इस कथा का वर्णन ।

दूहा ॥ दिय दिल्ली चहुआन कौं । तूंअर बद्री जाइ ॥
कहौ दंद कौं मुक्करिय । फिरि दिल्ली पुर आइ ॥ छं० ॥ १ ॥

अनंगपाल के बद्रिकाश्रम जाने पर पृथ्वीराज का दिल्ली का निर्द्वन्द शासन करना ।

रष्पि वीर प्रथिराज कौं । गौ तीरथ्थह राज ॥
व्यास बचन आनंद सजि । तिहं पुर बज्जन बाज ॥ छं० ॥ २ ॥
जुग्गिनिपुर प्रथिराज लिय । वज्जि त्रिघोष सुदंद ॥
अनंगपाल तूंअर वरन । किय तीरथ्थ अनंद ॥ छं० ॥ ३ ॥

यह समाचार देश देशान्तर में फैल गया कि पृथ्वीराज दिल्ली में निर्द्वन्द राज्य करता हुआ स्वजनों को मान देता है और उपकार को न मान कर अनङ्गपाल की प्रजा को बड़ा दुःख देता है ।

पद्धरी ॥ तूंअर नरिंद तप तेज जानि । प्रथिराज व्यास बचनह प्रमानि ॥
त्रिमान ग्यान मेटै न कोइ । इंद्रादि अंत कलपंत होइ ॥ छं० ॥४॥
दस दिसा अमिट धरती अकास । (१)चंद्रादि सूर ग्रह ग्रह प्रकास ॥
ब्रह्मा टरंत टारंत काल । राहंत पंच भूते बिचाल ॥ छं० ॥ ५ ॥
विष्यात बात दस दिसि कहंत । विथ्थुरी देस देसन तुरंत ॥
अप अप्प आनि दीजै निवास । तूंअर नरिंद परजा निकास ॥छं०॥६॥

---

(१) ए.कृ.को.-चंद्रमा सूर दिन दिन प्रकास ।

अनगपाल न न मानि । कूंच किन्नौ दिल्लीय दिसि ॥
भूत [1]भविष जानी न । किये रत्तंत नयन [2]रिस ॥
अप्प सेन सजि जूह । आइ ढिल्ली धरवानं ॥
मात पिता मरजाद । चिंत लग्यो चहुआनं ॥
कैमास मंत पुच्छ्यौ नृपति । कहौ कहा अव किज्जिये ॥
अहि ग्रहिय छछुंदरि जो तजै । नैन जठर भषि छिज्जिये ॥छं०॥५७॥

जो लड़ाई करता हूं तो अपनी मा के पिता (नाना) से लडता हूं और जो छोड देता हूं तो अपनी हीनता प्रगट होती है, सो अब क्या न्याय है इस पर तुम अपना मत दो।

दूहा ॥ जो मारैं तौ मातपित । छंडौ तौ बल हानि ॥
कहि मंत्री मंत्रं नृपति । न्याय रीति विधि जानि ॥ छं० ॥ ५८ ॥

कैमास ने कहा कि न्याय तो यह है कि कलह न कीजिए, इन्होंने पृथ्वी दी है इनको आप न दीजिए, जो न मानैं यहीं आकर भिड़ैं तो फिर लड़ना चाहिए।

कवित्त ॥ सुनौ नृपति चहुआन । न्याय तौ कलह न किज्जे ॥
इन दीनी धर अप्प । अप्प तौ इनह न दिज्जे ॥
जो न्निमान प्रमान । होइहै सोइ नियानं ॥
जब लग्गौ गढ़ आइ । जाइ तब जुद्ध जुरानं ॥
सजि कोट ओट सामंत सथ । नारि गोर जंबूर वहि ॥
लग्गै न जोर छिज्जै सुभर । इत सामंत लगंत नहि ॥ छं० ॥ ५९ ॥

अनंगपाल ने धूमधाम से युद्ध आरम्भ किया। कई दिन तक लडाई हुई अन्त में अनंगपाल की हार हुई।

(१) ए. कृ. को.-भवष । (२) मो.-रस ।

मिलि आए महिपाल। अप्प बल सेन उमाहे॥
एकांत मत्त सोमेस पर। धुर संभरि वै लिज्जिये॥
प्रथिराज तुंअर ढिल्ली दिसा। फिरि कलहंतर किज्जिये॥
छं० ॥ १० ॥

मालवपति का अजमेर पर चढ़ाई करने के लिये सेना सहित चंबल नदी पार होना।

बर मालव महिपाल। चढ्यौ चहुआन [1]सु उप्पर॥
सेन सजी चतुरंग। दियौ मेलानह सो पुर॥
हय गय थट्ट अघट्ट। घाट चंबिल परि आइय॥
घुरि निसान घमसान। थान थानह हलाइय॥
जादव नरिंद हरिवंस कुल। अति आतुर अजमेर पर॥
उत्तर्यौ सरित [2]संमित सकल। धुंस धरा रावत्त धर॥ छं० ॥ ११ ॥

शत्रुओं के आने का समाचार सुन कर सोमेश्वर अपने सामंतों को इकट्ठा करके बोला कि पृथ्वीराज को तो अनंगपाल ने बुला लिया इधर शत्रु चढ़े हैं, ऐसा न हो कि कायरता का धब्बा लगै और नाम हँसा जाय।

सुनि सोमेसर सूर। चिंति मन मंत उपाइय॥
बर प्रथिराज नरिंद। अनंगपालह बुलाइय॥
रज रजवट रषियै। राव रावत्तन कीजै॥
रहै गल्ह संसार। आव जल अंजुल छीजै॥
मो बंस अंस आनल अटल। कोइ न कहो काइर कहिय॥
अप्पान सुभ्भ संबोधि न्रप। जुद्ध घात [3]पुब्वत लहय॥ छं० ॥ १२ ॥

सामंतों ने सलाह दी कि शत्रु प्रबल हैं इससे इनको रात के समय छल करके जीतना चाहिए।

(१) ए. कृ. को.-नु। (२) ए.-समत। (३) ए. कृ. को.-पुस्तक।

नीतिराव खत्री ने अनङ्गपाल के गोरी के पास दूत भेजने का समाचार पृथ्वीराज को दिया।

नीति (१)राव षिची सुबर। तूंअर तिहि परधान॥
गोरी दिसि न्रप अप्प दिसि। भेद दियौ चहुआन॥ छं० ॥ ६६॥
अनँगपाल मान्यो नहीं। वरजिय पंडि नरिंद॥
तूंअर अरु चहुआन कै। रहै न एकौ बंध॥ छं० ॥ ६७॥

पृथ्वीराज ने अनङ्गपाल से दूत भेज कर कहलाया कि आप को पृथ्वी देने ही के समय सोच लेना था अब जो हमने हाथ फैलाकर ले ली तो फिर क्यों ऐसा करते हैं?

कवित्त। दई भूमि मापित्त॥ लई हम हथ्थ पसारह॥
सो पाओ फिर किम सु। बोल बोलहु अविचारह॥
तुम बिरद्ध तप जोग। राज चाहौ सु करन अब॥
दयौ राज तुम हमह। कहा उपजी चित्तह तब॥
मंगौ जु आइ फिरि भूमि तम। सोव राज पाओ नहीं॥
जो गयौ जंत चलि ग्रेह जम। कहौ सु फिरि आवै कहीं॥ छं० ॥ ६८॥

जैसे बादल से बूंद गिर कर, हवा से पेड़ के पत्ते गिर कर, आकाश से तारे टूट कर फिर उलटे नहीं जा सकते, वैसेही हमें पृथ्वी देकर इस जन्म में आप उलटी नहीं पा सकते, आप सुख से बद्रिकाश्रम में जाकर तपस्या कीजिए।

जलद बूंद परि धरनि। कबहुँ जावै न (२)नभ्भ फिर॥
पवन तुट्टि तरु पच। तरु न लग्गै सु आइ थिर॥
तुटि तारक आकास। बहुरि आकास न जाऔ॥
सिंघ उलंघि सवजह। सोइ फुनि हनि नह पाऔ॥

---

(१) ए.-तत्त। (२) मो. को.-अम्भ।

छल बल करंत दूषन न कोइ । किस्न कलह कंसह करिय ॥
सोमेस राज तकि अप्प विधि । रत्तिवाह छल मन धरिय
छं० ॥ १६ ॥

दूहा ॥ ससि न्रिम्मल ससि सूर अप । दिय अस अस्त्र उतान ॥
प्रथुक जोग जिन साल [1]धर । संजोजन सव्वान ॥ छं० ॥ १७ ॥

सोमेश्वर के सामंतों का युद्ध के लिये तयारी करना ।

भुजंगी ॥ ग्रहे सूर सोमेस सा आयुधेसं । इकं सोभई राज जोगिंद भेसं ॥
तजे मोह माया ग्रहन्नी कहन्नी । तजे वंध पुत्तं हरिं चित्त मन्नी ॥
॥ छं० ॥ १८ ॥

इकं सामि भम्मं ग्रहे अंग लाजं । * तिनं सस्त्र ग्रल्ले जुधं कित्ति काजं ॥
न काया न कामं धरे रामराजं । हवैं हाक सूरां कपैं काइराजं ॥
छं० ॥ १९ ॥

यचं विस्नुकान्ता जलं जान्हवीयं । वपुं उद्धरे कोटि सौ पाप कीयं ॥
वरैं रंभ वामं दुती साम कामं । मनों दाहिनाहत्त पीरंभ रामं ॥
छं० ॥ २० ॥

तिनं सस्त्र हल्लै जुधं कित्य काजं । हुवै हाक सूरं कपैं काइराजं ॥
भुरं द्वादसं आयुधं दंड धारै । तिनं नाम चंदं मु छंदं उच्चारै ॥
छं० ॥ २१ ॥

नसी तन्न चंसं ग्रहे सूल पासं । परस्सं असन्नी सकत्ती विकासं ॥
ग्रहे तून तोमार भल्ली कपानं । जुधं काज नालीक नाराज जानं ॥
छं० ॥ २२ ॥

सरं चक्र सारंग बज्रं गदायं । दंड मुद्गरं भिंडिमालं सघायं ॥
हलं मूसलं सेल सावल्ल पग्गं । ग्रहे सूरता अप्प अप्पन्न वग्गं ॥
छं० ॥ २३ ॥

छुरिका कती कन्न वंकी कुंतायं । [2]फलकं कनीका भुसुंडी वतायं ॥
लियं संक [3]दुस्फोटकं पारिघायं । पटीसं छतीसं ग्रहे आयुधायं ॥
छं० ॥ २४ ॥

(१) मो. जर ।　　　　* यह पंक्ति मो. प्रति में नहीं है ।
(२) ए. कृ. को.-पलक्कं ।　　　　(३) मो.-दुस्पोटं ।

दूत ने आकर अनंगपाल के राज्यदान करने फिर उसे लौटाना चाहने तथा पृथ्वीराज के अस्वीकार करने अनंगपाल के हरिद्वार आने का समाचार सुलतान को सुनाया सुलतान सुनते ही चढ़ चला।

गए दूत गज्जनै। साहि सम बत्त बदै वर ॥
तप सु छंडि तोंवरह। आइ हरद्वार लियन घर ॥
पहुमि मंडि प्रथिराज। राज अप्पै न इक्क तिल ॥
दैवादर चढ़ि साहि। भूमि लिज्जै सु उभय मिलि ॥
सुनि साह घाव नीसान किय। चढ्यौ सेन चतुरंग सजि ॥
हय गय समूह साकति सकल। अनंगपाल साहस्स कज ॥छं०॥७३॥

सुलतान शाहबुद्दीन की सेना की चढ़ाई तथा सरदारों का वर्णन।

चढ़त साहि साहाब। चढ्यौ तत्तार खान वर ॥
षान षान [1]षुरसान। षान मारूफ महा भर ॥
कालिम षान कमाम। मीर [2]नासेर अभंगह ॥
अलूषान आलील। चढ़िय हय गय चतुरंगह ॥
सथ सयन सकल सारद्व [3]लष। उभय सहस मत मत्त इभ ॥
नीसान बज्जि नौबति निहसि। रहे गज्ज धर पुर सु नभ ॥छं०॥७४॥

छंद लघुनाराच ॥ चढ्यौ सहाब सज्जियं। निसान जोर बज्जियं ॥
मिले [4]सु साह उम्मरं। सजें अनूप संभरं ॥ छं० ॥ ७५ ॥
गयंद मद्द गंधयं। सुझै न राह अंधयं ॥
पगं ठिलै पहारयं। नगं परं निहारयं ॥ छं० ॥ ७६ ॥
सकाज बाज साजयं। कुरंग देषि लाजयं ॥
अनूप चाल उज्जवै। सद्धर चित्त रिझ्झवै ॥ छं० ॥ ७७ ॥

(१) ए.-षुरसेंम। (२) ए. कृ. को.-नासेंन।
(३) ए.-लष, लष्षि। (४) ए. कृ. को.-जु।

दद्वि मट्टं भगं, हंस उड्डै मगं। मार मारं रगं, मुष्य बोले दगं ॥
छं० ॥ ३३ ॥

लट्ट चट्टं परं, लथ्थ वथ्थं भरं। अंत ओनं झरं, जानि पन्नै सरं ॥
छं० ॥ ३४ ॥

कट्टि पंडं गुरं, हथ्थ जंगं जुरं। जानि पित्ति पलं, चंच गिद्धी पलं ॥
छं० ॥ ३५ ॥

ईस सीसं झलं, माल मध्ये [1]घलं। सूर जद्दों वलं, अब्भ तुच्यौ कलं ॥
छं० ॥ ३६ ॥

भूर भूपं मिलं, आयुधं अत्तुलं। .... ॥ छं० ॥ ३७ ॥

दूहा ॥ सार मार मच्ची कहर। दोउ दलनि सिर मंधि ॥
प्रौढ़ा नायक छयल रमि। प्रात न वंछै संधि ॥ छं० ॥ ३८ ॥

सोमेश्वर ने पिछली रात धावा कर दिया शत्रु के पैर उखड़ गए।

कवित्त ॥ सोमेश्वर भजि सूर। सूर उभझारिग झरि झरि ॥
सार फुट्टि चहुआन। भिरिय जद्दों भरि लरि लरि ॥
घरी एक तिन रत्त। सार मैंगल सिर वुट्ठिय ॥
संभर वैर सु आनि। सार भग्गि जु सिर तुट्टिय ॥
भग्गइय सूरमा दुहुं सयन। किहि न कोई बर चंपयौ ॥
उप्पारि लियौ अजमेर पहु। दागन [2]किहुं दीयौ गयौ ॥ छं०॥३९॥
हथ्थिय ढाल ढलकि। घालि लीनौ अजमेरी ॥
परि लंगा लंगरी। सेन दुज्जन दल फेरी ॥
भाग बीर प्रथिराज। अरिन उप्पारि स लीनौ ॥
इन सोमेसर राव। सत्त हथ्थिन बर कीनौ ॥
जिम तिमर सूर भंजै सुभर। गुरु गल्हान न कवि टरै ॥
जब लगै भूमि साइर [3]सुम्रित। तव लगि कवित सु[4] उब्बरै ॥
छं० ॥ ४० ॥

(१) ए.-धलं, वल। (२) मो.-किन। (३) मो.-सुमति। (४) मो.-विस्तरै।

तातार खां ने रात भर रहकर सवेरे उठते ही अनंगपाल के साथ कूच किया। अनंगपाल को दो योजन पर रोक कर आगे से बढ़कर उसने सुलतान को समाचार दिया, सुलतान आकर अनंगपाल से मिला, दोनों एक साथ बड़े प्रेम के साथ सलाह करने लगे।

कवित्त ॥ मिले षान तत्तार। बत्त मत तत्त रत्त वर ॥
दै निसान पहु फटत। चले पुर सोन उभै भर ॥
भए साह दल निकट। रष्षि जोजन जुग अंतर ॥
दई षबरि सुलतान। चढ़्यौ साहाब समंतर ॥
दस कोस अग्ग अनगेस कहूं। मिल्यौ जाइ साहिब सुहित ॥
बैठे सु उतरि अति प्रीति पर। भनहु उभै जन इक्क चित ॥छं०॥८४॥

अनंगपाल ने सब वृत्तान्त सुनाया, दोनों की सलाह हुई कि जो पृथ्वीराज आप आकर हाजिर हो जाय तो उसे जीव दान करना चाहिए। सुलतान ने दूत के हाथ पृथ्वीराज के पास पत्र भेजा कि तुम बड़ा अनुचित करते हो जो राजा को राज नहीं सौंप देते और जो पृथ्वी न लौटाओ तो आकर युद्ध करो। पृथ्वीराज ने कहा कि ऐसी कोटि चढ़ाई क्यों न करै अनंगपाल अब राज्य उलटा नहीं पा सकता।

पद्धरी ॥ सुरतान समिलि न्रप अन्नगेस। किय अनग समह पतिसाह पेस ॥
गज पंच मत्त पंचास बाज। साकत्ति सज्जि दिय अनगराज ॥
छं० ॥ ८५ ॥
किरवान [1]तीन कम्मान एक। सिरपाव स्वातसुत माल मेक ॥
दै प्रीति चढ़े निस्सान पाव। आए सु सोनपुर उभै ठाव ॥छं०॥८६॥

(१) ए.-तीन, संमान, सामान।

हो अनगेस नरेस। गई ढिल्ली धर जानं ॥
जा जियत राज धर पर बसिय। नीति न्याय न प्रकासियै ॥
नर नाग देव निंदैं सकल। न्रिप करंत तहँ बासियै ॥ छं० ॥ ४५ ॥

अनङ्गपाल ने क्रुद्ध होकर अपने मंत्री को बुलाकर समाचार कहा। मंत्री ने कहा कि पृथ्वी के विषय में बाप बेटे का विश्वास न करना चाहिए।

सुनिय तेज जाजुल्य। दूत परधान पठाइय ॥
हम भँडार धर धान। द्रब्ब सब्बह भरि लाइय ॥
व्यास बचन संभारि। कहै तब मंत्री पुच्छह ॥
देस क्रपौ धन आदि। राज ग्रहयौ गढ़ सब्बह ॥
न्रिप सेव देव दुज्जन उरग। इन ढिल्लै नन मुक्कियै ॥
वर बंध पुत्त अरु तात न्रप। इन बिसास धर चुक्कियै ॥ छं० ॥ ४६ ॥

राज्य प्राप्त करने के लिये गत ऐतहासिक घटनाओं का वर्णन।

धर काजैं कौरवन। पंड जानिय न [1]बंध गति ॥
धर काजैं [2]दसग्रीव। बंध बंध्यो भभियन मति ॥
धर काजैं नल राइ। बंधवन षेत न अप्पौ ॥
धर काजैं बलि राइ। देव देवाधि उथप्पौ ॥
धर काज मुंज चिय के कहै। भोज प्रहारन मत कियौ ॥
धर काज कन्ह तूंअर अधम। पुत्तह सै मुष [3]विष दियौ ॥ छं० ॥ ४७ ॥

तूंअर वंश ने सर्वदा भूल की, पहिले किल्ली को उखाड़ा फिर आपने पृथ्वीराज को राज्य दिया।

दूहा ॥ तुम तूंअर मति चूकना। करि किल्ली ढिल्लीय ॥
फुनि मत अप्पन ही करिय। प्रथीराज धर दीय ॥ छं० ॥ ४८ ॥

राजा हाथी घोड़ा स्वर्ण इत्यादि सब दे दे परंतु राज्य की सर्प मणि के समान रक्षा करे।

(१) मो.-बेध। (२) मो.-दशशीश। (३) मो. बसि॰।

पावै न तऊ दिल्ली सु थान। झुकि राय घाव कीनौ निसान॥
छं० ॥ ९७ ॥

पृथ्वीराज ने डङ्के पर चोट लगा कर सब सरदारों के साथ कूच किया और दो योजन पर डेरा डाला।

गाथा ॥ झुकि किय घाय निसानं। चढ़ि प्रथिराज वाज साजेयं॥
सब सामंत समेतं। दिय डेरा सु दोइ जोजनयं॥ छं० ॥ ९८ ॥

दूत ने आकर पृथ्वीराज के चढ़ने का समाचार सुलतान से कहा। जो सब सरदार विरक्त हो गए थे वे भी स्वामि के काम के लिये लड़ने को प्रस्तुत हुए।

दूहा ॥ देषि दूत गये साहि ढिंग। कही षबरि प्रथिराज ॥
चढ्यौ सूर संभर धनी। हय गय दल बल साज ॥ छं० ॥ ९९ ॥
सामत सूर समस्त वर। भय संसार विरत्त ॥
स्वामि ध्रम्म साधन सु बर। मरन लरन मन रत्त ॥ छं० ॥ १०० ॥

सुलतान ने दूत से समाचार सुन कर चढ़ाई का हुकम दिया।

अरिल्ल ॥ संभलि बत्त [1]चरं [2]सुलतानं। निहसे [3]वज्जि सु वीर निसानं ॥
भयौ हुकुम साहाब अमानह। सजहु अमीर उम्मरा षानह ॥
छं० ॥ १०१ ॥

पृथ्वीराज के चरों ने सुलतान के कूच का समाचार पृथ्वीराज को दिया जिसे सुनते ही वह भी लड़ाई के लिये चल पड़ा।

दूहा ॥ चर सु दिष्षि चहुआन कै। साह षबरि कहि राज ॥
सुनत राज प्रथिराज बर। चल्यौ जुद्ध कज साज ॥ छं० ॥ १०२ ॥

धूमधाम के साथ पृथ्वीराज सेना के साथ चला, जब दोनों सेनाएं एक दूसरे से दो कोस पर रह गईं तब पृथ्वीराज ने डङ्के पर चोट दी।

(१) ए.-बरं। (२) कृ. ए.-सुरतानह, निसानह। (३) मो.-बज्जे।

कवित्त ॥ रे बसीठ मति [1]ढीठ। बोल बोलै मतिहीना ॥
सनेपात उप्पन्नं। किनें सक्कर [2]पय दीना ॥
[3]धर कर छुट्टी संगि। हथ्थ चढ्ढें मरदाना ॥
फिरि बंछै जो मूढ़। होइ ताही जिय ज्याना ॥
सट्ठीय बुद्धि नट्ठिय न्नप्रति। तुम [4]बिमत्ति दिन लहि कहिय ॥
उग्गमै सूर पच्छिम [5]अरक। तौ दिल्ली धर तुम नहिय ॥छं०॥५४॥

मंत्री का यह सुनकर उदास मन हो चला आना।

दूहा ॥ सुनि यह बत्त सो दूत चलि। बिन आदर मन मंद ॥
हीन दीन दिष्षत इसौ। मनों कि [6]वासर चंद ॥ छं० ॥ ५५ ॥

मंत्री ने अनङ्गपाल से आकर कहा कि मैंने तो पहिले ही कहा था, यह दैत्यवंशी चौहान कभी राज्य न लौटावैगा। पृथ्वी तो आप दे चुके अब बात न खोइए।

कवित्त ॥ [7]तूंअर वीर बसीठ। सामि संदेस सु अष्षिय ॥
तुम छ्त्तन कुसल। बत्त पहिलैं हम भष्षिय ॥
वह वलिष्ठ दैवान। दैत्यबंसी चहुआनं ॥
सूज अग्र उप्परै। देय नह तास प्रमानं ॥
तुम दई भूमि निज हथ्थ करि। अथ्थ मित्त नन षोइये ॥
संभरहि देस देसन न्नपति। तौ छ्त्त विगोइये ॥ छं० ॥ ५६ ॥

अनङ्गपाल ने एक भी न माना और वह सेना सज कर दिल्ली पर चढ़ आया। पृथ्वीराज नाना की मर्याद को सोचने लगा और उसने कैमास को बुला कर पूछा कि मेरी सांप छछूंदर की गति हुई है अब क्या करना चाहिए।

(१) दीठ, ढाठ, धठि। (२) ए.-पर। (३) मो.-धर कर सेगिय बुद्धि।
(४) ए. कृ. को.-विपति। (५) ए. कृ. को.- परक।
(६) ए. कृ. को.-वासुर। (७) मो. तोअर।

गाथा ॥ मुष्ष सु रिष्षी ततारं । बांई दिसा षान मारूफं ॥
दाहिन षाँ षुरसानं । मद्धि अनगेस पुट्ठि साहावं ॥ छं० ॥१११॥

पृथ्वीराज ने भी अपनी सेना की व्यूह रचना की। आगे कैमास को और पीछे चावंडराय को कर दिया।

सजि ठट्ठौ सुलतानं । सुनि चहुआन अप्प व्यूहानं ॥
मुष कीनौ कैमासं । चावँडराइ पुच्छ सज्जायं ॥ छं० ॥ ११२ ॥

अपनी सेना को बीच में रक्खा और आज्ञा दी कि अनंगपाल को कोई मारे नहीं, जीते ही पकड़ना चाहिए।

दूहा ॥ मद्धि फौज प्रथिराज रचि । कह्यौ सु कर करि उंच ॥
अनँग राज जीवत [1]गहौ । इह सु रचौ परपंच ॥ छं० ॥ ११३ ॥

दोनों दलों का सामना हुआ कैमास ने युद्धारम्भ किया।

जिन सु हनौ अनगेस जिय । गहौ सु जीयत [2]सास ॥
इतें दुदल दिट्ठाल भय । लई षग्ग कैमास ॥ छं० ॥ ११४ ॥

दोनों दल का सामना होते ही घमसान युद्ध होने लगा।

बिह दल बल सिंधू बजै । उपजत सूर उहास ॥
[3]ष्योहनि पर नष्षौ षयंग । करि कलकौ कैमास ॥ छं० ॥ ११५ ॥

कैमास ने शस्त्र संभाल कर युद्धरम्भ किया। युद्ध का वर्णन।

भुजंगी ॥ लई षग्ग कैमास बीरं अमानं । धमंके धरा गोम गज्जे गुमानं ॥
उतें उप्परी बाग तत्तार षानं। मिले हिंदु मीरं दोऊ दीन मानं ॥
छं० ॥११६॥

[4]वजे राग सिंधू सु मारु अवग्गे । गजे सूर सूरं असूरं सु [5]भग्गे ॥
चढ़े व्योम विम्मान देषंत देवं । वढ़ै स्वामि कज्जै सु सज्जै उभेवं ॥
छं० ॥ ११७ ॥

(१) ए. कृ. को.-गहें गहै । (२) मो.-साह । (३) ए. कृ. को.-षोहनि ।
(४) ए. कृ. को.- वज्जे । (५) ए. कृ. को.-भज्जे ।

अनंगपाल बल मंडि। सुभर ढिल्ली गढ़ लग्गा ॥
लेहु लेहु करि दौरि। अप्प वर अप्प बिलग्गा ॥
नारि गोरि आतस्स। कोट पारस भर घाइय ॥
जे भर मंडे आइ। सोर करि मोर उठाइय ॥
लग्गै न घात तूंअर न्रपति। दिवस च्यार मंडिय ररिय ॥
पुज्यौ न मान पानय घटत। दिल्ली धर ढिल्ली करिय ॥ छं० ॥ ६० ॥

हार कर अनंगपाल का फिर वद्रीनाथ लौट जाना।

चौपाई ॥ दीह च्यारि ढिल्ली न्रप भारी। बर चहुआन संमुहे हारी ॥
गोतं चर फिर रावर छंडिय। वद्री छोर सरन ग्रह मंडिय ॥छं०॥६१॥

आधी सेना को वहीं और आधी को अजमेर के पास छोड़ कर अनंगपाल लौट गया।

अनगपाल पंडिय गयौ। सैन सु वंधिय यट्ट ॥
अद्ध सेन अजमेर पर। [1]टारे हथ्थ सुभट्ट ॥ छं० ॥ ६२ ॥

मंत्री सुमन्त की सलाह से अनङ्गपाल ने माधो भाट को सुलतान शहाबुद्दीन गोरी के पास सहायता के लिये भेजा।

बीर बसीठ सुमंत मिलि। स्वामि बचन [2]समुझाइ ॥
मतौ मंडि चहुआन कौ। माधो भट्ट चलाइ ॥ छं० ॥ ६३ ॥

माधो भाट जाकर सुलतान से मिला, वह तुरन्त पृथ्वीराज को जीतने की इच्छा से चढ़ चला।

माधो भट्ट सु मुकल्यौ। मिल्यौ जाइ सुलतान ॥
चढ्यौ साहि गोरी सुवर। मिलि वंधन चहुआन ॥ छं० ॥ ६४ ॥
तूंअर अरु चहुआन के। [3]घर बज्यौ वहु दंद ॥
माधौ भट्ट सु मुकल्यौ। वर गज्जनै नरिंद ॥ छं० ॥ ६५ ॥

(१) मो.-टारिग। (२) मो. मम काय। (३) कृ.-धर।

उभै मीत मानैां रहे लग्गि छत्ती। पछें भीर सामंत की आइ पत्ती ॥
षुरासान मारूफ तत्तार जोरी। करें एक फौजं धप्पी साहि गोरी॥
छं० ॥ १२७॥

इत चहुआनं भुजा के भरोसैं। मनों [१]लंघनो सिंघ तुट्टो सरोसैं॥
[२]गढ़ं इंद्पथ्थं सु हायं सु कज्जें। उभै दोन जुट्टे करे पग्ग धज्जें॥
छं० ॥ १२८॥

रसं लूक लग्गै हुए टूक टूकं। रिनं पत्त पट्टैं [३]पुराने अचूकं॥
थटे जाइ आघाट बैकुंठ थानं। मिथ्यौ नट्ट गोटा जिसौ आव जानं॥
छं० ॥ १२९॥

बरं चंग चंगें परी हूर हूरं। रचें रुंडमालं महेसं गरूरं॥
सिवा ओन [४]धप्पी सु कोनौ डकारं। करें षेचरा भूचरा किल्लकारं॥
छं० ॥ १३०॥

उड़ै रेनं गेनं भयौ अंधकारं। पराए न अप्पं न सुझ्झै लगारं॥
इसो भांति भारथ्थ मंतो करूरं। घरी च्यार पंचै रह्यौ रथ्थ हूरं॥
छं० ॥ १३१॥

हरद्वार लों जाइ लायौ सु भग्गौ। सबै सेन भग्गौ तिनं लार लग्गौ॥
रह्यौ पातिसाहं भुजं लाज झल्लै। षरं षंचि साइक्क छंडै सु भल्लै॥
छं० ॥ १३२॥

गनें कौन नामं अनेकं फवज्जं। लग्यौ दाहिमा कै तुरंगम्म कज्जं॥
बड़गुज्जरं कम्मधज्जं पुंडीरं। छलं पारि दोन्यौ करे नाहिं सीरं॥
छं० ॥ १३३॥

धरे सिप्परं अड्ड ह्वै काल भेसं। लियौ संग्रहै चौंडरा गज्जनेसं॥
फटे पारसं सत्त साहस मीरं। परें पंचसै षेत हिंदू सु बीरं॥
छं० ॥ १३४॥

उभै पाहुने कौन चंदं प्रकासे। ढले मुष्ष मंगे प्रथीपत्ति पासे॥
छं० ॥ १३५॥

---

(१) ए.-लंघलं, लंघने,लंघनं। (२) मो.- प्रति "हकं एक एकं सहायं सु कज्जे"।
(२) मो.-सही कें।
(३) ए. कृ. को.-पीनौ।

अपिपत्र सु पढ़मि तुम उदक सह। सो पाओ दूजै जनम॥
तप्पौ सु जाइ बद्री तपह। मत विचार राजस मनम॥ छं० ॥ ६९ ॥

आप सुलतान गोरी के भरमाने में न आइए, उसे तो हमने कई बार बाँध बाँध कर छोड़ दिया है।

तुम गोरी पतिसाह। कहैं जिन [1]मत भरमावहु॥
सत्त ध्रंम साहस्स। काइ पर कहैं गमावहु॥
सामंतनि सुलतान। बार बहु गहि गहि छंड्यौ॥
उन अपत्ति के सथ्थ। सपति तुम मत्त सु मंड्यौ॥
जिम लग्गि जन्म विधवा चरन। अप समान होवन कहै॥
मंगौ सु द्रव्य कारन स भ्रम। कछू अप्प चित्तह चहै॥ छं० ॥ ७०॥

हरिद्वार में आकर दूत अनंगपाल से मिला। सँदेसा सुनते ही अनंगपाल क्रोध से उछल उठा।

अरिल्ल॥ सुनि सु दूत आयौ हरद्वारह। कथ्थि अनग सम सकल दिचारह॥
सुनत श्रवन अति रोस [2]भ्रुकित मनु। जिम सु सिंघ दुक्कत कुलिंग जनु॥
छं० ॥ ७१ ॥

अनंगपाल ने क्रुद्ध होकर पत्र लिखकर दूत को ग़ज़नी की ओर भेजा। पत्र में लिखा कि आप पत्र पाते ही आइए हम और आप मिलकर दिल्ली को विजय करें।

कवित्त॥ अनँगपाल भ्रुकि आप। दूत ढिंग हुंते साह जे॥
तिनहि कह्यौ तुम जाइ। कहौ साहब लिप्पौ ते॥
दिय पत्र [3]तिन हथ्थ। धरा देत न बहुआनह॥
तुम आवहु, चढ़ि अतुर। कूंच पर कूंच मिलानह॥
मिलि अप्प एक एकह सुमंति। लरि सु लेंहि दिल्लिय धरा॥
तुम मत्त छंडि तप बद्रिवर। अब सु पाँइ लप्पें परा॥ छं० ॥ ७२॥

(१) ए. कृ. को.-मन। (२) ए. कृ. को.-झुकत। (३) ए. कृ. को.-फुनि।

आन्यौ साहि हजूर। मिल्यौ प्रथिराज राज वर॥
बैठि साह साहाब। मुष्य देषैं जु [1]सुभर भर॥
बोल्यौ जु राज प्रथिराज वर। अनँगराइ तुम अति सुमति॥
भरमौ सु केम कहिं साहि कौ। इह तौं [2]पति उत्तरि अपति॥
छं०॥ १३८॥

दूहा॥ कहै राज प्रथिराज गुर। सुभर बोलि वर अग्ग॥
अनँग सीस उंच न करै। नाग दमन सिर नग्ग॥ छं०॥ १३९॥

सरदार गहलौत ने कहा इसमें महाराज अनंगपाल का दोष नहीं है यह सब प्रपंच दीवान का रचा हुआ है।

कवित्त॥ कहै [3]गज्जि गहिलौत। कहूं सामंत सुनौ सहु॥
अप्प अनी [4]एकंत। [5]असुर सुरतान वही कहु॥
समुद सजल जल धार। ससी लग्गौ सु कलंकह॥
सूर गिलै रस राह। पंथ लुट्टाइ गोय बहु॥
दसरथ्थ आप काक सु विक्रम। दइ दिवान विपरीत गति॥
पतिसाह कही सुनतें सकल। अनगपाल नट्ठी सुमति॥ छं०॥१४०॥

चामुंड राय का कहना कि कुसंग का यही फल होता है।

दूहा॥ बदै राइ चामंड बर। इह अवस्थ होइ अंग॥
जब सु मानसर तजि करै। हंस काग कौ संग॥ छं०॥ १४१॥

सामंतों ने जितनी बातें कहीं सब अनङ्गपाल नीचा सिर किए सुनता रहा कुछ न बोला।

जिते वचन सामँत कहे। तिते सहे अनगीस॥
पील चीलह सम सुनि रह्यौ। उथ्यौ न ऊरध सीस॥ छं०॥ १४२॥

पृथ्वीराज का शाह को एक घोड़ा और सिरोपाव (खि़ल्लत) देकर छोड़ देना।

(१) मो.-सुर सुभर। (२) ए. कृ. को.-पाविं (३) कृ.-गाजि। (४) मो.-एकंग
(५) ए. कृ. को.-असुरन नं निबही कहूं।

रजोद मोद उप्पली। सपूर सूर पप्पली॥
रिधं सु साहि आतुरं। कंपें सु अंग कातरं॥ छं०॥ ७८॥

लगन्न छीन उल्लहं। पॅड़े जु दूरि दुल्लहं॥
न आन पान जानयं। उड़ान ज्यौं सिंचानयं॥ छं०॥ ७९॥

करंत इल्लगारयं। सु आप सिंधु पारयं॥ छं०॥ ८०॥

सिन्धु पार उतरकर, वीस हजार सेना साथ देकर सुलतान ने तातार ख़ां को अनंगपाल को लाने के लिये हरिद्वार भेजा। तातार ख़ां के आने का समाचार सुनकर अनंगपाल वड़े हर्ष से उससे मिला।

कवित्त॥ सिंधु उतरि सुरतान। कह्यो सम पान ततारह॥
तुम अनगेसह लैन। जाहु जँह तॅह हरिदारह॥
सहस वीस लै सेन। अनॅग सम मिलिय सोनपुर॥
विलम करहु जिन बहुत। अभँग सजि आवहु आतुर॥
करि नवनि पान तत्तार चलि। पहुँच्यौ हरद्वारह सहर॥
करि पवरि तब्ब अति प्रीत तन। मिल्यौ राज अनगेस वर॥
छं०॥ ८१॥

अनंगपाल ने वहुत से घोड़े मोल लिये और सेना भरती करके लड़ाई की तयारी की।

दूहा॥ तहँ तोंअर अनगेस न्नप। लए मोल वहु वाज॥
उभय सहस सेना सजित। रष्पि सुभर किय साज॥ छं०॥ ८२॥

तीन सौ वीर जो अनंगपाल के साथ वैरागी हो गए थे वे भी तलवार बांध कर लड़ने के लिये तयार हुए।

सत्त तीन भर सुभर जे। निज वैराग सरूप॥
तिन बंधी तरवार फिरि। वदलि भेप वहु रूप॥ छं०॥ ८३॥

अरिल्ल ॥ तब सुमंत परधानह पुच्छिय। कहौ मंत्र मंत्री मत अच्छिय ॥
किहिं विधि क्रम्म ध्रम्म जस रष्षै। सुनि परधान एह विधि अष्षै ॥
छं० ॥ १४८ ॥

मंत्री ने कहा कि महाराज आप अब बूढ़े हुए मृत्यु समय निकट है और पृथ्वीराज को दिल्ली आप दे चुके हैं अब इसका मोह छोड़ कर धर्म कर्म कीजिए।

दूहा ॥ अनगपाल तिन पावि ग्रह। अरु बर बंधव साल ॥
हृद्ध जोग वपुजोग धरि। चंपि जरा अरि काल ॥ ॥छं० ॥१४९॥
जोगिनपुर प्रथिराज कौ। दैव दियौ दिन वित्त ॥
मोह बंध बंधन तजे। ध्रम क्रम कीजै चित्त ॥ छं० ॥ १५० ॥

मंत्री का कहना कि संसार के सब पदार्थ नाशमान हैं इस की चिन्ता न कीजिए।

कवित्त ॥ न रहै सर वापीय। अनुप गढ़ मँडप वहुज्जं ॥
न रहै धन वन तरुनि। कूप प्रवत फिरि छज्जं ॥
न रहै ससि रवि भोम। जाइ [1]थावर अरु जंगम ॥
न रहै सात समंद। धरै भंजय सोइ अंगम ॥
जानहु न प्रलै चतुरंग तम। प्रलै इहै सो दिष्षियै ॥
राषौ न चिंत आचिंतका। जीमन मरन विसिष्षियै॥ छं० ॥१५१ ॥

रानी का सलाह देना कि पृथ्वीराज से आधा पंजाब का राज्य ले लो अथवा जो व्यास जी कहें सो करो।

पुनि बरज्यौ न्रप चीय। जीय तिय [2]तीय उतारिय ॥
तजिय मान घरवार। पुच्छयौ व्यास हँकारिय ॥
चाहुआन अरि भज्जि। होइ धर अनग नरेसं ॥
पंच नदी करि अद्ध। बंटि अप्पै अध देसं ॥

---

(१) ए.-अवर अंवर। (२) मो.-मीस।

मिलि साह अनग बैठे सुमत्त । तत्तार षानषाना सुचित्त ॥
कहि अनगपाल न्रप पुब्ब कथ्थ । चहुआन मन न मानैं समथ्थ ॥
छं० ॥ ८७ ॥

जंपै सु साह चढ़ि चलौ प्रात । भंजे सु जुग्गनिय पुरह जात ॥
जो मिलिह अप्प चहुआन आनि । दीजै तौ उभय मिलि प्रान दान ॥
छं० ॥ ८८ ॥

मंनी सु राज अनगेस मन्न । उच्चर्‍यौ तांम तत्तार पन्न ॥
देषो सु अप्प दूतह पठाइय । लिष्यौ सुवत्त सम विषम दाई ॥
छं० ॥ ८९ ॥

चर चारु चाहि हक्कारि लीन । लिपि तत्त पत्त तिन हथ्थ दीन ॥
अनगेस पुच्छि सुत तुम्म अप्प । तुम समपि राज गय बद्रि तप्प ॥
छं० ॥ ९० ॥

करि तप्प आइ फिरि अन्नगेस । दिज्जै सु इनहि हय गय सु देस ॥
आनौ न चित्त चहुआन और । जग्गे सु सामि न विरस्स चौर ॥
छं० ॥ ९१ ॥

भुगई न जाइ पर लेइ बस्त । समपौ सुराइ आनग समस्त ॥
गे चार पहर चारै सु गोइ । कबहूं न धेन वर धनी होइ ॥ छं० ॥ ९२ ॥
यनवार अस्व सौंपै सु राज । ना होइ ओय पति तास बाज ॥
कारसनी छप्पि रष्यौ सुभाय । तिन भोग सुभर रावर [1]सुभाय ॥
छं० ॥ ९३ ॥

अप्पौ सु देस अनगेस रस्स । जिन करौ अप्प मझ्झह विरस्स ॥
भयें विरस सुष्प पावै न कोइ । हम देत सीप तुम हितू होइ ॥
छं० ॥ ९४ ॥

भये वीरस सुष्प कह भयौ षंड । कुल सकल नास भौ वप्पु षंड ॥
अप्पौं न भूमि जो जीय सुद्ध । तौ सजहु आनि इन समहि जुद्ध ॥
छं० ॥ ९५ ॥

ढिय पत्र दूत प्रथिराज जाइ । सुनि श्रवन अप्प बहु दुष्प पाइ ॥
अनगेस राज सुलतान जोर । ऐसे जु सजे कोटिक ओर ॥ छं० ॥ ९६ ॥

(१) मो.-सुजाय ।

पृथ्वीराज ने अनङ्गपाल की बड़ी सेवा की जब तेरह महीने बीत गए तब अनङ्गपाल ने दौहित्र (पृथ्वीराज) से कहा कि अब मुझे बद्रीनाथ पहुंचा दो वहां बैठ कर तप और भगवान का भजन करूं, पृथ्वीराज ने कहा कि आप यहीं बैठकर तप भजन कर सकते हैं।

कवित्त ॥ अनगराइ अति सेव। करै प्रथिराज राज अति ॥
मास एक द्वष वित्त। बहुरि उपजी सु राज मति ॥
कह्यौ पुचि सुत सभह। मोहिं मुक्कलि बद्री दिस ॥
तहां [1]बपु साधन करौं। धरौं [2]हरि ध्यान अहो निसि ॥
बोल्यौ सु राज चहुआन बर। रहौ इहां साधन करौ ॥
तप तुला दान धर्मह बिबिध। ध्यान ग्यान हिरदै धरौ ॥
छं० ॥ १५६ ॥

पृथ्वीराज ने बहुत समझाया पर अनङ्गपाल ने एक न माना उसे बद्रीनाथ जाने की लौ लगी रही। तब पृथ्वीराज ने बड़े आदर के साथ दस लाख रुपया सात नौकर और दस ब्राह्मण साथ देकर उन्हें बद्रीनाथ पहुंचा दिया। अनङ्गपाल वहां जाकर तपस्या करने लगा।

कही सुत्त सोमेस। राज अनगेस न मानी ॥
बपु साधन तप काज। बद्रि दिसि मनसा ठानी ॥
तब पुची बर पुच। लष्ष दह द्रब्य सु अप्पौ ॥
सत अनुचर इक जान। बिप्र दस एक समप्पौ ॥

(१) मो.-तप। (२) ए.-अहि।

चोटक ॥ सजि साज चल्यौ प्रथिराज वरं । सत सामत सूर सपूर भरं ॥
विरदैत महावर वीर वली । तिन सौं किन आत न रार कली ॥
छं० ॥ १०३ ॥

[1]परसैं भिरि भारथ पारथ से । न वदैं अप ऊपर आनन से ॥
जुध कौं तिनके मुष कौंन जुरे । न मुरें मुष धार अनी सुमुरे ॥
छं० ॥ १०४ ॥

सजि साहन सैंन हजार दसं । रह सेर सवान सु वीर रसं ॥
गज [2]सत्त दसं मुर मत्त गजै । तिन देषि बंध्याचल पब्ब लजै ॥ छं० ॥ १०५ ॥
घमके घन घुघ्घर घंट वनं । भननंकत भौरनि झौर भनं ॥
गति देषि तुरंग कुरंग दुरें । तिन के उर अठ्ठन कोट परें ॥ छं० ॥ १०६ ॥
चहुआन चल्यौ चतुरंग दलं । सजि भैरव भूत विताल वलं ॥
चर चौसठ जुग्गिनि सथ्थ चलीं । किलकैं करि भारथ वैर रलीं ॥
छं० ॥ १०७ ॥

चमकंत सनाह सु जोति इसी । सु करं मधि मूरति विंव जिसी ॥
सजि टोप रंगावलि [3]हथ्थ लयं । वनि राज सु [4]पष्षर सा [5]वलयं ॥
छं० ॥ १०८ ॥

दोइ कोस रह्यौ विच साहि दलं । चहुआन निसान वजे सवलं ॥
छं० ॥ १०९ ॥

पृथ्वीराज के पहुंचने का समाचार सुनते ही सुलतान ने अपने सरदारों को भी बढ़ने का हुक्म दिया ।

दूहा ॥ सजि आयौ चहुआन जुध । सुन्यौ श्रवन पतिसाहि ॥
हुकम पान उमरान हुअ । सज्यौ अंग सन्नाह ॥ छं० ॥ ११० ॥

आगे तातार खां को रक्खा, मारूफ खां को बाईं ओर और खुरासान खां को दाहिनी ओर अनंगपाल को बीच में करके पीछे आप हो लिया ।

(१) मो.-पर्सें ।　(२) ए. कृ. को.-सत्त मुरं मदमत गजै ।
(३) ए.-हाथ ।　(४) मो.-परकर ।　(५) मो.-वनयं ।

छुटे नाल गोला हवाई उछंगं। [1]न पिंनं मनों जानि [2]तुट्टे निहंगं॥
करघ्ये चलै बान बानं कमानं। भई अंध धुंधं न [3]सुभ्भैति भानं॥
छं० ॥ ११८॥

मिले सेल भेलं समेलं अपारं। सनाहं फटें होय होवत्त पारं॥
मदं मत्त दंतं उपारै मसंदं। मनों भिल्लिया पब्ब उष्पालि कंदं॥
छं० ॥ ११९॥

लगै नाग नागं मुपी सूर ऐचै। हथनापुरं जानि वल्लिभद्र पैचै॥
झरं ओझरं झार झारं झनंकै। करै गज्ज चिक्कार [4]ताजी किनंकै॥
छं० ॥ १२०॥

छत्रं पूरनं जाम मध्यान जंची। मिले दिट्ठ तत्तार आनंग मंची॥
चलै मातुलं ओर हक्कै कमासं। हन्यो पान पग्गं पहुंचे हहासं॥
छं० ॥ १२१॥

तकै तूंवरं पै लयौ गज्ज राजं। धपे दाहिमा पागरा छंडि वाजं॥
जरी सेल गाढ़ी विचं [5]पीलवानं। वियो घाव कीयौ सु कड्ढै कृपानं॥
छं० ॥१२२॥

कटी दंत लौ सुंड लोही भभक्कै। मनों सारदा कंदरा थी उवक्कै॥
पन्यो कज्जलं कूट ज्यौं तूटि हथ्थी। तजे तूंअरं भज्जिगे सब्ब सथ्थी॥
छं० ॥ १२३॥

भगंदंत वाली किधौं सु प्रतीकं। महा दिग्घ कायं अरज्जुन्न झीकं॥
दवी द्वादसं कोस भू घंट मद्धे। पढ़े वेद बानी पुरानं प्रसिद्धे॥
छं० ॥ १२४॥

पन्यौ दाहिमा भीम ज्यौं गोल कूंडै। घटो काल पथ्यं न सथ्यं उमंडै॥
अलुझ्यो पगं अग्ग में इभ्भ राजं। हरी जेम कूदे करी मध्य गाजं॥
छं० ॥ १२५॥

किलावा रह्यौ पग्ग में लग्ग पासी। ग्रह्यौ जीवतौ बद्रिकाश्रम्म वासी॥
सनद्धं रहि कढ्ढियं अद्ध विद्धी। चढ़ी हथ्थ दिल्ली न कारज्ज सिद्धी॥
छं० ॥ १२६॥

(१) ए. कृ. को.-नछत्रं। (२) मो.-छुट्टे। (३) ए. कृ. को.-सुझ्झेसु।
(४) मो.-बाजी (५) मो. कृ.को.-पति।

शहाबुद्दीन को चावंड राय ने पकड़ लिया, पृथ्वीराज की जय हुई सात हज़ार मुसलमान और पांच सौ हिन्दू मारे गए।

कवित्त ॥ बंधि साहि साहाब। लियौ चावंड राय बर ॥
हय कंधह लै डारि। गयौ निज सथ्थ सेन नर ॥
नीर उतरि पतिअसुर। पेत ढुंढ्यौ प्रथिराजं ॥
मुसलमान सत सहसं। परे सामथ करि काजं ॥
पंच सै सुभर हिंदू सु परि। उभै सत्ति भोरी सु जगि ॥
जित्यौ सु राज सोमेस सुअ। [1]घनै जैत वज्जै वजिग ॥ छं० ॥१३६॥

पृथ्वीराज का सुलतान को क़ैद में भेज कर अनंगपाल को आदर सहित दरबार में बुला कर उन के पैर पड़ना।

मुसलमान धर गह्नि। दाग निज सुभर दिवायौ ॥
लियें जीति प्रथिराज। समह सामंत घर आयौ ॥
सभा बैठ भर सुभर। कह्यौ कैमास राइ गुर ॥
अनगेसह लै आउ। चल्यौ मंचीं सु लेन घर ॥
आन्यौ सु राज अनगेस तंह। प्रथीराज लग्गौ सु पय ॥
सनमान प्रान अति प्रीति सों। भाव भगत राजन करय ॥ छं० ॥१३७॥

दाहिम राव को हुक्म देकर सुलतान को दरबार में बुलाना, उसके आने पर पृथ्वीराज का अनंगपाल से कहना कि आप तो बड़े बुद्धिमान हैं आप इस शाह के बहकाने में क्यों आ गए ?

दियौ हुकम दाहिम्म। ल्याउ दीवान साह कहु ॥
सब देषें सामंत। मुक्कि आनन अपत्ति बहु ॥

(१) ए. कृ. को.-वजै।